वैशाख कृष्ण पक्ष 10
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
23 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-186
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### एसीबी ने पूर्व मुखिया को किया गिरफ्तार

**केतार।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की अचानक कार्रवाई से मंगलवार को केतार बाजार समेत आसपास के सरकारी कार्यालयों में हड़कंप मच गया। एसीबी की टीम के आगमन की सूचना फैलते ही विभिन्न विभागों के कई कर्मी कार्यालय छोड़कर क्षेत्र भ्रमण पर निकल गए। कई ने अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया। कुछ कर्मियों ने कॉल रिसीव करना भी बंद कर दिया। इस दौरान एसीबी की टीम ने बलिगढ़ पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद यादव को उनके चेचेरिया गांव से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, लगभग चार वर्ष पूर्व सुरेंद्र यादव को पलामू एसीबी टीम ने भवनाथपुर में एक मामले में रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। उस मामले में उन्हें जमानत मिली थी, लेकिन जमानत की शर्तों के उल्लंघन के बाद उनकी पुनः गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम उन्हें पहले केतार थाना ले गई। वहां से उन्हें मेदिनीनगर स्थित कार्यालय ले जाया गया।

### सिलिगुड़ी में कल से होगा अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन



**रांची/सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी में नौवें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन का आयोजन आगामी 24 और 25 अप्रैल को होगा। सम्मेलन का आयोजन सिलीगुड़ी के फांसीदेवा के विधाननगर स्थित संतोषिनी हाईस्कूल मैदान में होगा।
समारोह का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस सम्मेलन में पश्चिम बंगाल और सिक्किम के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल में पहली बार संथाल सम्मेलन होने जा रहा है। सम्मेलन में पद्मश्री जमुना टुडू, चामी मुर्मू, दमयंती बेसरा, लांगतिती किस्कू तथा डोंगर टुडू को सम्मानित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, सम्मेलन के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए है। सम्मेलन में देश-विदेश के एक हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में भाषा, साहित्य, लिपि, संस्कृति, रीति-रिवाज सहित विभिन्न मामलों पर विचार मंथन किया जाएगा। इस दौरान सभी विषयों पर विचार-मंथन के लिए संथाल समाज के जानकार बुद्धिजीवी आमंत्रित किए गए हैं।

### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित

# गढ़वा की बेटी छाया ने यूपीएससी में लहराया परचम

- 530 वां ऑल इंडिया रैंक, बीपीएससी में भी सफल रही है
- वर्तमान में बिहार के गया जिला में श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी के पद पर कार्यरत है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव की रहने वाली छाया कुमारी ने यूपीएससी में 530 वा ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर गांव तथा जिला का नाम रौशन किया है। छाया की सफलता पर पिता सुनील दुबे तथा गृहणी मां सीमा देवी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। सुनील दुबे ने बताया कि छाया बचपन से ही प्रतिभाशाली थी। पढ़ाई के प्रति समर्पित तथा हमेशा आगे बढ़कर कुछ करना चाहती थी। सुनील दुबे के अनुसार गांव से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद छाया ने गढ़वा के शांति निवास स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा दी। गढ़वा जिला में तीसरा स्थान प्राप्त की थी। आईएससी में नवोदय विद्यालय कोडरमा से जिला टॉपर, बीएससी, एमएससी नामधारी कॉलेज गढ़वा से की। एमएससी में छाया गोल्ड मेडल प्राप्त की थी। छाया की प्रतिभा व पढ़ाई के प्रति समर्पण को देखते हुए सुनील दुबे ने अपनी माली हालत अत्यंत खराब होने के बाद भी यूपीएससी की तैयारी के लिए उसे दिल्ली भेजा। सुनील शेष पेज 11 पर



### दुमका के सौरभ को यूपीएससी में 49वां रैंक



**दुमका।** दुमका के 28 वर्षीय सौरभ सिन्हा ने चौथी बार में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में सफलता हासिल की। साधारण परिवार के सौरभ सिन्हा ने यूपीएससी में 49वां रैंक हासिल कर दुमका जिले का मान बढ़ाया है। सौरभ के पिता प्रियव्रत सिन्हा उर्फ पिंटू जिला अधिवक्ता संघ, दुमका कार्यालय के प्रधान क्लर्क के रूप में कार्यरत हैं। बेहद ही शालीन और सौम्य प्रियव्रत सिन्हा ने बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अन्य बच्चों के लिए संदेश देते हुए कहा कि लगन व परिश्रम से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। भले ही देरी से सही लेकिन शेष पेज 11 पर

### प्रयागराज की शक्ति दुबे ने किया टॉप



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2024 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा में प्रयागराज की शक्ति दुबे ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, हर्षिता गोयल ने दूसरा, डोंगरे अर्चित पराग ने तीसरा, शाह मार्गी चिराग ने चौथा, आकाश गर्ग ने पांचवां, कोमल पुनिया ने छठा और आयुषी बंसल ने सातवां स्थान हासिल किया है। शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। उनकी शैक्षणिक योग्यता देश के प्रमुख संस्थानों जैसे आईआईटी, एनआईटी, शेष पेज 11 पर

### सीएम सोरेन ने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों व विशेषज्ञों से की मुलाकात, कहा-

# झारखंड आएं, निवेश के लिए तैयार है राज्य

- टेस्ला ग्रुप एएस ने दिया गीगा फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव
- स्टार्टअप मेंटरशिप, क्लीन एनर्जी समेत कई क्षेत्रों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर हैं। उन्होंने स्पेन के बार्सिलोना में कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं और राज्य में निवेश की संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की।
मुख्यमंत्री सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों एवं प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से मुलाकात की। इस क्रम में स्टार्टअप मेंटरशिप, क्लीन एनर्जी, पर्यावरणीय स्थिरता, सप्लाई चेन, बायो-फार्मास्यूटिकल्स, खेल विपणन, क्रिकेट टीम ओनरशिप, डीप-टेक बी2बी मार्केटिंग, लीगल, डेंटिस्ट्री और मेडटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए और झारखंड में एक जीवंत स्टार्टअप ईकोसिस्टम के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को झारखंड आने और राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया।
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टेस्ला ग्रुप एएस (चेकोस्लोवाकिया) के सीईओ एवं सह-संस्थापक डुशान लिचार्डस से भी भेंट की। उन्होंने झारखंड में एक गीगा (जीआईजीए) फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जो वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों के असेंबली पर केंद्रित होगी। यह संयंत्र नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में कंपनी के रोमानिया के ब्रेइला में किए गए निवेश के समान होगा।
प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि झारखंड में स्टार्टअप्स और उनके मेंटर्स का मैपिंग किया जाए और उन्हें वैश्विक इनक्यूबेटरों से जोड़ा जाए। खाद्य प्रसंस्करण, विशेष रूप से झारखंड के कटहल और टमाटर जैसे उत्पादों के मूल्यवर्धित प्रसंस्करण में निवेश की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त, पारंपरिक चिकित्सा (होड़ोपैथी), अनुसंधान एवं विकास, फार्मास्युटिकल, मेडटेक शेष पेज 11 पर




**मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त, स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद रहेगा**

**मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त, स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद रहेगा**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आश्वस्त किया कि स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद, बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ताकि, सहयोग की दिशा में ठोस प्रगति हो सके। राज्य सरकार प्राप्त सुझावों को नीतियों के मूल्यांकन एवं अद्यतन करते समय ध्यान में रखेगी। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय प्रगति की है और निवेश को शीघ्र एवं सहज रूप से धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

**फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण को आरसीडी एस्पान्योल ने दिया एमओयू का प्रस्ताव**
झारखंड सरकार को आरसीडी एस्पान्योल फुटबॉल क्लब ने खेल विकास, विशेषकर फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव दिया। यह सहयोग बार्सिलोना के उत्कृष्ट खेल इकोसिस्टम, झारखंड में खेल खास कर फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देगा।

# झारखंड व बिहार में 16 ठिकानों पर ईडी का छापा



- वन भूमि घोटाले से जुड़ा है मामला, कई बड़े खुलासे की संभावना

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड और बिहार के विभिन्न जिलों में मंगलवार को जमीन घोटाले मामले में बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने रांची, बोकारो, रामगढ़ सहित झारखंड और बिहार के कुल 16 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई सुबह करीब सात बजे शुरू की गई थी। ईडी की यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है।
जानकारी के अनुसार, बोकारो के मौजा तेतुलिया क्षेत्र में 103 एकड़ संरक्षित वन भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त और धोखाधड़ी से अधिग्रहण से जुड़ा मामला सामने आया है। जमीन की खरीद में फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल और सरकारी नियमों की अनदेखी की बात भी सामने आई है।
रांची स्थित हरिओम टावर बिल्डिंग में स्थित राजबीर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के कार्यालय पर भी ईडी की टीम ने छापा मारा। ईडी इस मामले में तमाम कंपनियों और व्यक्तियों की भूमिका की गहराई से जांच कर रही है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि ईडी की इस छापेमारी से कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार, करीब 103 एकड़ वन भूमि की खरीद-बिक्री के आरोप को लेकर वर्ष 2024 में बोकारो के सेक्टर-12 थाने में केस दर्ज किया गया था। इसके बाद सीआईडी ने इसकी जांच शुरू की थी। सीआईडी की शुरूआती शेष पेज 11 पर

### दिल्ली में चल रही है 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता

# झारखंड की खुशबू तिर्की को मिला रजत

- जेएसएसपीएस की प्रशिक्षु पहलवान हैं खुशबू

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता 2024-25 के पहले दिन झारखंड की पहलवान खुशबू तिर्की ने एक रजत पदक पर कब्जा जमाया। उन्हें रजत पदक 40 किलोग्राम (अंडर-17) वर्ग में मिला है। यह प्रतियोगिता 26 अप्रैल तक चलेगी। ज्ञात हो कि खुशबू तिर्की झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) की प्रशिक्षु पहलवान हैं।
खुशबू तिर्की ने अपनी पहली कुश्ती में असम की पहलवान को हरा दिया। इसके बाद अपनी दूसरी कुश्ती तमिलनाडु के पहलवान से जीतीं। उन्होंने सेमीफाइनल में दिल्ली की पहलवान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वे फाइनल में हरियाणा की पहलवान से बहुत ही नजदीकी अंतर से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। झारखंड विद्यालय कुश्ती टीम की पहलवान खुशबू तिर्की के रजत पदक जीतने पर शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह, शिक्षा निदेशक शशि रंजन, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, के रवि कुमार, भोलानाथ सिंह, शिक्षा विभाग राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीर सेन सोरेंग, महासचिव रजनीश कुमार, बिजय शंकर सिंह, सभी जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष व सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार तथा शिक्षा विभाग ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# कश्मीर में आतंकी हमला, कई लोगों के मारे जाने की आशंका

- कई लोग घायल, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- मैं स्तब्ध हूं
- एलजी सिन्हा ने कहा, हमले के पीछे जो लोग हैं, उन्हें सजा मिलेगी
- अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस समय सपरिवार भारत दौरे पर हैं

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आतंकवादियों ने कश्मीर घाटी के पहलगाम में मंगलवार को एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। बहुत से लोग घायल भी हो गए हैं। हमले के बाद सेना, सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस बैसरन घास के मैदानों में पहुंच गई। हमलावरों की तलाश में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया है और सुरक्षा बलों को सभी दिशाओं में तैनात किया गया है। विश्व के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत के दौरे पर, विश्व के सबसे ताकतवर देश की सबसे ताकतवर खुफिया एजेंसी एलर्ट मोड में, भारत की भी शेष पेज 11 पर

### कायराना और झकझोर देने वाला आतंकी हमला : हेमंत सोरेन



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कायराना और झकझोर देने वाला बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर ट्वीट किया, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला झकझोर देने वाला है। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। हमले में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## इंडिया

# गुणवत्ता खोने से पुस्तकें अप्रासंगिक हुईं पाठकों को नवाचार चाहिए



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

कभी एक समय था जब दैनिक समाचार पत्र से लेकर साप्ताहिक पत्रिकाओं के लिए लोग टकटकी लगाए बैठे रहते थे अब टीवी के बाद स्मार्ट फोन ने हमें गंभीर अध्ययन से विमुख कर दिया है और बहुत कम लोग पुस्तकें पढ़ना चाहते हैं। पहले यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशनों पर एएच ह्वीलर्स के स्टॉल की देशव्यापी श्रृंखला बच्चों से लेकर बड़ों की मंजिल हुआ करती थी और अनेक यात्री घात लगाए बैठे रहते थे कि कब पत्रिका या किताब पढ़ रहा यात्री थक कर सोने लगे तो उससे मांगकर पढ़ा जाए । अब इस श्रृंखला की दुकानों में गुटका, चिप्स, कुरकुरे और कोल्ड ड्रिंक के लिए भीड़ लगती है क्योंकि टीवी से लेकर फिल्में तक उन्हें अलौकिक साबित करने के विज्ञापनों की होड में लगे हैं । ट्रेनों में घूम-घूमकर किताबें पत्रिकाएं बेचने वाले अब गुटका और बोतलबंद पानी बेचते हैं क्योंकि मांग उसी की है । बहुत से लोग मानते हैं कि सूचना क्रांति के इस दौर में किताबों या पत्रिकाओं की अवश्यकता ही कहां है ? क्या यह सच है ? शायद नहीं मोबाइल क्रांति ने सूचनाओं को पहुंचाने की गति तेज जरूर की है पर गंभीर और असली ज्ञान अभी भी मुद्रित पुस्तकों या पत्रिकाओं में है जिसकी हेडलाइन्स या सार हम मोबाइल,टैब या लैपटॉप पर देख पाते हैं क्योंकि इस तेज गति ने हमसे हमारी बहुत बड़ी पूंजी हामारी एकाग्रता और धैर्य छीन लिया है जिस कारण हम 30 सेकेंड की बकवास और अश्लील रील के जाल में 30 मिनट बर्बाद तो कर सकते हैं पर छपी हुई या किंडल या ई एडिशन वाली किताब यहां तक कि बोलने वाली किताबें भी पढ़ नहीं पाते । हम जल्द से जल्द बहुत कुछ जानने या सीखने के लिए उतावले हैं पर ऐसा कोई शॉर्ट कट नहीं जो हमें कला,विज्ञान, संस्कृति, राजनीति,पत्रकारिता या किसी भी उपयोगी विषय की जानकारी चंद मिनटों में दे सके । यदि ऐसा होता तो बिना स्कूल कॉलेज या विश्वविद्यालय गए बड़े -बड़े विशेषज्ञ निकलते और मुद्रित पुस्तकें इतिहास बन जातीं । किताबें हमारे जीवन की सबसे अच्छी साथी होती हैं। जब भी हमें उनकी आवश्यकता होती है वे हमारे लिए उपलब्ध होती हैं। वे हमारे आदर्श, मार्गदर्शक या सर्वकालिक शिक्षक के रूप में भी हमारे जीवन में शामिल होती हैं। हममें से कई लोगों को अपने खाली समय में या सोने से पहले किताबें पढ़ने की आदत होती है क्योंकि पढ़ने से अवांछित तनाव पर काबू पाने में भी मदद मिलती है। यह हमें एक अलग ही दुनिया में ले जाती है जिसे हम सुकून की दुनिया कह सकते हैं। लोगों के विपरीत किताबें कभी भी बदले में कुछ भी नहीं मांगती, बल्कि हमारे ज्ञान और रचनात्मकता को बढ़ाने में हमारी मदद करती हैं। छात्र जीवन, संघर्ष की एक अनूठी दास्तान होती है और इस के दौरान संघर्ष की सच्ची साथी होती हैं किताबें। किताबें जीवन में निर्णय लेने की कला सिखाती हैं। आखिरकार हमारा जीवन हमारे निर्णयों का ही तो परिणाम होता है। कुछ महान व्यक्तियों की आत्मकथाओं वाली कई पुस्तकें हैं। ये किताबें छात्रों को उन लोगों के जीवन से प्रेरित होने में मदद कर सकती हैं जिनसे वे अपने जीवन में प्रभावित रहते हैं। रोजाना कुछ घंटों के लिए पढ़ना शब्दावली के साथ-साथ भाषा कौशल के निर्माण में भी मददगार साबित होता है। पढ़ने के दौरान हम काल्पनिक दुनिया में अपने आप चले जाते हैं। हमारे मन में चित्र बनने लगते हैं। यह हमारी स्मरण शक्ति को भी बढ़ाता है। यह बिल्कुल सत्य भी है जो फिल्म और किताब के बीच के अंतर को स्पष्ट करती है। किताब पढ़ना एक दिन में पूरा नहीं किया जा सकता है। हमारे पढ़ने के लिए दिए गए समय के अनुसार इसे कई दिनों तक जारी रखा जाता है। जब हम अलग-अलग अध्यायों को पूरा करते हैं तो कहानी की किताब या उपन्यास पढ़ने से हमें दिन-ब-दिन एक बड़ी जिज्ञासा होती है। हम कल्पना की दुनिया में ऐसे खो जाते हैं जैसे कहानी सच में घटित हो रही हो। किताबें पढ़ने से हमें फिल्में देखने से ज्यादा सटीक जानकारी मिलती है। यह हमें ध्यान केंद्रित करने और हमारी ध्यान केंद्रित करने की शक्ति को बढ़ाने में भी मदद करता है। इन सबके साथ ही यह हमारी कल्पना शक्ति और रचनात्मकता को भी बढ़ाता है। इतना कुछ होते हुए भी पुस्तकों या पत्रिकाओं की लोकप्रियता कम क्यों हुई बहुतों के प्रकाशन भी बंद हो गए ? इसका बड़ा कारण है हमारी या विशेषतया युवा पीढ़ी के ज्ञान का स्तर का बढ़ना जो पुस्तकें या पत्रिकाएं अप्रासंगिक हुईं हैं उन्होने समय के हिसाब से अपने को अपडेट नहीं किया और जो बातें हम पहले से जानते हैं उसे पुराने अंदाज में रखने से उनकी मांग कम हुई । आज ज्ञान के लिए लाखों खर्च करने वाले लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप जो प्रकाशन बाजार में होंगे उनकी मांग बनी रहेगी । बहुत से लोगों ने अपने को लेखक,पत्रकार या कवि साबित करने या विशुद्ध व्यापार के लिए स्तरहीन पुस्तकें,पत्रिकाएं प्रकाशित कराईं जिससे पाठक विमुख हुए।





# सुप्रीम कोर्ट निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई को तैयार

- अगले हफ्ते होगी सुनवाई

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने अवमानना याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से मंगलवार को पेश वकील ने इस मामले को मेंशन करते हुए कहा कि निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस के खिलाफ मानहानि करने वाले बयान दिए हैं। ये बयान वक्फ मामले और राष्ट्रपति और राज्यपाल को निर्देश देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद दिए गए हैं। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। निशिकांत दुबे ने कहा है कि देश में गृहयुद्ध की स्थिति के लिए चीफ जस्टिस जिम्मेदार हैं। इस बयान के वायरल होने के बाद लोग सोशल मीडिया पर अनाप-शनाप टिप्पणी कर रहे हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि उन्होंने निशिकांत पर कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के लिए अटार्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को लिखा था, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इस पर सरकार भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उसके बाद जस्टिस गवई ने इस याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के वकील ब्रजेश सिंह ने अटार्नी से निशिकांत दूबे और पश्चिम बंगाल से भाजपा विधायक अंगमित्रा पॉल के खिलाफ भी अवमानना की कार्रवाई चलाने की मांग करते हुए अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी को पत्र लिखा है। 21 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में भी इस मामले को जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन किया गया था।

# चापानल मरम्मत व रख-रखाव का काम ठप

## 100 से अधिक चापानलों में खराबी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गर्मी चरम पर बढ़ता जा रहा है। आने वाले दिनों में भी तापमान में गिरावट अथवा गर्मी से राहत के आसार दिखाई नहीं दे रही है। चापानल की मरम्मत और रख-रखाव का काम एक सप्ताह से ठप कर दिया गया है। बताया गया कि इस काम के लेबर सप्लायर का एक साल से भुगतान नहीं मिला है। अब तक इस काम में लगे मिस्त्रियों और मजदूरों का मान मनौव्वल से चापानलों की मरम्मत और रखरखाव होता रहा था। लेकिन अब ठेकेदार ने इससे हाथ खड़े कर दिए हैं। यह स्थिति पूरे जिले की बताई जाती है। बताया जाता है कि अकेले हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज प्रखंडों से 100 से अधिक चापानलों की खराबी की शिकायत दर्ज करवाई गई है। जल स्तर में भी तेजी से गिरावट आई है। नदी-नाले भी सूख गए हैं। ऐसे में चापानलों की खराबी होती चली गई, तो पेयजल उपलब्ध होना मुश्किल हो सकता है।

# अवैध ईंट भट्ठे का धड़ल्ले से हो रहा संचालन

## सरकारी राजस्व का हो रहा नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठे का कारोबार धड़ल्ले से संचालित होने से सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है। खनन विभाग को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व की हानि होने साथ पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। अवैध ईंट भट्ठा संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद हैं। बता दें कि पांकी प्रखंड के केलहवा, माड़न, संगलदीपा, डंडार, सागलीम, तेतराई सहित अन्य पंचायतों में इन दोनों बड़े पैमाने पर सैकड़ो अवैध ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर जंगलों की अवैध लकड़ियां, अवैध कोयले को भी खपाया जाता है। प्रशासन द्वारा आए दिन खनन विभाग को अवैध रूप से संचालित होने वाले ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाता है, बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्रों में हर साल बड़ी तादाद में अवैध ईंट का काला कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ईंट भट्ठों का कारोबार बगैर विभागीय अनुमति और रॉयल्टी जमा किए धड़ल्ले से चल रहा है, जिससे खनन विभाग को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध ईंट भट्टों पर ना तो प्रशासनिक लगाम लग पा रहा है और ना ही किसी तरह रॉयल्टी वसूली हो पा रही है। बावजूद ईंट की कीमत आसमान पर है। पीएम आवास, अबुआ आवास निर्माण लिए इन दोनों प्रखंड क्षेत्र में लाल ईंट की मांग अधिक बढ़ गई है, जिससे नए-नए ईंट भट्ठे संचालक भी पैदा हो रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत प्रधानमंत्री आवास योजना व अबुआ आवास योजना के लाभुको को उठाना पड़ रहा है। आवास योजना के लाभुकों को प्रथम किश्त में जितने रुपए मिलते हैं उतने में पर्याप्त ईंट खरीदना भी मुश्किल पड़ रहा है।

# शौचालय नहीं होने से महिला-पुरुष यात्रियों को होती है परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** राजहारा-पंडवा मोड़ पर शौचालय नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों सहित हजारों यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय का निर्माण भी कराया गया। लेकिन राजहारा- पंडवा जहां हजारों यात्रियों का नियमित आना-जाना होता है, वहां शौचालय निर्माण की प्रति किसी ने नहीं सोचा। शौचालय नहीं होने के कारण राहगीर व यात्री यत्र तत्र मल मूत्र का चारों तरफ गंदगी फैलाया जा रहा है। प्रमुख विद्या देवी व जिला परिषद द्वारा समय-समय पर इसकी मांग प्रखंड व जिला में आयोजित होने वाली बैठक में उठाया जाता रहा है। लेकिन इसके प्रति प्रशासन या जिम्मेवार व्यक्ति कोई भी आगे बढ़कर पहल नहीं करना चाहता।

## अज्ञात शव मिला

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज व सतबहिनी रेलवे स्टेशनों के बीच पोल संख्या 345/13 भीम चूल्हा टनल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव रेल ट्रैक के किनारे मंगलवार को पड़ा मिला है। मोहम्मदगंज थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि कोई व्यक्ति इन्हें पहचानते हैं, तो इनके परिजनों या थाना को सूचना दे।

## एक नजर

### 10 साल के बाद भी स्टेडियम निर्माण नहीं

**नौडीहा।** प्रखंड के खिलाड़ी के सपने पूरा अब तक नहीं हो पाया। बताया जाता है कि नौडीहा प्रखंड के श्याम बिहारी सिंह उच्च विद्यालय में वर्ष 2010 में झारखंड सरकार के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने प्रखंड में खेल स्टेडियम का निर्माण करने के लिए सीओ से स्थान की सूची मांगी थी। बीडीओ ने श्याम बिहारी सिंह उच्च विद्यालय में स्टेडियम निर्माण के लिए झारखंड सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा था। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया चालू हुई। मगर बीच में 10 साल बीत जाने के बावजूद भी ना तो खेल स्टेडियम का निर्माण हुआ ना टेंडर फाइनल हुआ। इस बाबत अधिकारियों से पूछने पर बताया जाता है इसके लिए सरकार को पत्र लिख दिया गया है। बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष तिलक कुमार सिंह, बसंत चंद्रवंशी ने कहा कि प्रखंड का जिस उद्देश्य निर्माण कराया गया था वह पूरा नहीं हो पाया।

### जेएनवी 2 जपला के नामांकन प्रभारी ने कई बीआरसीसी पर फर्जी आधार आईडी बनाने का आरोप

**हुसैनाबाद।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू 2 के नामांकन प्रभारी आशमुनी प्रसाद ने कई प्रखंडों के बीआरसीसी पर नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफल बच्चों के आधार आईडी व स्थानांतर प्रमाण पत्रों में गलत तरीके से हेरफेर करने का आरोप लगाया हैं। उन्होंने बताया कि पिपरा, हरिहरगंज, उंटारी, छतरपुर ऐसे कई प्रखण्ड के बच्चे नवोदय कक्षा छह चयन प्रवेश में परीक्षा में सफल हुए हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश बच्चों का आधार आईडी, पिन कोड दूसरे स्कूल में नामांकन व स्थानांतरित प्रमाण पत्र दूसरे स्कूल से मिल रहा हैं, जिससे नामांकन लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि इससे एक ओर जहां मेधावी छात्र छात्राओं का हक मारा जा रहा है, तो दूसरी तरफ बीआरसीसी के मिलीभगत से डाटा एंट्री करने वालों की कलई खुल रही हैं। इससे जाहिर होता हैं कि अधिकांश बच्चे सरकारी स्कूल में नामांकित तो हैं, लेकिन उसकी पठन-पाठन निजी व बड़े विद्यालय से चल रही हैं । उन्होंने कहा कि सभी मामलों को गंभीरता पूर्वक जांच कर रहे हैं। गलत करने वाले प्रधानाध्यापक पर भी कानूनी कार्रवाई करने के लिए विभाग को लिखित सूचना दी जाएगी।

# मकान में लगी आग लाखों का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के रतनपुर पंचायत अंतर्गत जीरो गांव निवासी परदेसी भुइयां के मकान में मंगलवार की दोपहर अचानक आग लग जाने से मकान में रखा अनाज कपड़े सहित पूरा कच्चा मकान जलकर नष्ट हो गया। आगलगी कि इस घटना से भुक्तभोगी को लाखों की क्षति हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे रतनपुर पंचायत के मुखिया सूरत उरांव ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। घटना के संबंध में भुक्तभोगी ने बताया कि आग कैसे लगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि मकान में रखस सारे सामान जलकर नष्ट हो गया। इस घटना से उनका पूरा परिवार बेघर हो गया है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों समेत प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# विधायक ने एक करोड़ लागत की से 16 योजनाओं का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को करीब एक करोड़ की लागत से कुल 16 योजनाओं का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। इन योजनाओं में पीसीसी रोड़, आरसीसी नाली व पथ निर्माण आदि कार्य शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है । पूरे विधानसभा में विकास योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार छात्र, मजदूर , किसान, युवा वर्ग, महिला सभी के लिए संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, जेइ नीरज गुप्ता, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह, सुशील सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, महादेव यादव, गेंदालाल यादव, जितेंद्र दास, राजकुमार पासवान, अशोक यादव, अशोक जायसवाल, टुडे आलम, इंजीनियर संजय यादव, आनंद यदुवंशी, कमलेश यादव, दीपक यादव, उमा यादव, रामप्रवेश यादव, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, मुखिया जितेंद्र पासवान, रंजीत पासवान, श्याम पासवान, कुंदन यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बीडीओ ने पंचायतों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार में सभी पंचायतों में पेयजल की समस्या तत्काल दूर करने को लेकर जल सहिया के साथ बैठक मंगलवार को हुई। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा व जल व स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने ग्राम पंचायतों में वर्तमान में उपलब्ध आमजनों के लिये पेयजल के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जल सहियाओं से संग्रहित चालू और खराब पड़े चापानल व जलमीनार के रिपोर्ट की समीक्षा की। प्राप्त रिपोर्ट में बंद चापानल व जलमीनार को दुरुस्त कराने को लेकर इस पर होने वाली अनुमानित खर्च का विवरण भी तैयार कर लिया गया है। इसे 24 अप्रैल को जिले के उप विकास आयुक्त ने उनके कार्यालय में भेजने के निर्देश दिया है। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पीएचईडी के जेई व एई को इस कार्य के प्रति सजगता और सक्रिय रहने का निर्देश उप विकास आयुक्त ने दिया है। आदेश के आलोक में जल सहिया के साथ की गई बैठक में सभी अद्यतन रिपोर्ट समर्पित कराने में प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने सभी जल सहियाओं के समन्वय के साथ शेष बचे अपने कार्य क्षेत्रों के चापानलों, जलमीनार की स्थिति की जानकारी संबंधित विभाग को अविलंब देने का निर्देश दिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जल सहियाओं को पूरी तत्परता से जल की गुणवत्ता, जल संरक्षण पर समुदाय को कई बिंदुओं पर जागरुक करने का निर्देश दिया। उन्होंने पोषण पखवाड़ा के दौरान जल सहियाओं के कार्य और इनकी सक्रियता की सराहना की। उन्होंने 24 अप्रैल को प्रस्तावित उप विकास आयुक्त के साथ बैठक में प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि, प्रखंड पेयजल समिति के जेई महेन्द्र राम को भाग लेने का निर्देश दिया। जेई ने प्राप्त सभी रिपोर्ट का अवलोकन कर इस पर व्यय होने वाली अनुमानित खर्च का रिपोर्ट के साथ उप विकास आयुक्त कार्यालय को जमा करने का आश्वासन दिया है।



# विधायक आज करेंगे प्रखंड में सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर में 23 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे आवश्यक बैठक बुलाई गई है। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी, प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है। इस संबध में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने लिखित सूचना जारी कर बताया है कि इस बैठक में क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह मुख्य रुप से भाग लेकर सभी अधिकारी, प्रतिनिधि से क्षेत्र की संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। साथ कई योजनाओं के गति पर भी चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में सभी नामित विभागों के अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर सामूहिक रुप में लिखित सूचना जारी कर दी गई है। इस संबध में विभिन्न स्तरों से जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, सभी पंसस, मुखिया, सांसद व विधायक प्रतिनिधि, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, थाना प्रभारी, एसबीआई व ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दे दी गई है। इसके अलावा प्रखंड पशुपालन, कृषि, शिक्षा प्रसार व आपूर्ति, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (आईएसएलपीएस), प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, पीएचईडी व विद्युत विभाग के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, प्रखंड के कनीय अभियंता, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त। (पीएमएवाई - जी), पंचायत सचिव, जन सेवक को प्रस्तावित बैठक में उपस्थिति रहने का निर्देश दिया गया है।

# हेमंत सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है: प्रशांत किशोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के चराई-2पंचायत अंतर्गत खड़ार गांव में लघु सिंचाई विभाग द्वारा दहवाही नाला पर पक्का चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास कांग्रेस पार्टी के युवा नेता समाजसेवी प्रशांत किशोर की। मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि 46 लाख की लागत से बनने वाले इस चेकडैम के माध्यम से अगर हम जल संचयन कर ले तो यह किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान की हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। राज्य के वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक राधाकृष्ण किशोर की यह सोच है कि राज्य तभी विकास करेगा जब यहां के किसान खुशहाल होंगे। इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्याय मिथिलेश सिंह, छतरपुर नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष मोहन जायसवाल, अशोक सोनी, आलोक यादव, संतोष पाठक, राजकमल तिवारी, लालगढ पंचायत के मुखिया लाल बिहारी यादव, डागरा पंचायत के मुखिया विनोद सिंह, सोनू सिंह, गुंजन कुमार, टॉन वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रखंड क्षेत्र में कुपोषण दूर करने व आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**


**नावाबाजार।** पोषण पखवाड़ा के तहत 8 से 22 अप्रैल के बीच विकास सहयोग केंद्र द्वारा नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के कमजोर जनजातीय समूह परहिया बाहुल्य क्षेत्र के तीन गांव सिंजो,हताई व ठेकही आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की वृद्धि अनुवीक्षण व जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के बच्चों,गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण के स्थिति का आकलन करना, साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों की मौजूदा स्थिति की जांच कर उसमें सुधार के लिए आवश्यक कदमों की पहचान करना है। अभियान के तहत पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ हर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की ऊंचाई, वजन व मिड अपर आर्म सर्कमफेरेंस मापकर कुपोषण की स्थिति का मूल्यांकन किया जाना है। सर्वेक्षण के दौरान 115 बच्चों व 22 गर्भवती महिलाओं के अलावा 32 स्तनपान कराने वाली माताओं की जांच किया गया। जिसमें कई चिंताजनक तथ्य सामने आए। इसके अलावा शिक्षा की स्थिति भी चिंताजनक थी, क्योंकि किसी भी केंद्र में पूर्व-स्कूली बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री उपलब्ध नहीं थी और एक कर्मचारी को 40 बच्चों को संभालना पड़ रहा था। इस अभियान के तहत कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण किट वितरित की गईं। अभियान ने पीभीटीजी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करने। बुनियादी ढांचे को सुधारने और टेक-होम राशन, स्वास्थ्य निगरानी और प्रारंभिक शिक्षा जैसी सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अलावा भोजन से पहले हाथ धोने जैसी स्वच्छता आदतों को बनाये रखने के लिये सेविका को साबुन व तौलिया भेंट किया गया। मौके पर विकास सहयोग केंद्र संस्था के जवाहर मेहता, सुभद्रा पाणिग्रही, मुनेश्वा सिंह, अवध सिंह, सुचिता मिंज, बसंती देवी, शिल्पा कच्छयप, राम बचन यादव, सदीप कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज बॉक्स

### पोषण पखवाड़ा का समापन

**हुसैनाबाद।** मिडिल स्कूल हुसैनाबाद में पोषण पखवाड़ा का समापन किया गया। जिसमें बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई। हुसैनाबाद के एचएम कन्हैया प्रसाद ने बताया कि संतुलित भोजन ही स्वस्थ जीवन का आधार है। इसके लिये भोजन में कार्बोहाईड्रेट, प्रोटीन, वसा, खनिज लवण, जल ,रुद्रांक्ष ,विटामिन होना चाहिए। इसके सेवन से बीमारियां नहीं होती है। आज महिलाओं व बच्चों में खून की कमी से होने वाली बीमारी'एनीमिया' आम हो गयी है, जिसका मुख्य कारण स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही है। इसके अलावा रिकेट्स ,खून का थक्का नहीं जमना आदि बीमारियां भी है। इसके लिये हम सबों को शारीरिक साफ सफाई के साथ पास पड़ोस की सफाई पर ध्यान देना चाहिए। मालूम हो कि पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से मनाया जा रहा है। 15 दिनों तक चला अभियान 22अप्रैल को यह बताकर समापन किया गया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा पोषण अभियान के तहत आयोजित किया जाता है। इसका एकमात्र उद्देश्य कुपोषण से निपटना और पोषण परिणामों में सुधार करना है,पोषण संबंधी जागरुकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। इसके अलावे पृथ्वी दिवस के बारे में भी प्रकाश डाला गया। पहली बार पांच दशक पहले '22अप्रैल 1970' को महज दो लाख लोगों ने मिलकर पृथ्वी को संरक्षित करने वाली 'पृथ्वी दिवस' को मनाने के लिए जमा हुए थे। इसके जनक अमेरिका के पूर्व सीनेटर गेराल्ड नेल्सन थे और आज इनके इस अभियान में 192 देश शामिल हो गये हैं। पूरा विश्व जल वायु में तेजी से हो रहे परिवर्तन से चिंतित है। लोगों में भय व्याप्त हो गया है कि समय रहते हम सब नहीं चेते तो ग्लोबल वार्मिंग के चपेट से दुनिया उजड़ जायेगी। पृथ्वी का औसत तापमान 1.4 डिग्री फारेनहाइट बढ़ चुका है। ग्लेशियर पिघल रहें हैं। महासागर के वाटर लेबल बढ़ रहें हैं। अगर इसे नहीं रोका गया तो बड़े बड़े शहर जलमग्न हो जायेंगे। जीवाश्म ईंधन जो वायु प्रदूषण के मुख्य कारक है,बेधड़क प्रयोग पर रोक होनी चाहिए। प्रशाल में संपन्न इस कार्यक्रम में मो. जुबैर अंसारी,राजेश कुमार गुप्ता, सुषमा पांडेय, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, राजेश कुमार सिंहा ने भी संबोधित किया।

### सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण




**हरिहरगंज।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय हरिहरगंज में मंगलवार को समारोह आयोजित कर क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने 136 आंगनबाड़ी सेविकाओं व 2 महिला पर्यवेक्षिका के बीच राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्टफोन का वितरण किया। पांच कुपोषित बच्चों के बीच पोषण किट और पांच किसानों के बीच बरोंन खाद का वितरण किया। जबकि सेविकाओं द्वारा पोषक पदार्थ से बने हुए लगाएं गए प्रदर्शनी का विधायक ने स्टॉल पर पहुंचकर अवलोकन किया। इस दौरान पांच गर्भवती महिलाओं को गोद भराई एवं पांच बच्चों को अन्नप्राशन किया गया। साथ ही कुकिंग कंपटीशन में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सेविका सहायिका को विधायक ने पुरस्कृत करते हुए सेविका-सहायिका द्वारा पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली में भी विधायक शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनता के कार्यों का ससमय निपटारा करने का निर्देश भी दिया। इस अवसर पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष सिन्हा, आकांक्षी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, बीएओ ब्रजेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सिटी मैनेजर नजीबुलाह अंसारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद, बीपीओ अभय कुमार, बीपीएम संजय कुमार सिंह, बीटीएम सुशील मिश्रा, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, महादेव यादव, बुधन सिंह यादव, कमलेश यादव, आनंद यदुवंशी, दीपक यादव, उमा यादव, अशोक यादव, सनोज गुप्ता, मुखिया जितेंद्र पासवान, संदीप यादव, विनय सिंह, सत्येंद्र भुइयां सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नपं के वार्ड दो व तीन की सड़क जर्जर

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर-2 -3 के आईटीआई के पीछे में विशुनपुर मुख्य मार्ग के बगल से गुजरी सड़क व नाली का निर्माण कार्य नहीं होने से मोहल्ले वालों की परेशानी बढ़ गई है। उक्त मुख्य सड़क भी पूरी तरह टूटकर जर्जर हो गया है। जगह-जगह सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। इससे आने जाने वाले लोगों के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है। इसे लेकर नगरवासियों में काफी आक्रोश है। जबकि उसी मार्ग से होते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अनुमंडलीय अस्पताल व अनुमंडल मुख्यालय जाते है। जहां पर हजारों की संख्या में इलाज कराने व अपने काम के लिये लोग आते हैं। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसे लेकर नगरवासियों ने आक्रोश जताया है। बताया जाता हैं कि पांच वर्षों से सड़क खराब है, लेकिन नगर पंचायत इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। यहां नगर में आवागमन के उद्देश्य से सड़क का निर्माण कराया गया था। जो इस समय जर्जर व बदहाल सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही टूटे सड़क पर आए दिन लोग गिरकर दुर्घटना के शिकार हो जा रहे हैं। कई बार समस्या के बाबत शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है। लोग टूटी सड़क पर आवागमन के लिये मजबूर हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बरसात में होती हैं। गर्मी के मौसम मे तो लोग चल रहे हैं, परंतु बरसात में आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाती हैं। हुसैनाबाद नगर पंचायत के ईओ टीके हंस ने बताया कि सड़क का जल्द ही निर्माण कराया जाएगा।

## सराहनीय पहल

# मोकहर कला के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का रास्ता साफ

## सोन नदी से लिफ्ट कर इस पंचायत के सरकारी तालाबों व फटहा बांध को मिलेगा पानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सिंचाई के साथ जल स्तर बढ़ाने के प्रति बहुउपयोगी योजना मंगलवार से शुरू कर दी गई है। पलामू पाइप लाइन इरिगेशन पैकेज फेज टू के तहत इस पंचायत में सोन नदी से लिफ्ट कर फटहा बांध तक पानी पहुंचाने के लिये कार्य भी शुरू हो गया है। मौके पर मौजूद मुखिया नाजमा खातून व वरिष्ठ समाजसेवी नावाजिश खान ने बताया कि इस कार्य के पूरा होते ही इस पंचायत के सभी सरकारी तालाबों और फटहा बांध को पानी मिलेगा। जिससे किसानों के सिंचाई कार्य बहुउपयोगी साबित होगा। साथ ही आसपास के इलाके में भूमिगत जलस्तर में भी वृद्धि होगी। इस कार्य के संवेदक लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी गुजरात के साइट इंजीनियर अभिषेक सिंह ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के प्रयास और पहल क्षेत्र के किसानों के लिये खेती कार्य में काफी लाभकारी होगा। इस कार्य के शुरू होते ही आवर्ती रुप से सुखाड़ और अकाल की मार झेल रहे इस पंचायत के समस्त किसानों के बीच खुशी की लहर चरम पर है। उन्होंने कहा कि इस योजना के फेज तीन में वैसे किसानों को सिंचाई कार्य में लाभ पहुंचाया जायेगा। जिनके पास न्यूनतम पांच एकड़ भूमि होगी।

# राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा अभियान का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा (8-22) का समापन हो गया। अभियान के दौरान महिलाओं व बच्चों की हाथ धुलाई और पौष्टिक आहार ग्रहण कराने पर जानकारी दी गई। जल सहियाओं ने स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष अभियान चलाकर इसके प्रति जागरूकता और सजगता पैदा की। इसमें टीचर्स, सेविका, सहायिका और स्वास्थ्य सहिया का भी सहयोग मिला। अंतिम दिन भी मोहम्मदगंज की जल सहिया किरण व अन्य ने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र में हाथ धुलाई और संतुलित आहार को लेकर बच्चों को जागरूक किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि पहली बार इस पखवाड़ा में जल सहियाओं की सजगता दिखी। इसमें राष्ट्रीय नवीन मेल की नित्य दिन के कार्यक्रम को लेकर कवरेज ने इस दिशा में प्रेरित करने का काम किया। मंगलवार को जल सहिया किरण ने बिचलाडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को हाथ धुलाई के तरीके बताते संतुलित आहार लेने का संकल्प दिलाया। इसमें इनके अलावा सेविका दुर्गावती देवी और पूजा वर्मा,कुंती देवी,उषा देवी, गंगिया देवी व अन्य कई महिलाएं व बच्चे शामिल थे। उन्हें शौचालय का ही प्रयोग करने की सलाह दी गई।

# विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने पर ही मिलेगा प्रधानाध्यापक व बीपीओ को वेतन : उपायुक्त

**● पोषण योजना में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, एमडीएम ऑपरेटरों को हटाने का निर्देश**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याह्न भोजन) के सफल क्रियान्वयन एवं विद्यार्थियों की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु उपायुक्त शशि रंजन सख्त रवैया अपना रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा संबंधित प्रधानाध्यापक एवं बीपीओ का वेतन रोका जाएगा। समाहरणालय सभागार में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में उपायुक्त ने स्कूलों में एमडीएम संचालन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्वास्थ्य जांच, पोषण पखवाड़ा गतिविधियों आदि की बिंदुवार समीक्षा की।

विद्यालयवार अच्छादित विद्यार्थियों की संख्या की जांच हेतु दो अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया है।

**पहली कमेटी :** जिला शिक्षा अधीक्षक, नजारत उप समाहर्ता एवं बीईईओ


**दूसरी कमेटी :** जिला शिक्षा पदाधिकारी, सामान्य शाखा प्रभारी एवं पीएम आवास योजना के जिला समन्वयक कमेटियों की रिपोर्ट के आधार पर विद्यार्थियों की उपस्थिति में गड़बड़ी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**एसएमएस डेटा में भी होगी सख्ती :** उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मध्याह्न भोजन वितरण के तुरंत बाद एसएमएस भेजना अनिवार्य है। यदि एसएमएस डेटा शत-प्रतिशत से कम रहता है, तो संबंधित एमडीएम ऑपरेटरों को हटाया जाएगा। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर बीईईओ और बीपीओ भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

**पोषण पखवाड़ा की गतिविधियां पोर्टल पर अपलोड हों :** उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्कूल पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें। इसके साथ ही रसोइया-सह-सहायिकाओं को आयुष्मान भारत योजना और वृद्धावस्था पेंशन योजना से अच्छादित करने की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

**15 दिनों में सुधार का निर्देश :** उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को 15 दिनों के भीतर कार्य में प्रगति दिखानी होगी, अन्यथा कार्रवाई तय है। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने भी उपस्थित अधिकारियों को कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए सभी निदेशों को प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम एवं मध्याह्न भोजन के कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

# तापमान 44 डिग्री पहुंचा, जनजीवन बेहाल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गर्मी अपने चरम पर है। सोमवार के बाद मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। सुबह से ही सूरज की तेज किरणों ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। सुबह 8:30 बजे तक तापमान 32 डिग्री तक पहुंच चुका था, और 11 बजे के बाद यह 40 डिग्री के पार चला गया।

### लू ने किया हलकान

तेज धूप के साथ लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसा दिया। दोपहर के समय शहर की सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। लोग छाते, गमछे और कपड़ों से खुद को ढककर निकलते नजर आए। गर्मी से राहत पाने के लिए सत्तू, लस्सी, जूस जैसे पेय पदार्थों की दुकानों पर भीड़ देखी गई।

### विद्यालयों में बदली समयसारणी

बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिले के कई विद्यालयों ने अपनी समयसारणी में बदलाव कर दिया है, ताकि बच्चों को लू से बचाया जा सके। शिक्षा विभाग भी स्थिति पर निगरानी बनाए हुए है।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। विभाग ने लू और हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय अपनाने की सिफारिश की है।

### तुलनात्मक रूप से अधिक गर्मी

पिछले सप्ताह शनिवार को अधिकतम तापमान 38.4°C और न्यूनतम तापमान 24.1°C दर्ज किया गया था। अब तक की गर्मी के दौर में बारिश की फुहारों से राहत मिल जाती थी, परंतु इस बार गर्म हवाओं और लगातार बढ़ते तापमान ने स्थिति को गंभीर बना दिया है।

# कोयल आजीविका अपैरल पार्क के पुनः संचालन की कवायद शुरू

**■ स्थानीय महिलाओं को मिलेगा रोजगार, 75 सखी मंडल की महिलाएं होंगी नियोजित : उपायुक्त**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर जिले में स्थापित कोयल आजीविका अपैरल पार्क के पुनः संचालन की दिशा में कवायद तेज हो गई है। इसका उद्देश्य जिले की स्थानीय महिलाओं, विशेषकर सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।

उपायुक्त ने सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर अपैरल पार्क के संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उप विकास आयुक्त को अपैरल पार्क संचालन हेतु टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने को कहा।

उपायुक्त ने कहा कि, 'अपैरल कंपनियों को यह अनिवार्यता सुनिश्चित करनी होगी कि वे संचालन के लिए 75 प्रतिशत महिलाएं जिले के सखी मंडल से ही नियोजित करें, जिससे महिलाओं को उनके घर के निकट ही आजीविका का सशक्त साधन मिल सके।'

तीन प्रखंडों – चैनपुर, नीलांबर-पीतांबरपुर और पाटन में केंद्र सरकार की सहायता से जिला योजना कार्यालय के माध्यम से यह अपैरल पार्क पूर्व में संचालित था। हालांकि, कोविड-19 महामारी के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी के चलते इसका संचालन स्थगित कर दिया गया था।

अब जब पुनः संचालन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, तो इससे जहां एक ओर महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण मिलेगा, वहीं अपैरल पार्क में लगे बुनियादी ढांचे का भी समुचित उपयोग संभव हो सकेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला योजना पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के स्किल एंड जॉब जिला प्रबंधक नवल किशोर राजू, श्रम अधीक्षक के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर ठंडे पानी का संकट, यात्री परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी में डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। प्लेटफॉर्म पर मौजूद तीन वाटर कूलर के बावजूद यात्रियों को साधारण या गर्म पानी ही मिल रहा है। इसके कारण यात्रियों को 15 से 20 रुपये में बोतल बंद पानी खरीदने को विवश होना पड़ रहा है। प्लेटफॉर्म संख्या एक पर तीन वाटर कूलर लगाए गए हैं, लेकिन इनमें ठंडा पानी उपलब्ध नहीं है। गर्मी और लू के बीच सफर कर रहे यात्रियों के लिए यह समस्या बड़ी चुनौती बन गई है। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने बताया कि वाटर कूलर महज दिखावे भर रह गए हैं, ठंडा पानी नहीं मिलने से लोग इधर-उधर भटकते नजर आते हैं।

**बोतल बंद पानी पर वसूली, एमआरपी से अधिक दाम :** स्टेशन परिसर में मौजूद स्टॉल्स पर बोतल बंद पानी की बिक्री एमआरपी से अधिक दर पर की जा रही है। यात्रियों ने शिकायत की है कि 15 रुपये वाली पानी की बोतल 20 रुपये में बेची जा रही है, और स्टेशन प्रबंधन की ओर से इस पर कोई सख्त निगरानी नहीं है।

**वाटर कूलर बन गए अनुपयोगी :** गौरतलब है कि पूर्व में राष्ट्रीय नवीन मेल में वाटर कूलर में पानी नहीं आने से जुड़ी खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद स्टेशन प्रबंधन ने इस पर संज्ञान लेते हुए कूलर को चालू कराया था। बावजूद इसके, कूलिंग सिस्टम काम नहीं कर रहा है, जिससे गर्मी में भी ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है।



### स्विच ऑफ कर देते हैं असामाजिक तत्व : स्टेशन अधीक्षक

इस विषय में स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि स्टेशन पर वाटर कूलर पूरी तरह से चालू हैं, लेकिन कूलिंग स्विच कई बार असामाजिक तत्वों द्वारा बंद कर दिया जाता है, जिसके कारण पानी ठंडा नहीं रहता। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में वे स्वयं भी हस्तक्षेप कर कूलर को चालू कराते हैं।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कलकत्ता की कंपनी ने की लाखों की ठगी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना स्थित पटेल नगर निवासी सतेंद्र ठाकुर (उम्र 49 वर्ष) ने एक बड़े वित्तीय ठगी के मामले में शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि वर्ष 2014 से 2016 के बीच उन्होंने कोलकाता की सोबरन कॉमट्रेड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में ऑनलाइन पंजीकरण कर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लगभग तीन लाख रुपये निवेश किए थे। ठाकुर के अनुसार, उक्त राशि उन्होंने नगद और आईडीबीआई बैंक, बाईपास रोड आबादगंज के माध्यम से कंपनी में जमा की थी। शुरूआत में कंपनी ने तीन महीनों में केवल 20 हजार रुपये लौटाए, उसके बाद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया। जब रकम नहीं मिली तो उन्होंने कोलकाता जाकर कंपनी के एमडी प्रियांशु राणा, सीएमडी बिरेन मेहता और अन्य स्टाफ से मुलाकात की। कंपनी ने पैसा लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन उसके बाद कोई भुगतान नहीं किया गया। अब तो कंपनी का कार्यालय भी बंद पाया गया और संबंधित लोग फोन कॉल्स भी रिसीव नहीं कर रहे हैं। इस तरह की धोखाधड़ी की घटना अकेले ठाकुर तक सीमित नहीं है। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चामा निवासी मोहन राम (उम्र 60 वर्ष), पिता स्व. जीतनराम, ने भी ठगी का शिकार होने की बात कही है। उन्होंने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों के सुझाव पर उन्होंने करीब 15 लाख रुपये निवेश किए थे। कंपनी ने उन्हें हर महीने 5% लाभ देने का वादा किया था, लेकिन उन्हें एक भी पैसा वापस नहीं मिला। ठाकुर और मोहन राम दोनों ने आरोप लगाया है कि सोबरन कॉमट्रेड प्राइवेट लिमिटेड ने इसी प्रकार कई अन्य लोगों को भी ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# रजवाडीह मध्य विद्यालय में जल संरक्षण पखवाड़ा के तहत बच्चों ने दी पेंटिंग्स के जरिए जागरूकता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में जल संरक्षण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने चित्रकला के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस होने के कारण यह आयोजन और भी विशेष बन गया।

कार्यक्रम में प्राची, छाया, रिया, लक्ष्मी, साक्षी, संजना, चंचला, मिष्ठी, आयुषी, प्रिया, गुड्डी, नैंसी, अनिशा, आर्यन और सिद्धार्थ द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

इस रचनात्मक गतिविधि के सफल आयोजन में शिक्षिकाएँ निशा देवी, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी तथा शिक्षक विजय कुमार ठाकुर एवं लैब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सुनहरे और सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। पृथ्वी की हरियाली में ही हमारी खुशहाली निहित है, अतः प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### कंडा में ट्रक-कार टक्कर में घायल पूर्व छात्र नेता मनीष यादव की इलाज के दौरान मौत

**मेदिनीनगर।** नवाबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडा में रविवार की रात हुए ट्रक और कार की टक्कर में घायल पूर्व छात्र नेता मनीष यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पहले से छात्र संगठन आपसू छात्र इकाई से जुड़ा हुआ था। घटना के दिन ही एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल मनीष यादव को तत्काल एमएमसीएच में भर्ती कराया गया। वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद मनीष को मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, जहां स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें रांची भेजने की सलाह दी। लेकिन रांची ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। गौरतलब है कि यह हादसा उस समय हुआ जब गढ़वा जिले के रक्सी गांव से बारात में शामिल होकर पांच लोग कार से वापस लौट रहे थे। कंडा के पास उनकी कार की ट्रक से जबरदस्त टक्कर हो गई थी। इस दुर्घटना में पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मनीष यादव की मौत से उनके गांव व छात्र समुदाय में शोक की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में घायल एक अन्य युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा नवाटोली तालाब अतिक्रमण व गंदगी से सिकुड़ता जा रहा क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नवाटोली स्थित ऐतिहासिक तालाब आज अपनी पहचान और अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। अतिक्रमण, अनदेखी और बढ़ती गंदगी के चलते तालाब का क्षेत्रफल लगातार घटता जा रहा है, जिससे जलस्तर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। स्थानीय निवासी और राहगीर अब इसके आसपास से गुजरने पर दुर्गंध और गंदगी का सामना करने को विवश हैं।

पूर्व में यह तालाब धोबी समुदाय द्वारा कपड़े धोने के लिए उपयोग में लाया जाता था, वहीं मछली विक्रेताओं के लिए भी यह जलस्रोत उपयोगी था। परंतु अब आसपास बहने वाली नालियों का गंदा पानी इसमें मिल जाने के कारण यह तालाब उपयोग के लायक नहीं रह गया है।

**बदलते समय में घटता महत्व :** एक समय था जब इस तालाब का सौंदर्यीकरण कर तत्कालीन विधायक इंदर सिंह नामधारी द्वारा यहां पार्क और नीलांबरझपीतांबर की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पर वर्तमान में रखरखाव के अभाव में न पार्क की छटा बची है, न ही तालाब की पहचान। नगर निगम द्वारा शहर के अन्य तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, लेकिन नवाटोली तालाब अब भी उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

**स्थानीयों को मिल रही परेशानी :** तालाब के चारों ओर बने रिहायशी इलाकों के लोग बदबू और गंदगी से परेशान हैं। नालियों का पानी तालाब में जाने से संक्रमण की संभावना भी बनी हुई है। लोग वर्षों से इसकी सफाई और सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे हैं।

### 'सुंदरीकरण हेतु भेजा गया है प्रस्ताव' – सहायक नगर आयुक्त

सहायक नगर आयुक्त के अनुसार, नवाटोली तालाब के सुंदरीकरण हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, जिसकी अनुमानित लागत 2 से 3 करोड़ रुपये होगी। प्रस्ताव के अंतर्गत पाथवे, लाइटिंग, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। निगम की योजना है कि इस तालाब को भी अन्य तालाबों की तरह आकर्षक रूप दिया जाए।

# भीम चूल्हा टनल व थर्ड लाइन निर्माण का काम तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक भीम चूल्हा के समीप थर्ड रेलवे टनल के साथ ही लाइन के निर्माण में तेजी आ गई है। हालांकि दिसंबर के अंत में केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर बताया गया था कि इसके निर्माण कार्य को फरवरी में पूरा कर दिया जाएगा। मगर अभी तक पूरा नहीं किया गया है। जैसा कि केंद्रीय मंत्री को भी इस काम में लगी एजेंसी हिमालया कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बताया था।अब टनल का काम लगभग पूरा हो गया बताया जाता है। निर्माण के बाद इसकी लंबाई कुल मिलाकर 160 मीटर की होगी। टनल निर्माण बोगदा नामक पहाड़ के विशालकाय शिला की खुदाई कर किया गया है। जिसको अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। इसके निर्माण के साथ थर्ड रेलवे टनल के रूप में सीआइसी रेलखंड को इस साल में एक बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। अब थर्ड लाइन विस्तारीकरण का काम भी तेज कर दिया गया है। तब इस रेल लाइन पर निर्बाध रूप से कोयले की ढुलाई संभव हो सकता है। थर्ड लाइन विस्तारीकरण सोननगर-पतरातू रेल कोरिडोर के तहत किया जा रहा है। भीम चूल्हा टनल निर्माण में विलंब इसमें बड़ा अवरोधक बना हुआ था। भीम चूल्हा के पर्यटक स्थल के समीप तीसरी टनल व रेल लाइन निर्माण पूरा होने के बाद कहना गलत नहीं होगा कि झारखंड के प्रवेश और निकास द्वार रूप में इसकी पहचान और पर्यटकों के आकर्षण का भी केंद्र बनेगी। सीआइसी रेल सेक्शन में तीन सुरंगों वाली यह पहली जगह भी होगी। विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक संगठन के नेताओं ने पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के समीप के एक जगह स्थित होने के कारण तीनों रेलवे सुरंगों के नामकरण भीम टनल करने को लेकर दौरा कार्यक्रम में डॉ. एल मुरुगण, केंद्रीय सूचना, प्रसारण संसदीय कार्य राज्य मंत्री को पहले ही ज्ञापन सौंपा है। इसकी मांग करने में वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यनारायण सिंह, रामजन्म राम, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, धीरेंद्र बैठा, सुशील कुमार मेहता, रौशन कुमार, सिद्धार्थ कुमार, मंटू दास, राकेश कुमार सिंह, अनुज कुमार, शुभम कुमार सिंह, नगीना सिंह उपप्रमुख, नीरज कुमार सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष, राहुल सिंह स्टेट कन्वेनर युवा कांग्रेस सोशल मीडिया और रामजन्म राम वरिष्ठ कांग्रेसी सहित अन्य कई लोगों के नाम शामिल हैं।

# पलामू टाइगर रिजर्व में शुरू हुआ नदी पुनर्जीवन मिशन

**● पृथ्वी दिवस पर सूखती नदियों को जीवन देने की पहल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पलामू टाइगर रिजर्व प्रशासन ने नदी पुनर्जीवन मिशन नामक एक महत्त्वाकांक्षी अभियान की शुरूआत की है। इस मिशन का उद्देश्य है – पलामू क्षेत्र की सूख रही नदियों और नालों को पुनर्जीवित करना। यह इलाका झारखंड राज्य के चिन्हित सूखाग्रस्त क्षेत्रों में शामिल है, जहां जल संकट आदिवासी समुदायों और वन्यजीवों दोनों के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है।

टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक पी जेना ने बेतला में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा, 'यह पहल केवल जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की योजना नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सामाजिक और पारिस्थितिकीय आंदोलन है, जिसमें स्थानीय भागीदारी को केंद्रीय स्थान दिया गया है। हमने स्थानीय युवाओं को 'जल योद्धा' के रूप में प्रशिक्षित करना शुरू कर दिया है, जो न केवल योजना बनाएंगे बल्कि उसे जमीन पर भी उतारेंगे।'



उन्होंने बताया कि मिशन के तहत विभिन्न जलग्रहण क्षेत्रों का वैज्ञानिक अध्ययन तकनीकी विशेषज्ञों के सहयोग से किया जा रहा है। 'हम पारंपरिक जल प्रबंधन ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर एक टिकाऊ मॉडल विकसित कर रहे हैं,' उन्होंने न बताया कि इस पहल के तहत "Ridge to Valley" यानी ऊँचाई से घाटी तक की जल यात्रा को संरक्षित करने की रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा, 'हर बूंद की अहमियत को समझते हुए संरचनात्मक हस्तक्षेप किए जा रहे हैं। स्थानीय विद्यालयों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है, ताकि स्कूली बच्चे भी जल संरक्षण की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकें।'

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस मिशन में तकनीकी सहयोगी संस्था के रूप में ब्लू ईलेक्जर संस्था कार्य कर रही है, जो जल संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता रखती है। मिशन का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में उत्तरी कोयल और औरंगा नदियों के साथ-साथ 500 से अधिक छोटी नदियों व नालों को पुनर्जीवित करना है।

उपनिदेशक पी जेना ने कहा कि पानी सिर्फ एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। यह मिशन आने वाली पीढ़ियों को एक हरी-भरी, जल-समृद्ध धरती सौंपने की दिशा में हमारा संकल्प है।

इस अभियान में मिशन रिसोर्स पर्सन सुनील कुमार रिसोर्स पर्सन निशांत कुमार, ईडीसी सदस्य, इको गाइड्स, ट्रैकर्स, वन विभाग के कर्मचारी, और बेटला, अख्वा, उकामार, रबड़ी गढ़ी जैसे गांवों के युवा मिलकर काम कर रहे हैं।

## एक नजर

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार में शाखा प्रबंधक के विरुद्ध शिकायत

**रमना।** वनांचल ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक व पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध राकेश कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव को लिखित आवेदन दिया है। उसके अनुसार राकेश कुमार अपने बच्चे को खाता खुलवाने के लिए ग्रामीण बैंक के रमना शाखा गये थे। खाता खोलने के लिए पूछा तो शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि खाता नहीं खुलेगा यहां। इस संबंध में आवेदक ने पूछा की खाता क्यों नहीं खुलेगा। क्या कारण हैं बताया जाय। शाखा प्रबंधक ने स्पष्ट कोई जवाब नहीं दिया। बात बढ़ने पर पुलिस को बुलाकर मैनेजर के कहने पर बिना कोई पूछताछ किये उन्हें पकड़ कर थाना ले जाया गया। इसके बाद पूछताछ करने बाद छोड़ दिया गया।

### प्रदर्शनी सह नुक्कड़ नाटक आयोजित

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को सूचना व जनसंपर्क विभाग की ओर से तुलसी संस्कृति मंच के कलाकारों द्वारा मेला व प्रदर्शनी सह गीत व नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम से पहले बीपीओ सोनू कुमार, प्रधान लिपिक अजीत कुमार, प्रखंड सहायक देवेंद्र कुमार, शिवकुमार राम ने संयुक्त रूप फीताकाट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। लोगों को मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री गाड़ी योजना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला सशक्तिकरण योजना के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में राजीव कुमार मिश्रा, मनीष कुमार, बिजेंद्र मिश्रा, विकास मिश्रा, दीपक कुमार सहित अन्य कलाकार मौजूद थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के पतरिया गांव निवासी 68 वर्षीय नरेश राम की मौत ट्रेन से कटने से हो गयी। घटना मंगलवार को अहले सुबह लगभग चार बजे की है। परिजनों द्वारा उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।परिजनों ने बताया कि वह अपने पुत्र मनोज राम के साढ़ू के घर शादी समारोह में भाग लेने के लिए पलामू जिला के बंजारी गांव में गए थे। सुबह में चार बजे शौच के लिए जा रहे थे। अचानक एक रेलगाड़ी के चपेट में आने से उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। परिजनों व रिश्तेदारों को घटना की सूचना मिलने पर उनकी शव को उठाकर दाह संस्कार कर दिया गया।

### सीडीपीओ कार्यालय के अनुसेवक की मौत

**रंका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में अनुसेवक के पद पर कार्य कंचनपुर गांव निवासी 52 वर्षीय गोपाल ठाकुर की मौत सोमवार रात संदेहास्पद स्थिति में इलाज के दौरान सदर अस्पताल गढ़वा में हो गई । परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को शाम लगभग 5 बजे ड्यूटी समाप्त करने के बाद गढ़वा स्थित अपने आवास के लिए निकले थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई । सूचना मिलते ही परिजनों उन्हें अचेत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार को लेकर चिकित्सक उन्होंने सदर अस्पताल रेफर कर दिया । इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई समाचार लिखे जाने तक मौत के कारण का स्पष्ट पता नहीं चल सका था मामले के लेकर पुलिस भी संदेह संदेह के आधार पर जांच में जुट गई है इधर आज मंगलवार रंका कंचनपुर पैत्रीक स्थान लाया गया जहां उनकी दाह-संस्कार कर दी गई है।

# कमांडर व बाइक की टक्कर में दो की मौत

### गांव में पसरा मातम

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार-भवनाथपुर मुख्य पथ पर लोहिया समता उच्च विद्यालय के समीप पंडा नदी पुल पर मंगलवार को बाइक व कमांडर की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतक कि पहचान मुकुंदपुर गांव के मायर टोला निवासी प्रेमसागर सिंह (48) और संजीव सिंह (19), पिता इंद्रदेव सिंह रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर प्रेमसागर सिंह और संजीव सिंह केतार बाजार से अपने घर मायर लौट रहे थे। इस क्रम में विपरीत दिशा से आ रही कमांडर से टक्कर हो गई। इस घटना में प्रेमसागर सिंह



का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायल संजीव सिंह को केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने निजी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया। चिकित्सक ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया। सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में बंशीधर नगर के समीप संजीव ने एंबुलेंस में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। अचानक हुई इस घटना से गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक संजीव का दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसका सात माह का एक लड़का है। घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक अनंत प्रताप देव, समाजसेवी पंकज कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया मूंगा साह, ब्रह्मदेव गुप्ता, डॉ.अनीश गुप्ता , दिन दयाल गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। परिजनों द्वारा आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई कि जायेगी।

## कौशल प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया

**गढ़वा ।** झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की प्रदेश स्तरीय टीम द्वारा गढ़वा जिले में संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण अभियान के दौरान झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के प्रबंधक विश्वरूप ठाकुर और अमित प्रजापति ने विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक द्वारा प्रशिक्षण केंद्रों के समस्त अभिलेखो की जांच की गई ।साथ ही पंजीकृत लाभार्थियों व नए बैच लाभार्थियों को अंतिम परिणाम अर्थात शत प्रतिशत सफल नियोजन दर को सुनिश्चित किए जाने का सुझाव दिया। निरीक्षण के दौरान जिला कौशल पदाधिकारी एवं परियोजना सहायक सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीओ ने जमीन मापी के लिए दो कर्मचारी प्रतिनियुक्त किए

नवीन मेल संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड के कांडी गांव की जनता ने सीओ राकेश सहाय को आवेदन देकर दशगात्र घाट व स्नानघर निर्माण के लिए सरकारी भूमि का मापी कर सीमांकन करने की मांग की। गांव के सैकड़ों लोगों ने सीओ को आवेदन देते हुए कहा कि कांडी पंचायत के ढबरिया गांव पोखरा के कृत्रिम गभार्धान केन्द्र के पास कांडी गांव का दशगात्र का कार्य किया जाता है। वहां पर महिलाओं को स्नान करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस स्थल पर सरकारी भूमि भी है। ग्रामीणों ने उक्त सरकारी भूमि का मापी कर सीमांकन करवाने की मांग किया है, ताकि उक्त सरकारी भूमि पर एक दशगात्र घाट व स्नानघर का निर्माण कार्य जल्द हो सके। उक्त आवेदन में ग्रामीणों की मांग को जिला पार्षद सुषमा कुमारी, मुखिया विजय राम व उप मुखिया दिलीप राम ने भी अपनी अनुशंसा करते हुए सही बताया है। सीओ राकेश सहाय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त सरकारी भूमि की मापी करने के लिए दो अमीन धर्मदेव राम व अमीन धर्मेन्द्र को लिखित रूप से प्रतिनियुक्त किया गया है।

## एसडीएम ने रजिस्ट्री ऑफिस का किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** मंगलवार को गढ़वा एसडीएम संजय कुमार ने उपनिबंधन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पहुंचे नागरिकों व कर्मियों से आवश्यक जानकारियां ली। निबंधन कार्यालय में सरकारी कर्मचारियों के साथ प्राइवेट लोगों की संलिप्तता की जांच की, किंतु उन्हें वहां प्रथम द्दष्टया कोई भी प्राइवेट मिडिल मैन नहीं मिला। इस दौरान उन्होंने रजिस्ट्री कराने आए लोगों से भी उनकी समस्याएं पूछी। इस औचक निरीक्षण के दौरान सब रजिस्ट्रार विवेक कुमार पांडेय के साथ संक्षिप्त समीक्षा बैठक की। एसडीएम में निबंधन विभाग द्वारा निबंधन के लिए निर्धारित चेकलिस्ट के अनुपालन की स्थिति के बारे में उनसे विस्तार से जाना। साथ ही उनसे कहा गया कि वह विभागीय



चेक लिस्ट का शत प्रतिशत अनुपालन करें, ताकि भूमि विवाद की स्थिति कम से कम उत्पन्न हो। इस क्रम में उन्होंने सदर अनुमंडल क्षेत्र के अंचल अधिकारियों के साथ रजिस्ट्री ऑफिस के साथ समन्वय को लेकर भी विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। रजिस्ट्री ऑफिस परिसर की साफ-सफाई व नागरिक सुविधाओं के बारे में भी एसडीएम की ओर से कई सुझाव दिए गए जिस पर सब रजिस्ट्रार ने बताया कि इस दिशा में वह ज्यादा ध्यान इसलिए नहीं दे रहे हैं, क्योंकि बहुत जल्द ही रजिस्ट्री ऑफिस अनुमंडल कार्यालय परिसर में शिफ्ट होने वाला है। एसडीएम ने राजस्व संग्रह के मामले में सब रजिस्ट्रार और उनके कार्यालय कर्मियों की प्रशंसा की।

## प्रखंड में आसमान से बरस रहे आग, बाजार वीरान, बच्चे बेहाल

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** प्रखंड में इन दिनों सूर्य आग बरसा रहे हैं। प्रचंड गर्मी का आलम यह है कि दोपहर 11 बजे ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जा रहा है। तपती धूप और गर्म हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। वर्तमान में शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद खरौंधी बाजार दोपहर के समय वीरान नजर आता है। 11 बजे के बाद ही बाजार में सन्नाटा पसर जाता है। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहते हैं, लेकिन तेज गर्मी के कारण लोग सुबह 9 बजे के बाद ही घरों में दुबक जाते हैं। शाम 5 बजे के बाद ही कुछ चहल-पहल दिखने लगती है, जब तापमान में थोड़ी गिरावट आती है।सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ रही है। सरकारी स्कूलों में छुट्टी का समय दोपहर 1 बजे निर्धारित है, जिसके बाद बच्चों को इस भीषण गर्मी में 3 से 5 किलोमीटर तक पैदल अपने घर लौटना पड़ता है। धूप की तपीश और लू के थपेड़े बच्चों की सेहत पर असर डाल रहे हैं।अभिभावकों ने सरकार से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल के समय में तत्काल परिवर्तन किया जाए। उनका कहना है कि स्कूलों को सुबह के समय जल्दी खोलकर 10 या 11 बजे तक छुट्टी कर देनी चाहिए, ताकि बच्चे गर्मी के चरम समय से पहले ही घर पहुँच सकें।लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो बच्चों की तबीयत पर गंभीर असर पड़ सकता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी मांग की गई है कि वे इस मुद्दे को जिला प्रशासन तक पहुँचाएं और स्कूल समय में बदलाव को लेकर आवश्यक कदम उठाएं।



### विधायक ने प्रखंड का किया निरीक्षण

**भवनाथपुर।** विधायक अनंत प्रताप देव ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बीडीओ नंदजी राम व सीओ शंभू राम से कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालय में दूर दराज क्षेत्रों से अपने कार्यों के निपटारे को लेकर पहुंचने वाले लोगों को बेवजह दौड़ाया नहीं जाए उनकी समस्याओं की जांच कर उन्हें अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया। कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनहित योजनाओं में अगर प्रखंड और अंचल कर्मी द्वारा पैसा लेने की शिकायत मिलती है, तो उनके उपर कार्रवाई की जायेगी। विधायक ने पदाधिकारियों को प्रखंड और अंचल कार्यालय में शिकायत पेटी लगाने का निर्देश दिया। मौके पर अमरनाथ पांडेय, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, गोपाल उरांव, मनोज यादव आदि उपस्थित थे।

## एसडीएम ने महाविद्यालयों में स्नातक परीक्षाओं का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय से संबद्ध गढ़वा के महाविद्यालयों में मंगलवार से आरंभ हुई बीए, बीएससी, बीकॉम की सेमेस्टर परीक्षाओं के क्रम में विधि व्यवस्था जांच के लिए गढ़वा सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने नामधारी कॉलेज, सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गोपीनाथ महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा की गयी तैयारियों, दंडाधिकारी, पुलिस बल की मौजूदगी तथा अन्य एहतियाती मामलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी महाविद्यालयों के परिसरों एवं परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर चल रही शांतिपूर्ण परीक्षाओं, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था आदि का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रथम पाली में जबकि तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं द्वितीय पाली में हो रही हैं। प्रथम पाली में भूगोल, इतिहास, हिंदी तथा भौतिकी आदि विषयों की परीक्षाएं थी। उन्होंने सभी केंद्र अधीक्षकों को कदाचार मुक्त परीक्षायें संपन्न करवाने के लिए निदेश दिये। नामधारी कॉलेज में भ्रमण के दौरान एसडीओ ने वहां देखा कि परीक्षा हाल में लगभग 500 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे, किंतु बिजली न होने के कारण अंधेरे और गर्मी से छात्र काफी परेशान थे। महाविद्यालय का जनरेटर खराब था। उनकी परेशानी को देखते हुए एसडीओ ने मौके पर ही विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को बिजली आपूर्ति के लिए कहा। फलस्वरुप अगले दो से तीन मिनट में विद्युत आपूर्ति चालू हो गयी। इससे छात्रों ने राहत की सांस ली। एसडीओ की इस तत्परता पर महाविद्यालय प्रबंधन व छात्रों ने उनको धन्यवाद दिया।

### कंपनी के मनमानी के खिलाफ ग्रामीण सड़कों पर उतरे

**मेराल।** फोरलेन निर्माण कार्य कर रही एमजीसीपीएल कंपनी के मनमानी करने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। कंपनी द्वारा सड़क में समय पर पानी नहीं डालने के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय के लोगों ने मंगलवार के सुबह पांच नंबर पिलर के पास सड़क पर उतर गए। लगभग आधा घंटा तक मुख्य मार्ग जाम रहा। सड़क जाम होने की सूचना मिलते ही सीओ जसवंत नायक और थाना प्रभारी विष्णु कांत जाम स्थल पर पहुंचे। जाम स्थल पहुंचने के बाद स्थिति से अवगत हुए। ग्रामीणों को उचित आश्वासन देकर आवागमन को चालू करा दिया गया। जाम स्थल पर कंपनी के कई बड़े अधिकारी भी पहुंचे। कंपनी के पदाधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि घटिया कार्य का पुनरावृत्ति अब नहीं किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने आवागमन को चालू कर दिया। बाद में कंपनी के पदाधिकारी द्वारा लिखित आश्वासन के बाद सीओ यशवंत नायक,थाना प्रभारी विष्णुकांत ने लोगों से २४ घंटे सड़क पर पानी डालने तथा ग्रेड करने का आश्वासन दिया। साथ ही मुख्यालय में एक सप्ताह के अंदर सड़क को पक्की करने को कहा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने कंपनी के अधिकारियों से बात किया। विरोध करने वालों में संजीव कश्यप, लल्लू प्रसाद, सत्यनारायण कुशवाहा, गोवर्धन शर्मा,द्वारिका प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**शिलान्यास** | विधायक ने 37 लाख की लागत से बनने वाली सड़क की आधारशिला रखी

## सड़क की वर्षो पुरानी मांग को पूरा किया: अनंत प्रताप देव

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** विधायक अनंत प्रताप देव ने मंगलवार को मुख्य पथ स्थित ट्रांसफार्मर से लेकर बबलू यादव के घर तक बनने वाली पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। उक्त पथ का निर्माण जिला योजना अनाबद्ध के तहत करीब 37 लाख रुपए की लागत से कराई जायेगी। इसके बाद मंच पर झामुमो प्रखंड कमेटी द्वारा विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि इस सड़क का यहां के लोगों का वर्षों पुरानी मांग को मैने शिलान्यास कर उसे पूरा करने काम किया हूं। कहा कि शुरूआत मकरी पंचायत से हुई है, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे विस में सड़क, पुल




पुलिया, शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में चहुंमुखी विकास की गाथा लिखी जायेगी। उन्होंने कहा कि सदन के अंतिम दिन गैर संकल्प सभा में मैने भवनाथपुर में पावर प्लांट का मुद्दा उठाया था। मेरे पिता द्वारा लगाया गया। एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट ऑक्शन के जरिए आज कट रहा है, लेकिन इसे रोकने के लिए पूर्व विधायक ने आवाज तक नहीं उठाई। कहा कि 20 वर्ष पूर्व बंद हो चुके घाघरा माइंस को चालू कराने के लिए 15 वर्षों तक विधायक रहे भानु प्रताप शाही ने सदन में आवाज नहीं उठाया। कहा कि पूर्व विधायक भानु ने विधायकी कार्यकाल 2017 में पावर प्लांट के आवंटित मौर्या कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द करवाने के साथ ही पावर प्लांट निर्माण स्थल को माइनिंग क्षेत्र घोषित करवाने का काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद यादव ने की। संचालन लल्लू राम ने किया। मौके पर ब्रजेश सिंह,शमशेर अंसारी, बिजेंद्र यादव, जमुना राम, राजमोहन यादव, दीपक वर्मा, गोपाल यादव, नवलेश पासवान, प्यारे मोहम्मद, अब्दुल्ला अंसारी, कबूतरी देवी, मनोज यादव आदि ने संबोधित किया। मौके पर प्रमुख शोभा देवी, जेएमएम नेता अनुज यादव उर्फ बबलू, अमरनाथ पांडेय, मुकेश चंद्रवंशी, राजीव राजन सिंह, बिनोद सिंह, लल्लू राम, प्रभा देवी, परमवीर राम, शैलेंद्र यादव, कुंदन ठाकुर, अजीमुद्दीन अंसारी, दिलेश सिंह, कमलेश यादव आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बच्चों ने नाटक के माध्यम से जल संरक्षण का दिया संदेश

**खरौंधी।** जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से खरौंधी प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में जल संरक्षण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। बच्चों के माध्यम से जल बचाने के महत्व को रेखांकित किया जा रहा है, जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जाए। मंगलवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खरौंधी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावा सहित प्रखंड के अन्य विद्यालयों में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दी, जिसमें उन्होंने जल की बर्बादी को रोकने, वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई तथा घरेलू जल के विवेकपूर्ण उपयोग जैसे उपायों को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। नाटक के दौरान बच्चों ने भावनात्मक और शिक्षाप्रद संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया कि जल ही जीवन है और इसके संरक्षण में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित शिक्षक, अभिभावक और ग्रामीण भी काफी प्रभावित हुए।उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगांवा के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि जल संकट भविष्य की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यदि हम अभी से सचेत नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़ा के माध्यम से बच्चों में जल संरक्षण की समझ विकसित की जा रही है, ताकि वे अपने परिवार और समाज में भी जागरूकता फैला सकें। विद्यालयों में चित्रकला, पोस्टर निर्माण, भाषण प्रतियोगिता जैसे अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जल संरक्षण पखवाड़ा के इस प्रयास को शिक्षा विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।इस आयोजन से न केवल बच्चों में रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत हो रही है, बल्कि यह भविष्य के लिए एक सकारात्मक कदम भी सिद्ध हो रहा है।

### सर्वेश्वरी समूह ने राहगीरों के लिए पनशाला खोला

**श्री बंशीधर नगर।** गोसाईबाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी द्वारा आश्रम के समीप पनशाला का व्यवस्था किया गया है। पनशाला उद्घाटन के अवसर पर समूह के सदस्यों द्वारा अघोरश्वर महाप्रभु के चित्र पर माल्यार्पण व विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। उसके बाद उपस्थित राहगीरों को मिष्ठान व जलपान कराकर पनशाला प्रारंभ किया। इस अवसर पर समूह शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह अपने 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत मानव मात्र की सेवा के लिए संकल्पित है उसी के अंतर्गत भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध जल की व्यवस्था किया गया है।उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों के अलावा पशु- पक्षियों के लिए भी जल की पर्याप्त व्यवस्था करना चाहिए। इस भीषण गर्मी में पशु और पक्षियों के सामने भी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए प्राणियों के प्रति सदभाव रखते हुए हमें इंसानों एवं पशु पक्षियों के लिए भी सोचना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने अपने घरों के आंगन में ,दरवाजे पर एक पात्र में पानी भरकर रखने की अपील की। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल,प्रमेंद्र कुमार सिंहा,नागेंद्र राम ,मनोज प्रताप देव,अनूप कुमार सिंहा,गोल्डन ठाकुर,नवनीत कुमार सिन्हा,विनोद प्रसाद चंद्रवंशी,परशुराम शाह,प्रियंका,रजनी,दुर्गावती कुमारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


### कार्यालय:- जिला परिषद, लातेहार।

### विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025-26

**चतुर्थ सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 01.05.2025 से होली 2026 तक) | चन्दवा | 26/04/2025 | 11:00 AM | 29,49,319 | 2,95,000 |
| 2 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 26/04/2025 | 11:15 AM | 25,84,290 | 2,58,500 |
| 3 | सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 26/04/2025 | 11:30 AM | 7,485 | 1,000 |
| 4 | बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक) | बालूमाथ | 26/04/2025 | 12:00 PM | 16,36,462 | 1,64,000 |
| 5 | बस पडाव बालूमाथ में सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक) | बालुमाथ | 26/04/2025 | 12:15 PM | 433 | 500 |
| 6 | कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ। | बालुमाथ | 26/04/2025 | 12:30 PM | 16,44,500 | 1,64,500 |
| 7 | अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ | बालुमाथ | 26/04/2025 | 12:45 PM | 4,93,087 | 49,500 |

नोट:–
1. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
2. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाणपत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूलप्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 350821 (Rural Development) 25-26 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.- 01/2025-26

पत्रांक:–332 दिनांक :–22.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 29.04.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 30.04.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 30.04.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0 1 चतरा का कार्यालय । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0 1 चतरा का कार्यालय । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 250 MT Godown at Gidhaur Block under Chatra District for the Year 2024-25 . | 19,21,754.00 | 38500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | Renovation of 1000 MT Godown ,Block- Itkhori, Dist.- Chatra for the Year 2024-25 | 16,26,530.00 | 33000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | Renovation of 500 MT Godown, Block - Kanhachatti , Dist. –Chatra District for the Year 2024-25 | 22,83,350.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | Renovation of 1000 MT Godown ,Block- Chatra , Dist.- Chatra for the Year 2024-25 | 17,64,881.00 | 35500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5 | Renovation of 250 MT Godown , Block-Chatra , Dist.- Chatra for the Year 2024-25 | 11,65,483.00 | 23500.00 | 2500.00 | 02 Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 350834 Building(25-26).D

## अज्ञात शव बरामद

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान स्टेशन से करीब एक किमी कि दूरी पर भंगी गढ़ा नदी के समीप मंगलवार को ग्रामीणों कि सूचना पर चंदवा पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की पहचान नहीं हो पायी है। मृतक ब्लू कलर का पैंट, धारी ब्लू शर्ट के अंदर लाल कलर का टी सर्ट पहने हुआ है। मौके पर मौजूद पुलिस ने प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद उस व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है।

## गायत्री परिवार के सदस्य का निधन, शोक

**चंदवा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के अंतर्गत चंदवा शक्तिपीठ से जुड़े सदस्य जीवन विश्वकर्मा का निधन हृदयाघात से दो दिन पूर्व हो गया था। उनके निधन को लेकर मंगलवार को स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ परिसर में एक शोक सभा किया गया। लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर राजेश चंद्र पांडेय, सुनील प्रसाद, विजय कुमार,संजू कुमार साहू, अर्जुन राणा, अर्जुन विश्वकर्मा, विकास मित्तल, रामदेनी सिंह,नारायण प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, कृष्णा प्रसाद समेत शक्तिपीठ से जुड़े अन्य सदस्य मौजूद थे।

### पुलिस ने दो फरार जेजेएमपी नक्सली के घर इश्तेहार चिपकाया

# एक माह के अंदर सरेंडर करने की दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत बालूमाथ पुलिस ने दो वांछित जेजेएमपी नक्सली आरोपियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके घरों पर न्यायालय से जारी इश्तेहार को विधिवत चिपकाया। यह कार्रवाई बालूमाथ थाना के पुअनि अमित कुमार रविदास के नेतृत्व में की गई है। बालूमाथ थाना में दर्ज मामले में आरोपी बालदेव गंझू उर्फ अमरेश, पिता पचु गंझू, निवासी गोनिया, छाताबार व केदार यादव, पिता राघो यादव, निवासी महवाटांड़, थाना बारियातु, जिला लातेहार दोनों पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है। दोनों अभियुक्त प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) से जुड़े हुए हैं, और लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने न्यायालय से प्राप्त इश्तेहार के आधार पर दोनों आरोपियों के निवास स्थान पर दो





स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में नोटिस को घर की दीवार पर चिपकाया। पुलिस ने परिजनों से कहा कि यदि एक माह के अंदर दोनों आरोपी न्यायालय में आत्म समर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध अग्रेत्तर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई को नक्सली नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बालूमाथ क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए एसपी कुमार गौरव लगातार अभियान चला रहे हैं। मौके पर पुनी अमित कुमार, सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# योजना समिति की बैठक में कई योजनाओं का अनुमोदन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** योजना समिति नगर पंचायत की एक बैठक सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह व विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित की गयी। मौके पर नगर प्रशासक राजीव रंजन समेत विभिन्न विभागों के प्रधान व अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे। नगर प्रशासक ने बताया कि आगामी समय में क्षेत्र में जो योजनायें चलायी जानी है, उन योजनाओं के चयन के लिए योजना समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी बरसात को देखते हुए नाली सफाई के लिए सफाई कर्मियों को अगले छह माह के लिए संविदा पर रखने पर स्वीकृति प्रदान की गई। सड़क की सफाई के लिए स्वीपींग मशीन की क्रय करने के की स्वीकृति प्रदान की गई। मंगलवार बाजार में स्थित मछली शेड को अन्य व्यवसाय के लिए प्रदान करने, नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय के कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण के लिए जमीन की मांग करने, मंगलवार बाजार, बस स्टैंड की जमीन की मापी करने और आम सभा से प्राप्त हुए नागरिक सुविधा,शहरी परिवहन की विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। एसआरएलएम प्रोजेक्ट लातेहार के तहत क्रियान्वयन के लिए बायलॉज बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य कई योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में श्रम अधीक्षक, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया, जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता आदि मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

**लातेहार।** डीएवी स्कूल जूनियर विंग भवन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक के सैकड़ों बच्चों ने काफी उत्साह पूर्वक भाग लिया। सुबह से ही बच्चों में उत्साह देखते बन रही थी। अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचे सैकड़ों बच्चे मंगलवार को हरे रंग के पोशाक पहने थे। कोई सिर पर पत्तों का मुकुट पहने, तो कोई गले में पत्तों का माला पहने। कोई पत्तों से निर्मित संपूर्ण वेशभूषा में, तो कोई पूर्ण रूप से फलदार और छायादार वृक्ष के रूप में विद्यालय पहुंचे। सभी बच्चों के हाथों में पृथ्वी और प्रकृति के सरंक्षण के लिए कई सुझावपूर्ण स्लोगन और नारों से लिखी तख्ती थी। इस अवसर पर विद्यालय में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सैंड आर्ट,क्ले आर्ट, स्लोगन राइटिंग, फैंसी ड्रेस, पौधारोपण ,कविता वाचन ,पोस्टर मेकिंग ,वॉल हैंगिंग, पंजा छपाई, रंगोली, चित्रकला ,क्विज जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक के सैकड़ों बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्रशाल में चारों तरफ दीवारों पर कई सारे महत्वपूर्ण स्लोगन लिखे हुए चित्र और तस्वीरों को लगाया गया था, जिससे बच्चों के अंदर धरती और अपनी बहुमूल्य प्रकृति के संरक्षण के लिए निर्देश था। तस्वीरों के माध्यम से प्रकृति की संरक्षण के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। मौके पर वृक्षों के कटाव को रोकने के लिए बच्चों ने नाटक भी प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने कहा कि हम सभी भारतवासी धरती को माता के नाम से पुकारते हैं और अपनी मातृभूमि को की पूजा करते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को कहा कि पृथ्वी और प्रकृति के विनाश को रोकने के लिए सर्वप्रथम हम सभी को युद्ध स्तर पर पौधारोपण-वृक्षारोपण कार्य करना होगा। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के हाथों से विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम को देखकर विद्यालय के प्राचार्य काफी प्रभावित हुए। मौके पर विद्यालय की शिक्षिका अंबिका, रुक्मणि, नेहा, प्रिया, नसरीन, अंचला, शिक्षक प्रभात रंजन,सूरज मिश्रा, अरुण पांडेय, राकेश रंजन तिवारी, रवि प्रकाश तिवारी, कुणाल, दयानंद मिश्र, सचिन त्रिपाठी, राधा रमण मिश्र उपस्थित थे।

# बनवारी साहू महाविद्यालय में मनाया गया पृथ्वी दिवस, निकाली गई जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के बनवारी साहू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्ववावधान में पृथ्वी दिवस मनाया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो. पीके तिवारी और सचिव अंजू गुप्ता ने पौधारोपण किया। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पोषक क्षेत्र बानपुर इलाके में जागरूकता रैली निकाली। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना है तो हमें पर्यावरण की रक्षा करना होगा। सचिव अंजू गुप्ता ने कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने का मकसद पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देना, प्रदूषण कम करना और ऊर्जा समेत संसाधनों की खपत को रोकना है। ऐसे में व्यक्ति अपने स्तर पर भी इस दिन को मनाने में



योगदान दे सकता है। एनएसएस के नोडल अधिकारी प्रो. नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। यह हर पीढ़ी की जिम्मेदारी बनती है कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और खुशहाल पृथ्वी बनाए रखे। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा दें। पर्यावरण को सुरक्षित रखना, पर्यावरण संरक्षण में आने वाली चुनौतियों से लड़ना, लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीके बताना जरूरी है। इसके अलावा जनसंख्या वृद्धि पर नजर रखना, वनों की कटाई को रोकना, प्रदूषण कम करने की तरफ कदम बढ़ाना और पृथ्वी के हित में अन्य सभी कार्य करने के लिए लोगों को जागरूक करना विश्व पृथ्वी दिवस का उदेश्य है। मौके पर एनएसएस के आयुष चौधरी समेत कई स्वयंसेवक मौजूद थे।

# उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, निदान का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों को जल्द जांच करा कर समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में 15 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, विधवा पेंशन से संबधित आवेदन था। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक......................./दिनांक........................

### आम सूचना

आप सभी होर्डिंगधारियों/एजेंसियों/संवेदक को सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग बोर्ड अधिष्ठापन हेतु वितीय वर्ष 2025–26 के लिए दर की विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | अधिष्ठापन का स्थान | पंजीकृत होर्डिंग की दर | अधिष्ठापन शुल्क/ | पंजीकरण शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सरकारी | 80 Rs. per sqft. | 30,000/– | 5,000/– |
| 2. | गैर–सरकारी | 25 Rs. per sqft. | 30,000/– | 5,000/– |
| 3. | इलेक्ट्रिक पोल | 200 Rs. per sqft. | 30,000/– | 5,000/– |
| 4. | युनिपोल | 300 per sqft. Both Sides | 30,000/– | 5,000/– |
| 5. | लॉली पोप | 200 per sqft. | 15,000/– | 5,000/– |
| 6. | तोरण पोल (Toran Pole) | 2000 for 3 Days | – | 5,000/– |
| 7. | ट्रैफिक पुलिस बुथ, पार्किंग बुथ, दुग्ध बिक्री बुथ | 200 Rs. per sqft. | – | 5,000/– |
| 8. | वाहन से प्रचार–प्रसार | किसी भी संस्थान/प्रतिष्ठान/व्यवसायी को वाहन से प्रचार–प्रसार करने हेतु प्रति सप्ताह मो0– 5,000/–रू0 का शुल्क कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के धारा– 600 के तहत् मो0– 25,000/– रू0 का जुर्माना लगाया जायेगा। | | |
| 9. | दिवार पेन्टिंग (प्रचार– प्रसार हेतु) | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत दिवालों पर प्रचार–प्रसार हेतु पेन्टिग किया जाता है तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के धारा– 600 के तहत् मो0– 25,000/– रू0 का जुर्माना लगाया जायेगा। | | |

नोट :– सभी होर्डिंगधारी/एजेंसी/संवेदक को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु सभी प्रकार के होर्डिंग/युनिपोल के प्रचार–प्रसार हेतु निम्न नियम एवं शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा।

1. पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा जिसका शुल्क प्रति वित्तीय वर्ष मो0– 5,000/– रूपये है।
2. कुल दर का 50 प्रतिशत शुल्क अग्रिम भुगतान करना अनिवार्य होगा।
3. कुल दर का 25 प्रतिशत शुल्क का वित्तीय वर्ष के द्वितीय त्रैमासिक (Quarter) में भुगतान करना अनिवार्य होगा।
4. शेष 25 प्रतिशत शुल्क का वित्तीय वर्ष के तृतीय त्रैमासिक (Quarter) में भुगतान करना अनिवार्य होगा।
5. सभी होर्डिंगधारी/एजेंसी/संवेदक अपने अधिष्ठापित होर्डिंग/युनिपोल पर एजेंसी का नाम, पंजीकरण संख्या (जो कार्यालय द्वारा दिया जायेगा), मोबाईल नं0 अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।
6. बिना पंजीकरण/अनुमति के होर्डिंग/युनिपोल/बैनर/तोरण द्वार/दीवाल पेंटिंग आदि प्रचार–प्रसार के लिए लगाए जाते है तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के धारा 602 के अध्याय 19 के तहत् सुसंगत धाराओं में नियत दर का 2 गुणा से 5 गुणा जुर्माना वसुला जायेगा एवं होर्डिंग/युनिपोल/बोर्ड/तोरण द्वार जब्त की जा सकती है।

अतः सभी होर्डिंगधारी/एजेंसी/संवेदक को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना का अनुपालन इस वित्तीय वर्ष में करना सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350782 (District)25-26*D


## पृथ्वी व पर्यावरण के महत्व की दी जानकारी



**कुंदा (चतरा)।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कुंदा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके अमौना,काशीलौंग, नवादा गांव समेत अन्य स्थानों पर आयोजित शिविर में उपस्थित लोगों को पृथ्वी और पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया। बताया गया कि विश्व पृथ्वी दिवस हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पृथ्वी और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर लोगों को बताया गया कि पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें क्या-क्या कदम उठाने होंगे। लोगों को बताया गया कि जंगलों के अंधाधुंध दोहन और प्राकृतिक संसाधनों के दुरूपयोग को रोकना चाहिए। भूमिगत जल को सुरक्षित रखने के लिए अधिक पौधरोपण करने की आवश्यकता है। शिविर में अधिकार मित्र संजय कुमार चौधरी,मुन्ना दास,अजीत कुमार, प्रवीण पासवान, किरण कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बरसात से पूर्व बिजली पोल की व्यवस्था सुनिश्चित करें : अनीता देवी

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रजवार गांव का भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति से जुड़ी गंभीर समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि रजवार के कई टोलों में बिजली आपूर्ति के लिए लकड़ी के खंभों का उपयोग किया गया है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिप उपाध्यक्ष ने तत्परता दिखाते हुए लातेहार विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से बात की। साथ ही इस कार्य से जुड़े संवेदक से भी संपर्क कर बरसात शुरू होने से पूर्व हर हाल में बिजली पोल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## बीडीओ के पहल पर खराब चापानल की जा रही मरम्मत

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष के पहल पर क्षेत्र में खराब पड़े चापानल की मरम्मती कार्य पीएचईडी विभाग करा रहा है। प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों सरकारी चापानल नल खराब था। इसकी जानकारी बीडीओ मनीष कुमार को ग्रामीणों द्वारा दी गई। पानी की समस्याओं को सुनने के बाद बीडीओ ने पंचायतों में संबंधित पंचायत सचिव को खराब पड़े चापानल को चिन्हित कर सूचीबद्ध करा कर पीएचईडी विभाग को सुपुर्द कर मरम्मती करने का निर्देश दिया। इसके बाद पीएचईडी विभाग द्वारा कदगांवा कला, हुसिया पंचायत में खराब चापानल नल की मरम्मती कार्य की गई। साथ ही अन्य पंचायतों में भी खराब पड़े चापानल की मरम्मती कार्य की जा रही है। बीडीओ ने क्षेत्र में अन्य स्थानों पर लगे सरकारी चापानल यदि खराब पड़ा हो तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में पृथ्वी दिवस मनाया गया

**लातेहार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भैया बहनों ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर रंगोली बनाकर भाग लिया। रंगोली के माध्यम से पृथ्वी को प्रदूषण के कारण हो रहे नुकसान व पृथ्वी के अस्तित्व संकट को दर्शाया गया। बताया गया कि अंधाधुंध विकास के कारण पृथ्वी में ग्लोबल वार्मिंग हो रहा है। विद्यालय के आचार्य कपिल देव प्रमाणिक ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए भैया बहनों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय की दीदी रजनी नाग ने भैया बहनों के बीच विकास के साथ वृक्षारोपण करने, जल की बर्बादी रोकने की बात की। पृथ्वी दिवस के अवसर पर कक्षा 6 की रानी पलक, कक्षा 7 की श्रेया ,जिया ,आकांक्षा ,अदिति, कक्षा 8 की सौम्या ,सोनम, आकांक्षा, कक्षा 9 की चैताली, कोमल, अलका आदि ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग ली।

# अयोग्य राशन कार्डधारी को कार्ड सरेंडर करने का निर्देश

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार की अध्यक्षता में पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक में एमओ ने सभी मद के खाद्यान का उठाव व वितरण की समीक्षा की। उन्होंने सभी दुकानदारों से वितरण की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत वितरण करने का निर्देश दिया। सभी दुकानदारों को अपने-अपने दुकानों को संधारित करने को लेकर भी निर्देश दिया। उन्होंने राशन कार्ड में शामिल सभी कार्डधारकों का शत प्रतिशत ई केवाईसी इंट्री कराने को लेकर कार्य करने को निर्देश दिया है। इसके अलावा वैसे कार्डधारी जो पात्रता सूची की अहर्ता नहीं रखते है उन्हें शीघ्र ही अपना कार्ड को प्रखंड या जिला कार्यालय में सरेंडर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जांच के क्रम में अहर्ता नहीं रखने वाले कार्डधारकों के विरुद्ध जुर्माना की कारवाई की जाएगी। उन्होंने ई केवाईसी कार्य को 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। बताते चले कि प्रखंड अंतर्गत कुल 24202 कार्डधारक परिवार में, 1,14,033 लाभुकों में से अब तक 80700 लाभुकों ने ही ई केवाईसी कराया है। कुल प्रतिशत 70.85 ही पूर्ण हो पाया है। दुकानदारों को बाकी छुटे हुए लाभुकों का निर्धारित तिथि तक ई केवाईसी संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर सहायक गोदाम प्रबंधक विजय कुमार,प्रखंड ऑपरेटर संजय यादव,रामकृष्ण मिश्रा,शाहिद खान,मुंशी प्रसाद,रमेश प्रसाद, बालदेव गंझु,दामोदर उपाध्याय, संतोष प्रसाद,महेंद्र प्रसाद, कलावती देवी, संतोष प्रसाद, गणेश चौरसिया,सबिला खातून समेत सभी पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

# बारकोड के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मिलेगी पेड़-पौधों की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**चंदवा।** प्रखंड के संकुल संसाधन केंद्र काली अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय काली,माल्हन, ढोटी व डुमारो में छात्र-छात्राओं ने पेड़ पौधों की जानकारी के लिए बारकोड बनाया। जल पखवाड़ा अंतर्गत मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने संकुल साधन सेवी विकास कुमार की मदद से बारकोड बनाया है। संकुल साधन सेवी विकास कुमार ने बताया कि बारकोड में संबंधित पेड़ पौधों की पूरी जानकारी उपलब्ध रहती है। बच्चे पेड़ पौधे की संपूर्ण जानकारी पौधों के पास लगाए गए बारकोड के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संकुलाधीन सभी विद्यालयों में 30 अप्रैल तक जल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जल पखवाड़ा के माध्यम से छात्र-छात्राओं में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता दी जा रही है। मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर संकुल संसाधन केंद्र काली में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण व पेड़-पौधों के संरक्षण की छात्र-छात्राओं ने शपथ ली।


## सार्वजनिक सूचना
## न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम. लोढ़ा समिति (पीएसीएल लिमिटेड के मामले में)

**पीएसीएल लिमिटेड के निवेशकों/आवेदकों को भुगतान की स्थिति**

1. न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम. लोढ़ा समिति ने 8 फरवरी, 2019 की प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पीएसीएल लिमिटेड के निवेशकों से रिफंड के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा था। समिति चरणबद्ध तरीके से, स्लैब के अनुसार निवेशकों से प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई कर रही है, और वर्तमान में 20,000/- रुपये तक की दावा राशि वाले आवेदनों पर कार्रवाई की गई है और पात्र दावा आवेदनों के संबंध में भुगतान किया गया है। निवेशकों द्वारा उनके आवेदनों के साथ अपलोड किए गए दस्तावेजों के सत्यापन के बाद भुगतान संसाधित किए जाते हैं और भुगतान राशि की गणना तदनुसार की जाती है।
2. समिति ने समय-समय पर 19,000 रुपये तक के दावे वाले निवेशकों को, जिनके आवेदन में कमी पाई गई थी, अपने आवेदनों की स्थिति/कमियों की जांच करने और कमियों को दूर करने का अवसर भी प्रदान किया है, ताकि आवेदनों पर कार्रवाई की जा सके। ऐसा अंतिम अवसर 13 जून, 2024 तक प्रदान किया गया था। वर्तमान में, दावा आवेदनों में कमियों को दूर करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है और निवेशक इस संबंध में समिति से आगे की अधिसूचना की प्रतीक्षा कर सकते हैं।
3. 31 मार्च, 2025 तक समिति ने 22,16,132 पात्र आवेदनों (20,000/- रुपये तक के दावों के साथ) के संबंध में कुल 1163.03 करोड़ रुपये की धनराशि का रिफंड सफलतापूर्वक किया है।

मुंबई
17 अप्रैल, 2025 — नोडल अधिकारी-सह-सचिव

सीबीसी 15204/11/0019/2526



## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## (आपदा प्रबंधन प्रभाग)

### प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य में गर्मी के कारण तापमान में अचानक वृद्धि को देखते हुए ग्रीष्म लहर/लू (Heat Wave) से बचाव के लिए आमजन निम्नलिखित उपाय करें :–

**ग्रीष्म लहर/लू के दौरान क्या करें और क्या न करें**

**क्या करें**

**सभी के लिए आवश्यक**
- स्थानीय मौसम की खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें।
- प्यास न लगने पर भी पर्याप्त पानी पियें।
- अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ORS (ओरल रिहाइड्रेशन सोल्यूशन), घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ, आग में पका आम का शरबत आदि का प्रयोग करें।
- हल्के, हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें।
- अपना सिर ढकें: कपड़े, टोपी या छाते का उपयोग करें।

**नियोक्ता और श्रमिक**
- कार्य स्थल के पास ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएं।
- कर्मचारियों को सीधे सूर्य की रोशनी से बचने के लिए सावधान करें।
- कठिन कामों को दिन के ठंडे समय में करने का कार्यक्रम बनाएं।
- बाहरी गतिविधियों के लिए विश्राम अवकाश की आवृत्ति और अवधि बढ़ाना।
- गर्भवती श्रमिकों और किसी चिकित्सीय समस्या से ग्रस्त श्रमिकों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए।

**अन्य सावधानियाँ**
- जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें।
- अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या सनशेड का प्रयोग करें और रात में खिड़कियां खोलें।
- निचली मंजिलों पर रहने का प्रयास करें।
- पंखे/कूलर/ए.सी. का प्रयोग करें और बार–बार ठंडे पानी से नहाएं।
- यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।
- पशुओं को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त पानी दें।

**लू लगने पर क्या करें**
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें। अगर तंग कपड़े हों तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलायें।
- व्यक्ति को ORS/नींबू पानी/नमक–चीनी का घोल पीने को दें।
- यदि व्यक्ति पानी की उल्टियाँ करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने व पीने को न दें।
- व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाएँ।

**क्या न करें**
- धूप में बाहर जाने से बचें, विशेषकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच।
- दोपहर के समय बाहर जाते समय अधिक श्रम वाले कार्य करने से बचें।
- नंगे पैर बाहर न जाएं।
- अत्यधिक गर्मी के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के क्षेत्र में पर्याप्त हवा आने के लिए दरवाजे और खिड़कियाँ खोलें।
- शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं।
- उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न खाएं।
- बच्चों या पालतू जानवरों को पार्क किए गए वाहनों में न छोड़ें क्योंकि वे ग्रीष्म लहर/लू से प्रभावित हो सकते हैं।

आपदा प्रबंधन प्रभाग,
झारखण्ड, राँची

PR 348841 Disaster Management(25-26)#D

## महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से हुआ आयोजित



**इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है।**
यशोदा कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विश्व पृथ्वी दिवस आयोजित किया गया। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई।

जीव विज्ञान की आचार्या यशोदा कुमारी ने विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिन पूरी दुनिया में पृथ्वी दिवस को सेलिब्रेट किया जाता है, इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम है - हमारी शक्ति, हमारा ग्रह। इस अवसर पर लोहरदगा समाहरणालय के पास महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण, भूमि संरक्षण, वायु संरक्षण से संबंधित संदेश समाज में प्रसारित किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में भैया अमन टोप्पो के द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, सनोज कुमार साहू, नीतू कुमारी, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कुएं में डूबने से युवक की मौत



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के हलवाई बगीचा के समीप भदवा कुंआ में डूबने से युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान भंडरा गांव निवासी स्वर्गीय बिरसा उरांव के पुत्र दशरथ उरांव उम्र 40 के रुप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दशरथ मंगलवार की सुबह घर से नहाने के लिए हलवाई बगीचा स्थित भदवा कुंआ नहाने के लिए आया हुआ था। इसी दौरान पैर फिसलने से कुंआ में गिर गया। कुंआ में गिरकर दशरथ की मौत की जानकारी बकरी चराने गए ग्रामीणों ने घर वालो को दिया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को निकाला गया।

# ध्वस्त सड़क का शीघ्र मरम्मत कराए जिला प्रशासन : आलोक साहू

**सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर आलोक साहू गांव का दौरा कर ग्रामीणों के साथ ध्वस्त सड़क का निरीक्षण किये**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत को सेन्हा प्रखंड के तोड़ार पाखन टोली के ग्रामीणों ने आवेदन देकर अरु- साके पथ में तोड़ार पाखनटोली के पास नहर के ऊपर बने आरइओ सडक जो ध्वस्त हो गया है उसे शीघ्र मरम्मत करवाने का आग्रह किए थे। सांसद के निर्देश पर मंगलवार को सांसद के निजी सहायक सह लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू पाखन टोली पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से मिलकर ध्वस्त सड़क का निरीक्षण किया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि विगत दिनों भारी वर्षा होने के कारण सड़क ध्वस्त हो गया है बड़ी गाड़ी बड़ी मुश्किल से जा रहा है इसका शीघ्र मरम्मत नहीं कराया गया तो वर्षा होने पर अगर पूरा रास्ता ध्वस्त हो जाता है तो दर्जनों गांव का आवागमन बंद हो जाएगा ।सड़क ध्वस्त होने के कारण एक बुजुर्ग का नहर में गिरकर मृत्यु हो गया था। मौके पर श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा सांसद जन समस्याओं के निदान हेतु लगातार प्रयास कर रहे हैं। आपकी समस्याओं का निदान भी सांसद जी के प्रयास से होगा। मौके पर से श्री साहू ने लोहरदगा उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण से वार्ता कर यहां की स्थिति से अवगत कराते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत तत्काल इसे मरम्मत करने की मांग की,और कहा कि अगर तत्काल मरम्मत नहीं कराया गया तो वर्षा होने पर अगर सड़कपूरा ध्वस्त हो गया तो ढोका, चौकनी ,हेसवे साके डांडू उरु सहित दर्जनों गांव का आगमन ठप्प हो जाएगा। इस सड़क से सेन्हा का प्रसिद्ध जलप्रपात धरधरिया फांल आने जाने का भी रास्ता है ।उपायुक्त ने श्री साहू का आश्वसन दिया कि मरम्मति कार्य शीघ्र किया जाएगा। मौके पर सिन्हा प्रखंड के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष नंदू शुक्ला, मुखिया बुधु भगत, बाबू उरांव,शौकत अंसारी, रंजीत यादव ,गुल मोहम्मद अंसारी, चंद्रदेव भगत, सिराज भगत ,पवन उरांव ,बुधवा उरांव ,दीपक उरांव, निशांत उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।



## उर्दू उच्च विद्यालय में बाल संसद का गठन



**कैरो/लोहरदगा।** राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह मे मंगलवार को शैक्षणिक सत्र के लिए बाल संसद का गठन किया गया। बच्चे उत्साहपूर्वक कक्षावार नये सांसदों का चयन किया। इसके बाद लोकतांत्रिक तरीके से 11 मंत्रियों और 11 उपमंत्रियों को अपने मतदान के माध्यम से निर्वाचित किया। इस प्रकार नव निर्वाचित कुल 22 मंत्रियों को अपने -अपने पद और गोपनीयता की शपथ दिला गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक ने कहा कि किसी भी संस्थान या विद्यालय के सफल संचालन और आवश्यक अनुशासन के लिए बाल नेतृत्व की अति आवश्यकता होती है। बाल नेतृत्व से ही अनुशासन संभव होता है, जो शैक्षणिक माहौल के लिए जरूरी है। नव निर्वाचित सभी मंत्रियों एवम् बाल सांसद को उनके कार्य और दायित्व के बारे में प्रधानाध्यापक ने विस्तार से बताई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और गणमान्य लोग मौजूद थे।

**बारह पड़हा समाज की बैठक हुई**

## हमारे समाज को दूसरों से ज्यादा अपने समाज के राजनीति कताओं का डर है : नारायण भगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बारह पड़हा हिसरी की बैठक पतरातू गांव में देवान मंगेश्वर भगत के अध्यक्षता में हुआ। इसमें मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा वेल लक्ष्मी नारायण भगत एवं भंडारी गोसाईं भगत उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी के अनेक संगठन होने पर हो रहे बिखंडो पर चर्चा हुई। पहले से जिला राजी पड़हा ही एक मात्र संगठन होने से समाज मजबूत होती थी। सभी गांव से उपस्थित लोगों ने कहा कि जिला राजी पड़हा लोहरदगा वह है जिसे सभी क्षेत्रीय पड़हा के अनेक वेल देवान कोटवार मिल कर बनाया है वही मान्य है। जिला राजी पड़हा लोहरदगा द्वारा 01 मई को अकाशी सम्मेलन में उचित रूप से उपस्थित रहने की बात कही गई। वही विशु सेंदरा पर विचार किया जाने की बात कही गई। सभी गांव से आए हुए अपने समाज के लिए अच्छा अनुभव विचार किया गया। लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि हमारे समाज को दूसरों से ज्यादा अपने समाज के दलाल और राजनीति कताओं से डर है। हमारे समाज में कुछ लोगों को अलग अलग तरीके और संगठन बना कर व्यापार और नेताओं से सौदा करने का आदत हो गया है।



## पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंजूरमती उच्च विद्यालय महादेव आश्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों ने भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान पाने वाली आरती उरांव (कक्षा 10वीं बी) ने अपनी अद्भुत पेंटिंग से सभी को प्रभावित किया।

द्वितीय स्थान पर रही रोहिणी कुमारी (कक्षा 9वीं बी) ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। तृतीय स्थान पर अनुप्रिया मिंज (कक्षा 10वीं बी) ने अपनी पेंटिंग में पर्यावरण के महत्व को दशार्या। वही शशिकांत सिंह (कक्षा 7वीं ए) ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की ओर से विजेताओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई और उन्हें आगे भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



## शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर कांग्रेसी नेता ऐनुल अंसारी ने बंधाया ढांढस, जताई गहरी शोक संवेदना

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कैरो प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम टोली की आंगनबाड़ी सेविका नसीमा खातून की सड़क दुघर्टना में सोमवार को निधन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही कुडू प्रखंड उप प्रमुख सह कैरो प्रखंड कांग्रेस पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी ने मृतिका के आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी शोक संवेदना प्रकट कर परिवार के लोगो को ढांढस बंधाया। तथा हर संभव मदद की भी बात कही। वही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की आंगनबाड़ी सेविका काफी अच्छी स्वभाव की थी वो अपने कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करती थी।

लोगों के साथ उनका व्यवहार काफी अच्छा था लोगो के समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा आगे रह रहती थी। उनका इस दुनिया से चले जाना समाज और छेत्र के लोगो के लिए अपूरणीय क्षति है इस मौके पर कैरो प्रखंड अंजुमन के सदर जमील अख्तर, कैरो मुखिया बीरेंद्र महली, वारिश अंसारी, कांग्रेसी नेता मुजाहिद अंसारी, समरुद्दिन अंसारी,अरशद अंसारी,इम्तियाज अंसारी, आदि मौजूद थे।



## नाबालिक और उसकी बुआ से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल कारावास की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा मे नाबालिक बुआ और बेटी का कथित योन शोषण करने का आरोपी भंडरा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी जीतू उरांव का पुत्र महावीर उरांव (25 वर्ष) को मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने दोषी मानते हुए 20 साल कारावास और ?25 हजार का अर्थ दंड लगाने की सजा सुनाया है। पीड़िता द्वारा भंडरा थाना कांड संख्या 11/ 2013 में आरोपी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में सुनवाई करते हुए सिक्स पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी महावीर उरांव को पीडीजे राजकमल मिश्रा की अदालत ने सजा सुनाया है। आरोपी महावीर उरांव को न्यायिक हिरासत में पहले पुलिस भेज चुकी है। न्यायालय में सुनवाई के दौरान आरोपी को सजा दिलाने में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा की सराहनीय भूमिका रही है। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि, विकृत और घटिया मानसिकता वाले दुष्कर्मियों के लिए न्यायालय की सजा सबक है। इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा। कानून से ऊपर कोई नहीं है। न्यायालय का फैसला आने के बाद स्थानीय स्तर पर जन सामान्य इसकी सराहना कर रहे हैं। इधर, स्थानीय न्यायालय द्वारा पोक्सो एक्ट के पीड़ितों समेत अन्य आपराधिक मामलों में लगातार अपराधियों को सजा मिलने से लगातार समाज में सकारात्मक संदेश जा रहा है।



### क्या है मामला

दोनों नाबालिक पीड़िता और आरोपी महावीर उरांव भंडरा के रहने वाले हैं। लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि, पहली घटना वर्ष 2017 की है पीड़िता गांव के स्कूल में आठवीं की छात्रा थी। स्कूल जाने के दौरान रास्ते में पीड़िता से आरोपी छेड़छाड़ करता था। इस दौरान पीड़िता और आरोपी में प्रगाढ़ दोस्ती हो गई। आरोपी महावीर पीड़िता को झांसे में लेकर तिलसरी नदी किनारे स्थित मशीन घर ले गया। वहां वह पीड़िता के साथ कथित दुष्कर्म किया। इसके बाद वह पीड़िता को भगाकर अपने साथ सिकंदराबाद स्थित ईंट भट्ठा ले गया। इस दौरान अगस्त माह 2021 में उसे एक पुत्री हुई। 2 वर्ष बाद नाबालिक पीड़िता को लेकर वह भंडरा स्थित अपने गांव लौटा। ईंट भट्ठा में पीड़िता के साथ गंभीर मारपीट करता था। भंडरा लौटने के बाद आरोपी महावीर पीड़िता से लगातार मारपीट कर किनारा करने लगा। पीड़िता से विवाह करने की जगह उसे छोड़कर आरोपी महावीर पीड़िता की नाबालिक बुआ को अपने कथित झांसे में ले लिया। पीड़िता की नाबालिक बुआ को लेकर एक बार फिर आरोपी महावीर उरांव सिकंदराबाद ईंट भट्ठा भाग गया। इस मामले पर नाबालिक पीड़िता की बुआ का भाई ने भंडरा थाना में आरोपी महावीर उरांव के विरुद्ध अलग से अपहरण और यौन शोषण का मामला दर्ज कराया है।

## प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रदेश चीफ कन्वेनर बने अल्ताफ

**नवीन मेल संवाददाता**



**कैरो/लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस ने ग्राम कैरो निवासी अल्ताफ अंसारी को झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रदेश चीफ कन्वेनर बनाया गया। प्रदेश चीफ कन्वेनर बनाए जाने के बाद अल्ताफ अंसारी ने कहा कि मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं मैं युवाओं के साथ समन्वय स्थापित कर नए युवाओं को पार्टी में जोड़ने का प्रयास करूंगा पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ चलूंगा एवं पार्टी की और ज्यादा मजबूती के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा। संगठन द्वारा सौंपी गई इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाऊँगा।

## बीडीओ बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायती राज समेत प्रखंड क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं की पंचायतवार विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभुकों के सर्वे को शीघ्र पूर्ण करने और लंबित तथा अधूरे पड़े अबुआ आवास योजना के लाभुकों से संपर्क कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। वर्तमान में चल रहे आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने हेतु सभी पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश दिए गए। मनरेगा योजना के तहत कूप निर्माण कार्य, बागवानी योजना में इंटरक्रॉपिंग, साफ-सफाई, एच टेका और नए बागवानी योजनाओं के चयन पर भी विशेष जोर दिया गया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत जिला से प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप सभी पंचायतों में योजना स्वीकृति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बीडीओ ने मनरेगा योजनाओं में अधिकतम मानव दिवस सृजन करने, लंबित योजनाओं को जल्द पूर्ण कर अभिलेख बंद करने तथा कार्य में लापरवाही या उदासीनता पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास योजनाओं में गति लाना सभी कर्मियों की जिम्मेदारी है, जिसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बांसजोर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन



**बांसजोर।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार की देखरेख में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी हेतु विशेषज्ञ चिकित्स्कों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में 32 महिलाओं ने बंध्याकरण के लिए अपना पंजीकरण कराया जिसमें 22 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने कहा की यह शिविर हमारे स्वास्थ्य केंद्र की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करना एवं उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान करना है। इस शिविर के आयोजन में हमारी टीम ने कड़ी मेहनत की है ओर हमें उम्मीद है यह शिविर क्षेत्र की महिलाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

## कांग्रेस पार्टी से गद्दारी करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई : संदीप गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड के जिला परिषद सदस्य और कांग्रेस पार्टी के पंचायती राज कमेटी के जिला अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी के विरोधियों और भीतरघात करने वाले नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि कुछ लोगों ने पार्टी को अंदर से खोखला करने की कोशिश की है। ऐसे लोगों ने पार्टी के साथ विश्वासघात किया है। यह लोग कांग्रेस पार्टी में रहते हुए कांग्रेस पार्टी को भीतर से कमजोर करते रहे। जिसकी वजह से पार्टी की कई बार फजीहत हुई है। संदीप गुप्ता ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के लोहरदगा विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव के खिलाफ कुछ नेताओं ने चुनाव प्रचार किया था। उन्हें हराने की कोशिश की गई थी। इन लोगों को चिन्हित करते हुए जांच करने की शिकायत पार्टी आलाकमान से की गई थी। इन नेताओं में आलोक साहू, राजू कुरैशी उर्फ सोनू, जगदीप भगत, परवेज कुरैशी उर्फ राजू कुरैशी, साजिद अहमद उर्फ चंगु नेसार अहमद, सलीम अंसारी उर्फ बड़े, मोजम्मिल अंसारी, रऊफ अंसारी, गुलाम जिलानी, फहद खान ,जफर खान और कुदुस अंसारी जैसे नेता शामिल हैं। यह सभी लोग लोहरदगा विधानसभा चुनाव के समय खुलेआम डॉक्टर रामेश्वर उरांव के खिलाफ काम कर रहे थे। उसने से कुछ नेता ऐसे भी हैं, जो पहले भी पार्टी विरोधी कार्य की वजह से पार्टी से निकाले जा चुके हैं। फिर एक बार ऐसी ही हरकत कर रहे हैं। पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू और डॉ. रामेश्वर उरांव के साथ-साथ निष्ठावान कार्यकताओं की मेहनत की वजह से ही विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत मिली थी। जो लोग पार्टी विरोधी कार्य कर रहे हैं, इन नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के बजाए आजसू प्रत्याशी के पक्ष में काम किया था ।वह सांसद सुखदेव भगत के करीबी माने जाते हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को लिखित रूप से स्थानीय विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने इन लोगों के खिलाफ शिकायत की थी। इसके बाद मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें विधायक राजेश कच्छप और कुमार महेश सिंह शामिल हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के आलाकमान से मांग करते हुए कहा है कि जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट सामने कर इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अब जनता इनके कारनामों को समझ चुकी है। इन लोगों की वजह से ही कांग्रेस पार्टी की फजीहत हुई है। प्रदेश कमेटी तत्काल इन सभी नेताओं को पार्टी से बाहर करे। साथ ही ऐसे नेताओं को पार्टी से दूर करते हुए स्वच्छ छवि वाले नेताओं को तरजीह देना चाहिए। उन्हें यह पूर्ण विश्वास है कि इन सभी नेताओं ने विधानसभा चुनाव के दौरान घूम-घूम कर रामेश्वर उरांव के खिलाफ खुलेआम काम किया था। जांच होने से सारी बातें स्पष्ट हो जाएंगी। ऐसे मौका परस्त नेताओं को पार्टी से दूर करना ही चाहिए। संदीप गुप्ता ने यह भी कहा है कि पार्टी के लिए प्रारंभ से ही काम करने वाले नेताओं और ऐसे अभिभावकों को बदनाम करने की कोशिश की गई है, जिनका पूरा परिवार ही हमेशा से कांग्रेस के लिए समर्पित रहा है। जबकि कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए पार्टी बदलने से भी परहेज नहीं किया था। ऐसे लोगों द्वारा पार्टी को अंदर से कमजोर करने की साजिश भी की गई थी। अब वक्त आ चुका है कि ऐसे नेताओं की पोल खोली जाए।



## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर जयनाथपुर का 10 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के जयनाथपुर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम मनाया गया। मंदिर में पूजन हवन कार्यक्रम पुरोहित बसन्त पाठक, संजीत पाठक की अगुवाई में किया गया। मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे से मंदिर में पूजन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ किया गया। दोपहर में हवन पूणार्हुति व महाआरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए श्रद्धालु दोपहर से ही जुटने लगे थे। देर रात तक भंडारा चलता रहा। लोग कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय गीत लहरियां बज रही थी। राम सियाराम सियाराम जय जय राम की आकर्षक व आनन्दमय धुन बज रही थी। इससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था गौरतलब है कि मंदिर की स्थापना 22 अप्रैल 2016 को हुई थी। मंदिर परिसर में रामदूत हनुमान जी के अलावे भगवान शिव, पार्वती व गणेश जी की मूर्ति स्थापित है। मंदिर के निर्माण के बाद से लगातार हर साल पूरे धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया जाता रहा है। मंदिर कमिटी के प्रवीण कुमार महतो, अभय कुमार महतो ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसके लिए आसपास के लोगो का हम सब सहृदय से धन्यवाद देते हैं। मौके पर श्वेता देवी,ममता कुमारी, सीता कुमारी, पूर्व वार्ड पार्षद संगीता कुमारी, प्रेमा देवी, आर्यन कुमार , अनिता कुमारी, अनिता उराव, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# सड़क नहीं तो वोट नहीं, ग्रामीणों ने सात घंटे तक किया नेतरहाट मार्ग जाम

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर(गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड के सेरका पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को लेकर रांची-नेतरहाट मुख्य सड़क को करीब सात घंटे तक जाम कर दिया। ग्रामीणों का आक्रोश इस बात को लेकर था कि आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी पंचायत के पूर्वी पठार क्षेत्र में मुख्यालय से हाड़ूप तक लगभग 14 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण अब तक नहीं हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि हर चुनाव में नेताओं और प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं होता। पिछली लोकसभा चुनाव में भी ग्रामीणों ने सड़क निर्माण नहीं होने पर वोट बहिष्कार की चेतावनी दी थी, जिसे लेकर प्रशासन को उन्हें मनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। ग्रामीणों के अनुसार, मार्च 2024 तक सड़क निर्माण कार्य शुरू करने का वादा किया गया था, लेकिन वह





भी झूठा साबित हुआ। ऐसे में ग्रामीणों ने मजबूर होकर एक बार फिर सड़क पर उतरने का निर्णय लिया। मंगलवार सुबह ग्रामीण हाई स्कूल स्टेडियम में एकत्र हुए, जहां से जुलूस की शक्ल में चमरा लिंडा मुदार्बाद, हेमंत सरकार हाय-हाय, संघर्ष समिति पंचायत सेरका जिंदाबाद, हमारी मांगे जायज हैं, जैसे नारे लगाते हुए ब्लॉक गेट तक पहुंचे। वहां सड़क पर बैठकर उन्होंने नेतरहाट मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया।

**जनमन योजना पर भी उठाए सवाल**

प्रदर्शन कर रही ग्रामीण महिला मंजीता देवी और बौद्धा बृजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई जनमन योजना का लाभ भी इस क्षेत्र में नहीं पहुंच पाया है। आदिम जनजाति समुदाय के लिए शुरू की गई यह योजना भी केवल दिखावा बनकर रह गई है।

**प्रशासन के आश्वासन पर माने ग्रामीण:**

लगातार सात घंटे तक सड़क जाम रहने के बाद बिशुनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। अंततः प्रशासन द्वारा 15 दिनों के भीतर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम हटाया। हालांकि, ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के अंदर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे पुनः अनिश्चितकालीन सड़क जाम आंदोलन करेंगे।

## राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का जलवा



**भरनो (गुमला)।** मणिपुर में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर-19 बालक और बालिका फुटबॉल टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। इस सफलता के पीछे भरनो प्लस टू हाई स्कूल के खेल शिक्षक अमित कुमार और डूडीया हाई स्कूल के खेल शिक्षक जितेन्द्र कच्छप की कोचिंग और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। झारखंड की टीम ने शुरू से ही प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। सेमीफाइनल में बालिका टीम ने तमिलनाडु को 5-0 से करारी शिकस्त दी, वहीं बालक टीम ने रोमांचक मुकाबले में मेजबान मणिपुर को टाईब्रेकर में 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में बालिका टीम ने एक बार फिर मणिपुर को हराकर खिताब अपने नाम किया और चैंपियन बनी।

# प्रेमिका के धोखे ने ली जानः बिशुनपुर के युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत गुरदरी थाना क्षेत्र के चौराहा पाठ गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। प्रेम में धोखा मिलने से आहत होकर 31 वर्षीय विजय मुंडा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विजय मुंडा एक युवती से प्रेम करता था और दोनों के बीच नियमित बातचीत होती थी।

लेकिन हाल ही में किसी कारणवश प्रेमिका ने उससे बातचीत बंद कर दी थी, जिससे विजय मानसिक रूप से टूट गया। वह लगातार उदास रहने लगा और शराब के नशे में डूबता चला गया। सोमवार की सुबह वह घर से निकला और वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन कोई पता नहीं चला। मंगलवार को गांव के कुछ चरवाहों ने अमती पानी माइंस के पास जंगल में एक पेड़ पर विजय का शव लटका हुआ देखा।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के माध्यम से पुलिस को सूचित किया गया। गुरदरी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतारा और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

इस घटना से गांव में शोक की लहर है। परिजन और ग्रामीणों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# स्कूटी सवारों की कुत्ते को बचाने के चक्कर में हुई दुर्घटना, दोनों जख्मी

नवीन मेल संवाददाता


**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के प्रोजेक्ट स्कूल ढलान के समीप एक चौंकाने वाली घटना में स्कूटी सवार दो युवक कुत्ते को बचाने के प्रयास में गिर गए, जिससे दोनों को चोटें आईं। घायल व्यक्तियों की पहचान अंकुर तिर्की (पिताः अमानुस तिर्की, उम्र 25 वर्ष) और राहुल लकड़ा (पिताः थेबिल्यूस लकड़ा, उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तेजी से घायल युवकों की मदद की और उन्हें एक निजी वाहन के माध्यम से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां, चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक



उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई है और उनकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है।इस घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना के एसआई विजय उरांव और अन्य जवान भी मौके पर पहुंचे और घायलों का उपचार सुनिश्चित किया। स्थानीय लोगों ने कुत्ते को बचाने के प्रयास को सराहा, लेकिन यह भी कहा कि इस तरह की घटनाओं में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### जन समस्याओं के त्वरित समाधान की पहल

# डीडीसी ने 30 से अधिक शिकायतों की सुनी पीड़ा, दिए त्वरित निदान के निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन सोमवार को समाहरणालय परिसर में किया गया। इस जन सुनवाई की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने की। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने विभिन्न मुद्दों से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की, जिनमें सड़क, पेयजल, आवास, नौकरी, आर्थिक सहायता और राशन से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं।

इस जन सुनवाई के दौरान उप विकास आयुक्त ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**मुख्य समस्याएं और दिशा-निर्देशः**

रायडीह प्रखंड के लुरु से हेसाग (छापर पोखरा) तक सड़क निर्माण कार्य 2024 में प्रारंभ होने के बाद भी अधूरा है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। इस पर उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सिलाफरी पंचायत के भरदा गांव में पेयजल संकट की गंभीर समस्या को देखते हुए नागफेनी जलापूर्ति केंद्र से जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।

इसके अतिरिक्त जन शिकायत निवारण शिविर में तबादले, पीएम आवास की किस्त, भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ, अबुआ आवास, सड़क-नाली निर्माण, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आश्रित को नौकरी जैसे कई मुद्दों पर लगभग 30 से अधिक

## 243 आंगनबाड़ी सेविकाओं को मानव मिती उपकरण का हुआ वितरित



**गुमला।** समेकित बाल विकास परियोजना एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुमला प्रखंड के 243 आंगनबाड़ी सेविकाओं को मानव मिती उपकरण (लंबाई और वजन मापने का यंत्र) वितरित किया गया। यह वितरण बाल विकास परियोजना कार्यालय गुमला परिसर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी (इऊड) दिलीप चोपड़ा उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सेविकाओं को निर्देशित किया कि वे इन उपकरणों का नियमित और सही तरीके से उपयोग करें, ताकि कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल गुमला को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका ने सभी सेविकाओं से उपकरणों की सही देखभाल और समुचित उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी बच्चों की लंबाई और वजन मापकर उसका विवरण रजिस्टर और पोषण ट्रैकर में दर्ज करना आवश्यक है, जिससे पोषण स्तर की निगरानी की जा सके। टाटा स्टील फाउंडेशन के जिला समन्वयक विजय शंकर दुबे ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में 50% तक की कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे सेविकाओं के सहयोग से ही प्राप्त किया जा सकता है।

# बस की स्पीड का कहर, स्कूली बच्चे हो रहे हैं परेशान, बस के धक्के से एक बच्चा हुआ घायल

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में बस चालकों का मनमाना स्पीड के चपेट में हो सकती है बड़ी दुर्घटना मंगलवार को बरवे उच्च विद्यालय में पढ़ने वाले दशवी के छात्रों के लिए एक गंभीर घटना सामने आई, जब छुट्टी होने के बाद वे अपने घर लौट रहे थे। डूमरी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने बच्चों को धक्का मार दिया, जिससे स्कूली बच्चे घायल हो गए। यह घटना सूर्य हॉस्पिटल खोपा टोली के पास हुई, जहां एक छात्र ने गंभीर चोटें झेली। घटना के समय, बच्चे स्कूल से छुट्टी



होने के बाद समूह में घर जा रहे थे। तभी अचानक आई तेज रफ्तार बस ने बिना सावधानी बरते बच्चों की ओर तेजी से बढ़ी और एक छात्र को टकरा दिया। सीधा उपचार के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मदद की। उन्होंने घायल बच्च को पास के एक पेड़ की छांव में लिटा दिया और प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इसके बाद, बच्चे को उसके घर पहुंचाने की व्यवस्था कर दी गई।इस घटना ने लोगों में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि बसों की स्पीड को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह की स्थिति रही, तो भविष्य में और भी गंभीर हादसों का सामना करना पड़ सकता है।

## भरनो में बड़ाईक समाज की सामाजिक एकता पर जोर

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड के दक्षिणी भरनो पंचायत के जतरा बगीचा में रविवार को बड़ाईक समाज की एक अहम सामाजिक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बसंत चिक बड़ाईक ने की। बैठक में समाज की एकता, सम्मान और भविष्य की पीढ़ियों के संरक्षण पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज के सभी लोग एकजुट रहकर सामाजिक हित में कार्य करें और दुख-सुख में एक-दूसरे का साथ निभाएं। विशेष रूप से, यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया कि भरनो प्रखंड में कुछ लोग कभी चिक बड़ाईक बनकर अनुसूचित जनजाति (एसटी) का लाभ लेते हैं, तो कभी सामान्य वर्ग के बड़ाईक बनकर अपनी जमीन बेचते हैं। समाज ने इस प्रकार के दोहरे लाभ उठाने की प्रवृत्ति का कड़ा विरोध किया। सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यह गैर-जिम्मेदाराना रवैया समाज की साख को नुकसान पहुंचा रहा है और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों को भी खतरे में डाल रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ सामाजिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली वृहद बैठक 21 मई 2025 को इसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमें समाज के सभी क्षेत्रीय प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक......................./दिनांक.......................

**आम सूचना**

आप सभी होर्डिंगधारियों/एजेंसियों/संवेदक को सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग बोर्ड अधिष्ठापन हेतु वितीय वर्ष 2025–26 के लिए दर की विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | अधिष्ठापन का स्थान | पंजीकृत होर्डिंग की दर | अधिष्ठापन शुल्क/ | पंजीकरण शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सरकारी | 80 Rs. per sqft. | 30,000/– | 5,000/– |
| 2. | गैर–सरकारी | 25 Rs. per sqft. | 30,000/– | 5,000/– |
| 3. | इलेक्ट्रिक पोल | 200 Rs. per sqft. | 30,000/– | 5,000/– |
| 4. | युनिपोल | 300 per sqft. Both Sides | 30,000/– | 5,000/– |
| 5. | लॉली पोप | 200 per sqft. | 15,000/– | 5,000/– |
| 6. | तोरण पोल (Toran Pole) | 2000 for 3 Days | – | 5,000/– |
| 7. | ट्रैफिक पुलिस बुथ, पार्किंग बुथ, दुग्ध बिक्री बुथ | 200 Rs. per sqft. | – | 5,000/– |
| 8. | वाहन से प्रचार–प्रसार | किसी भी संस्थान/प्रतिष्ठान/व्यवसायी को वाहन से प्रचार–प्रसार करने हेतु प्रति सप्ताह मो0– 5,000/–रू0 का शुल्क कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के धारा– 600 के तहत् मो0– 25,000/– रू0 का जुर्माना लगाया जायेगा। | | |
| 9. | दिवार पेन्टिंग (प्रचार– प्रसार हेतु) | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत दिवालों पर प्रचार–प्रसार हेतु पेन्टिग किया जाता है तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के धारा– 600 के तहत् मो0– 25,000/– रू0 का जुर्माना लगाया जायेगा। | | |

नोट :– सभी होर्डिंगधारी/एजेंसी/संवेदक को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु सभी प्रकार के होर्डिंग/युनिपोल के प्रचार–प्रसार हेतु निम्न नियम एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

1. पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा जिसका शुल्क प्रति वित्तीय वर्ष मो0– 5,000/– रूपये है।
2. कुल दर का 50 प्रतिशत शुल्क अग्रिम भुगतान करना अनिवार्य होगा।
3. कुल दर का 25 प्रतिशत शुल्क का वित्तीय वर्ष के द्वितीय त्रैमासिक (Quarter) में भुगतान करना अनिवार्य होगा।
4. शेष 25 प्रतिशत शुल्क का वित्तीय वर्ष के तृतीय त्रैमासिक (Quarter) में भुगतान करना अनिवार्य होगा।
5. सभी होर्डिंगधारी/एजेंसी/संवेदक अपने अधिष्ठापित होर्डिंग/युनिपोल पर एजेंसी का नाम, पंजीकरण संख्या (जो कार्यालय द्वारा दिया जायेगा), मोबाईल नं0 अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।
6. बिना पंजीकरण/अनुमति के होर्डिंग/युनिपोल/बैनर/तोरण द्वार/दीवाल पेंटिंग आदि प्रचार–प्रसार के लिए लगाए जाते है तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के धारा 602 के अध्याय 19 के तहत् सुसंगत धाराओं में नियत दर का 2 गुणा से 5 गुणा जुर्माना वसुला जायेगा एवं होर्डिंग/युनिपोल/बोर्ड/तोरण द्वार जब्त की जा सकती है।

अतः सभी होर्डिंगधारी/एजेंसी/संवेदक को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना का अनुपालन इस वित्तीय वर्ष में करना सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।


ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350782 (District)25-26*D


# पुलिस ने अवैध हथियार से धमकी देने वाले को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केडेंग में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम केजेंग का निवासी सन्नी पोल खलखो पिता जेवियर खलखो, हथियार लेकर गांव में घूम रहा है और ग्रामीणों को डरा रहा है। सूचना मिलने के बाद, पुलिस ने एक टीम गठित की, जिसमें सशस्त्र बल, थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, एसआई निर्मल राय,हव अमरीका दांगी, हव सुरेश प्रसाद यादव, हव बैजन मुंडा, और चा०आ० लेनदा मुडा शामिल थे। चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने देर शाम सन्नी जय पोल खलखो के घर को चारों तरफ से घेर लिया और आंगन में उसे पकड़ा। पुलिस ने उसे पकड़ने के बाद नाम और पते की जानकारी मांगी, जहां उसने अपना नाम सन्नी जय पोल खलखो बताया। इसके बाद पुलिस ने उससे हथियार से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, पर उसने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया।पुलिस ने उसके पास से एक थासा और एक नलिया बंदूक जप्त की, जो बारूद से भरी हुई थी। चूंकि रात होने के कारण कोई स्वतंत्र साक्षी उपस्थित नहीं था, पुलिस ने हव सुरेश प्रसाद यादव और हव बैजन मुंडा को



स्वतंत्र साक्षियों के रूप में मानते हुए उनके हस्ताक्षर लिए।पुलिस ने सन्नी जय पोल खलखो को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ बिना अनुज्ञप्ति के आग्नेयास्त्र या गोला-बारूद रखने एवं ग्रामीणों को डराने-धमकाने के आरोप में धारा 351 (3) बी. एन. एस. और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया।पकड़े गए व्यक्ति और जप्त किए गए हथियार को लेकर पुलिस वापस थाना पहुंची और अग्रतर कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी चैनपुर को आवेदन प्रस्तुत किया। इस घटना से क्षेत्र में पुलिस की तत्परता और सख्ती की एक बार फिर साक्षात्कार हुई है, जो ग्रामीणों में सुरक्षा का अहसास दिलाने में सहायक होगी।

# मापतोल विभाग का कार्यालय बंद, चेंबर ने जताई कड़ी नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले के व्यापारियों को मापतोल विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। मार्च माह के पहले सप्ताह से ही गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी मापतोल विभाग से कैंप लगाकर लाइसेंस रिनुअल की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग लगातार टालमटोल की नीति अपनाता रहा है।

व्यापारियों का कहना है कि जिनका कार्य सीधे मापतोल विभाग से जुड़ा है, वे रिनुअल के लिए कई बार संपर्क करने का प्रयास कर चुके हैं, लेकिन जिला मुख्यालय में स्थित विभागीय कार्यालय में अब तक किसी भी अधिकारी से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी है। फोन पर एक कर्मचारी द्वारा बार-बार आश्वासन दिया गया कि अधिकारी मिलवाएंगे, लेकिन आज दिनांक 22 अप्रैल (मंगलवार) तक भी यह संभव नहीं हो पाया। आज चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सरजू प्रसाद स्वयं विभागीय कार्यालय पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। तत्पश्चात चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह भी मौके पर पहुंचे, लेकिन उन्हें भी निराशा ही हाथ लगी। राजेश सिंह ने बताया कि यदि समय पर लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हुआ तो विभाग द्वारा पेनल्टी वसूली जाती है, परंतु विभाग की निष्क्रियता के कारण अब व्यापारी नुकसान की कगार पर हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विभाग के अधिकारी कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं, जबकि व्यापारी तेज धूप में कार्यालय का चक्कर काटने को मजबूर हैं। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि मापतोल विभाग की इस लापरवाही की शिकायत उपायुक्त से मिलकर की जाएगी और संबंधित मंत्रालय को भी पत्र भेजा जाएगा, ताकि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इस संदर्भ में जानकारी चेंबर के मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी ने दी है।

# कृषि विज्ञान केंद्र में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला और विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने की। महेंद्र भगत ने कहा कि हर वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण



के प्रति चेतना जगाना और पृथ्वी की रक्षा के लिए व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रयासों को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि यह दिवस पहली बार 1970 में अमेरिका में मनाया गया था और अब 190 से अधिक देशों में यह एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है।

**वैज्ञानिकों ने रखे अहम विचारः**

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने कहा कि पृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली की आधारशिला है। उन्होंने अपील की कि हम सभी को पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त जीवन, जल और ऊर्जा संरक्षण जैसे कार्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं, वैज्ञानिक सुनील कुमार ने बताया कि वृक्षारोपण और जैविक खेती से न केवल पर्यावरण को लाभ मिलता है, बल्कि मृदा की उर्वरता और उसमें कार्बन की मात्रा को भी बढ़ाया जा सकता है, जो सतत कृषि के लिए अत्यंत आवश्यक है।


## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## (आपदा प्रबंधन प्रभाग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य में गर्मी के कारण तापमान में अचानक वृद्धि को देखते हुए ग्रीष्म लहर/लू (Heat Wave) से बचाव के लिए आमजन निम्नलिखित उपाय करें :–

**ग्रीष्म लहर/लू के दौरान क्या करें और क्या न करें**

**क्या करें**

**सभी के लिए आवश्यक**

- स्थानीय मौसम की खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें।
- प्यास न लगने पर भी पर्याप्त पानी पियें।
- अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ORS (ओरल रिहाइड्रेशन सोल्यूशन), घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ, आग में पका आम का शरबत आदि का प्रयोग करें।
- हल्के, हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें।
- अपना सिर ढकें: कपड़े, टोपी या छाते का उपयोग करें।

**नियोक्ता और श्रमिक**

- कार्य स्थल के पास ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएं।
- कर्मचारियों को सीधे सूर्य की रोशनी से बचने के लिए सावधान करें।
- कठिन कामों को दिन के ठंडे समय में करने का कार्यक्रम बनाएं।
- बाहरी गतिविधियों के लिए विश्राम अवकाश की आवृत्ति और अवधि बढ़ाना।
- गर्भवती श्रमिकों और किसी चिकित्सीय समस्या से ग्रस्त श्रमिकों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए।

**अन्य सावधानियाँ**

- जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें।
- अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या सनशेड का प्रयोग करें और रात में खिड़कियां खोलें।
- निचली मंजिलों पर रहने का प्रयास करें।
- पंखे/कूलर/ए.सी. का प्रयोग करें और बार–बार ठंडे पानी से नहाएं।
- यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।
- पशुओं को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त पानी दें।

**लू लगने पर क्या करें**

- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें। अगर तंग कपड़े हों तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलायें।
- व्यक्ति को ORS/नींबू पानी/नमक–चीनी का घोल पीने को दें।
- यदि व्यक्ति पानी की उल्टियाँ करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने व पीने को न दें।
- व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाएँ।

**क्या न करें**

- धूप में बाहर जाने से बचें, विशेषकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच।
- दोपहर के समय बाहर जाते समय अधिक श्रम वाले कार्य करने से बचें।
- नंगे पैर बाहर न जाएं।
- अत्यधिक गर्मी के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के क्षेत्र में पर्याप्त हवा आने के लिए दरवाजे और खिड़कियाँ खोलें।
- शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं।
- उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न खाएं।
- बच्चों या पालतू जानवरों को पार्क किए गए वाहनों में न छोड़ें क्योंकि वे ग्रीष्म लहर/लू से प्रभावित हो सकते हैं।

आपदा प्रबंधन प्रभाग,
झारखण्ड, राँची

PR 348841 Disaster Management(25-26)#D

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

अपनी असहनशीलता एवं प्रतिशोध की भावना से मैं दुराचरण करने वालों के अज्ञान को और अधिक न बढ़ाऊँ। मुझे अपनी क्षमाशीलता, प्रार्थनाओं एवं कोमल प्रेम के अश्रुओं द्वारा उनकी सहायता करने की प्रेरणा दें। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### आधी आबादी के लिए मिथक तोड़ना जरूरी

विज्ञान और ज्ञान कहते हैं कि मान्यताएं समय और शोध के आधार पर बदलनी चाहिए। लेकिन हम अपनी कुरीतियों को अब भी पाले हुए हैं। हम धरती पर बैठकर आसमान में उड़ रहे विमानों तक को काबू कर रहे हैं। इसके बावजूद अब भी हम अपनी दकियानूसी से बाहर नहीं निकल पा रहे। कोयंबटूर (तमिलनाडु) से आए चौंकाने वाले एक वीडियो ने स्तब्ध कर दिया। आठवीं कक्षा की एक छात्रा को माहवारी के कारण अलग बिठाकर परीक्षा दिलाने का मामला सुर्खियों के साथ तूल पकड़ता जा रहा है। सेनगुट्टईपालयम स्थित स्कूल में एक बच्ची सीढ़ियों पर बैठकर परीक्षा देते हुए दिख रही है। वीडियो वायरल होते विरोध शुरू हो गया। घटना ही ऐसी है, जो समाज को झकझोरने के साथ निंदनीय और विचारणीय है। 5 अप्रैल को परीक्षा के समय छात्रा को पीरियड आ गए। स्कूल के संज्ञान में आते ही उसे कक्षा के बाहर परीक्षा देने के लिए मजबूर किया गया। स्कूल ने बचाव में सफाई दी कि परिजन के अनुरोध पर ऐसा किया गया, लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या सब ठीक था और भविष्य में नहीं होगा? 2 नवंबर, 2024 को ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और परिवार कल्याण विभाग ने अध्ययनरत छात्राओं हेतु मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता नीति अर्थात मेन्स्ट्रुअल हाइजीन पॉलिसी मंजूर की। चार महीने बाद ही ऐसी शर्मनाक घटना चर्चा में आ गई। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के कपकोट ब्लॉक में एक गांव पोथिंग है। थोड़ा पहले यह चर्चाओं में तब आया जब यहां की कक्षा 10वीं की कई छात्राओं ने मिलकर इस कुरीति के विरुद्ध न केवल सशक्त आवाज उठाई, बल्कि अपनी बात तार्किक ढंग से रखकर समाज का ध्यानाकर्षण किया। रूढ़िवाद अब भी ऐसा कि इस जेट युग में भी महिलाएं जैसे नर्क भोगती रही हों। धार्मिक स्थानों और घर-रसोई से भी दूर रखा जाता है। इसके लिए अपने स्थानीय कानून हैं। पहली बार माहवारी शुरू होने पर 21 दिनों तक गोशाला में घरेलू पशुओं के साथ, दूसरी बार 15 दिन, तीसरी बार 11 दिन, चौथी बार 7 दिन और पांचवीं बार 5 दिन पुनः गोशाला में अकेले रहना विवशता होती है। घर के शौचालय तक का उपयोग वर्जित है। पीड़िता सुबह जल्दी उठकर ऐसी जगह जाती है, ताकि कोई उसका मुंह न देख पाए। मासिक धर्म पूरा होने पर नदी में तड़के वह भी जाड़े में सिर से नहाना अनिवार्य है। इस दौरान बिस्तर रोज धोना पड़ता है। बड़े-बुजुर्ग अब भी इसे परंपरा बता कुरीतियों का समर्थन करते हैं। कहते हैं कि वे बचपन से इसे मानते और निभाते आए हैं, इसलिए आगे भी यह चलेगा। ऐसा सच केवल देवभूमि उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश यहां तक कि दुनिया में प्रायः हर कहीं देखने-सुनने को मिल जाता है। इसमें मिथक, डर, मनगढ़त गढ़े और डरावने झूठे किस्से होते हैं। मासिक धर्म एक अनिवार्य प्राकृतिक क्रिया है। एक आयु में हर महिला में होनी ही है। उसके, भविष्य में मां बनने का संकेतक है। इस दौरान उसके अंडाशय में परिवर्तन होता है। हार्मोन विकसित होते हैं और आवाज बदलने, मुंहासे आने जैसी सामान्य प्रक्रियाओं के बीच बच्चियां, बचपन से व्यस्कता की ओर बढ़ती हैं, जो एक आयु तक सतत चलती है और अनुकूल परिस्थितियों में गर्भधारण की प्रक्रिया होती है। मानव की उत्पत्ति की इस अहम कड़ी पर ही भ्रांतियां और अविश्वास कैसा? महज भारत में ही नहीं दुनिया के बड़े-छोटे विकसित देश भी कई मिथक पाले बैठे हैं।

*धार्मिक स्थानों और घर-रसोई से भी दूर रखा जाता है। इसके लिए अपने स्थानीय कानून हैं।*

# विश्व पुस्तक दिवस 2025 : पुस्तकें कल्पवृक्ष भी हैं और कामधेनु भी



विश्व पुस्तक दिवस जिसे विश्व पुस्तक कॉपीराइट दिवस भी कहा जाता है, पुस्तक-संस्कृति को बल देने और पढ़ने की प्रवृत्ति के आनंद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाने वाला एक विश्व उत्सव है। हर साल 23 अप्रैल को दुनिया भर में पुस्तकों के दायरे को पहचानने, उसे प्रोत्साहन देने एवं दुनिया को जोड़ने के लिए पुस्तक उत्सव अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी, पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल है। इस अवसर पर, यूनेस्को और पुस्तक उद्योग के तीन प्रमुख क्षेत्रों - प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और पुस्तकालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन, अपने स्वयं के प्रयासों के माध्यम से, दिवस के उत्सवों की प्रेरणा को बनाए रखने के लिए एक वर्ष के लिए विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करते हैं। किताबें, अपने सभी रूपों में, हमें सीखने और खुद को सशक्त रखने का मौका देती हैं। वे हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं, साथ ही दूसरों की दुनिया में झांकने का मौका भी देती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'अपने तरीके से पढ़ें', यह थीम सभी आयु वर्ग के लोगों विशेषतः बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार किताबें चुनने और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ने में आनंद आने का अनुभव कराना और उनकी पढ़ने की आदत को मजबूत बनाना है।

23 अप्रैल विश्व साहित्य में एक प्रतीकात्मक तिथि है। इस दिन कई विश्वप्रसिद्ध लेखकों का जन्मदिवस या पुण्यतिथि होती है। विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेंट्स और जोसेप प्लाया का इसी दिन निधन हुआ था, जबकि मैनुएल मेजिया वल्लेजो और मौरिस डून इसी दिन पैदा हुए थे। यूनेस्कों ने 23 अप्रैल 1995 को इस दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। पैरिस में यूनेस्को की एक आमसभा में फैसला लिया गया था कि दुनियाभर के लेखकों का सम्मान करने, उनको श्रद्धांजली देने और किताबों के प्रति रुचि जागृत करने के लिए इस दिवस को मनाया जाएगा। पुस्तकों को ज्ञान का बाग भी कहा जाता है। यदि कोई इन पुस्तकों से सच्ची दोस्ती कर ले तो यकीन मानिए उसे जीवन भर का ज्ञान और हर समस्या का समाधान कुछ ही समय में मिल जाता है। समस्याओं एवं परेशानी के दौर में पुस्तक दोस्ती का पूरा फर्ज निभाती हैं। पुस्तक का महत्व सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक है, किसी भी युग या आंधी में उसका महत्व कम नहीं हो सकता, इंटरनेट जैसी अनेक आंधियां आयेगी, लेकिन पुस्तक संस्कृति हर आंधी में अपनी उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को बनाये रख सकेगी। क्योंकि पुस्तकें पढ़ने का कोई एक लाभ नहीं होता। पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं तथा सोचने समझने के दायरे को बढ़ाती हैं। किताबों का अस्तित्व खत्म नहीं हो सकता। आधुनिकता की बात करें तो भी यह बात हर वक्त संभव नहीं कि किताबों के स्थान पर लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए।

पुस्तक या किताब लिखित या मुद्रित पेजों के संग्रह को कहते हैं। पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। पुस्तकें हमारी दुष्ट वृत्तियों से सुरक्षा करती हैं और सकारात्मक सोच को निर्मित करती है। अच्छी पुस्तकें पास होने पर उन्हें मित्रों की कमी नहीं खटकती है वरन वे जितना पुस्तकों का अध्ययन करते हैं पुस्तकें उन्हें उतनी ही उपयोगी मित्र के समान महसूस होती हैं। पुस्तकें एक तरह से जाग्रत देवता हैं उनका अध्ययन मनन और चिंतन कर उनसे तत्काल लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तकनीक ने भले ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, पर पुस्तकें आज भी विचारों के आदानप्रदान का सबसे सशक्त माध्यम हैं। महात्मा गाँधी को महान बनाने में गीता, टालस्टाय और थोरो का भरपूर योगदान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व ख्याति दिलाने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, यही कारण है कि उन्होंने पुस्तक संस्कृति को जीवंत करने का अभिनव उपक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम में अनेक बार किया। पुस्तकों में जीवन का रहस्यमय एवं रोमांचक संसार है। इसलिये पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहन देकर ही हम उन्नत संस्कार, संसार एवं सृष्टि का निर्माण कर सकेंगे। किताबों में ही किताबों के बारे में जो लिखा है वह भी बहुत उल्लेखनीय और विचारोत्तेजक है। मसलन टोनी मोरिसन ने लिखा है- 'कोई ऐसी पुस्तक जो आप दिल से पढ़ना चाहते हैं, लेकिन जो लिखी न गई हो, तो आपको चाहिए कि आप ही इसे जरूर लिखें।' शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निःसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने, मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। नरेन्द्र मोदी प्रयोगधर्मा एवं सृजनकर्मा राजनायक हैं, तभी उन्होंने उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। सत्साहित्य में तोप, टैंक और एटम से भी कई गुणा अधिक ताकत होती है। अणुअस्त्र की शक्ति का उपयोग ध्वंसात्मक ही होता है, पर सत्साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करके स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण समाज की संरचना करती है। इसी से सकारात्मक परिवर्तन होता है जो सत्ता एवं कानून से होने वाले परिवर्तन से अधिक स्थायी होता है। यही कारण है कि मोदीजी भारत को बदलने में सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका को स्वीकारते हैं।

पुस्तकें चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन हैं। उत्तम विचारों से युक्त पुस्तकों के प्रचार और प्रसार से राष्ट्र के युवा कर्णधारों को नई दिशा दी जा सकती है। देश की एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाया जा सकता है और एक सबल राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पुस्तकें प्रेरणा की भंडार होती हैं उन्हें पढ़कर जीवन में कुछ महान कर्म करने की भावना जागती है। पुस्तकें कल्पवृक्ष भी है और कामधेनु भी है, क्योंकि इनकी छत्रछाया में मनुष्य अपनी हर मनोकामना को पूरा करने की शक्ति एवं सामर्थ्य पाता है। पुस्तकें अमूल्य है और जन-जन के लिये उपयोगी है, निश्चित ही वे एक नये व्यक्ति और एक नये समाज-निर्माण का आधार भी है। पुस्तकें ही व्यक्ति में सकारात्मकता का संचार करती है। नये मूल्य, नये मापदण्ड, नई योग्यता, नवीन क्षमताएं, आकांक्षाएं और नये सपने- तेजी से बदलती जिंदगी में सकारात्मकता को स्थापित करने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

इंसान घर बदलता है, लिबास बदलता है, रिश्ते बदलता है, दोस्त बदलता है, फिर भी परेशान क्यों रहता है? क्योंकि उसने पुस्तकरूपी कल्पवृक्ष की छाया में बैठना बन्द कर दिया है जबकि इन्हीं पुस्तकों की सार्थक कोशिश होती है कि इंसान बदलें, उसकी सोच बदलें, उसका व्यवहार बदलें लेकिन बदलने की उसकी दिशा सदैव सकारात्मक हो ताकि वह जिंदगी के वास्तविक मायने समझ सके। जब तक इंसान खुद को नहीं बदलता, वह अपनी मंजिल को नहीं पा सकता। मंजिल को पाने एवं जीत हासिल करने के लिए स्वयं का स्वयं पर अनुशासन जरूरी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**ललित गर्ग**

### गांव की सड़कों पर भैंसों का बाईपास

गांव के प्रवेश पर बोर्ड चमक रहा था – "भैंसों के लिए बाईपास उपलब्ध।" यह वही गांव था, जहां कभी सड़कें भैंसों की रफ्तार के हिसाब से बनती थीं, और ट्रक उनकी कृपा से चलता था। गांव वालों ने सोचा, 'भैंसों की संख्या सड़क पर बढ़ने लगी है, कुछ करना होगा। जनता का रास्ता भी कोई चीज़ है।' तब तक भैंसों ने अपने साम्राज्य का ऐलान कर दिया। "हमारे बिना सड़कें सूनी हैं, ट्रैफिक सुस्त है। हमारे धैर्य से सड़कें तनावरहित होती हैं। तो हमारी प्रजा को बाईपास चाहिए।" सरपंच जी ने पंचायत में मुद्दा उठाया। भैंसों का दल, गाड़ियों का दल और 'निर्दलीय कुत्तों' ने साथ में चर्चा की। नतीजा निकला – भैंसों के लिए बाईपास। नया निर्माण हुआ, पर भैंसों ने इसे अपनाने से इनकार कर दिया। "बाईपास में कोई रोमांच नहीं, शहर के बीच से जाना हमारी संस्कृति है। यह हमारी परंपरा के खिलाफ है।" गांव की गाड़ियों ने जवाबी हमला किया। "भैंसों को तुरंत बाईपास भेजें, वरना गांव में गाड़ियों का हड़ताल होगा। हमारी पीठ दर्द कर रही है, और हमारी गियर बॉक्स अब काम नहीं कर रहा।" भैंसों ने अपना स्टैंड बनाए रखा। "हम तो गांव की सड़कों की शोभा हैं। हमारी आवाजाही बिना आपकी गाड़ियां बोरिंग हो जाएगी।" सरपंच ने मध्यस्थता की। "भैंसों के बाईपास पर दौड़ाने के लिए मुफ्त घास उपलब्ध कराएंगे। बाईपास को 'भैंस मनोरंजन पार्क' घोषित करेंगे। गांव का युवा वहां सेल्फी ले सकेगा।" भैंस दल ने संशोधित बाईपास स्वीकारा। लेकिन समस्या अब गांव के लोगों की हो गई। "हमारे सेल्फी स्पॉट पर तो भैंसे कब्जा कर लेंगी। हमारी लाइक बढ़ाने वाली तस्वीरें कहां जाएंगी?" गांव का माहौल गर्म हो गया। "भैंसों के लिए बाईपास? गाड़ियों को दूसरा रास्ता चाहिए! भैंस मनोरंजन पार्क से गाड़ियों की भीड़ हटाओ। हम जहां जाएं, भैंस वहां नहीं आ सकतीं।" भैंसों ने 'भैंस मुक्त पार्किंग क्षेत्र' की मांग रख दी। गांव वालों ने कोर्ट में अपील की, और कोर्ट ने फैसला सुनाया-"भैंसों का अधिकार सुरक्षित है। लेकिन सड़क पर शांतिपूर्ण सह-जीवन जरूरी है।" सरपंच ने बीच का रास्ता निकाला। "सड़कों पर भैंसों के लिए फास्ट लेन और गाड़ियों के लिए धीमा लेन होगा। भैंसों के मनोरंजन पार्क में गाड़ियों के प्रवेश शुल्क लगाएंगे, जिससे मुआवजा भरा जा सके।" लेकिन अब गांव के कुत्ते, जो निर्लिप्त थे, भैंसों के बाईपास पर दौड़ते नजर आए। "हम तो मनोरंजन का हिस्सा बनना चाहते हैं।" गांव के बुद्धिजीवी ने नोट किया – "यह इतिहास का पहला गांव है, जहां भैंसों को बाईपास मिला, गाड़ियां मंद गति पर आईं, और कुत्तों ने नया धंधा शुरू किया। यह गांव अब 'भैंसों का स्वर्ग' कहलाएगा।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# "उत्सव-प्रेमी भारत में मोटापा क्यों बढ़ रहा है?"

भारत एक सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण देश है, जहाँ वर्ष भर उत्सवों की श्रृंखला चलती रहती है। हर माह कोई न कोई पर्व या सामाजिक आयोजन होता ही है। यह हमारी परंपरा, संस्कृति और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक है। परंतु पिछले कुछ वर्षों में इस उत्सवप्रियता का एक ऐसा पहलू उभर कर सामने आया है, जिसने चिंता बढ़ा दी है – और वह है तेजी से बढ़ता मोटापा।

**उत्सवः आनंद या असंयम?**

त्योहारों का उद्देश्य जीवन में उमंग और ऊर्जा भरना होता है। पर आज त्योहारों की परिभाषा स्वादिष्ट व्यंजनों की भरमार, तले-भुने और मीठे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन, देर रात तक जागरण, और फिजिकल एक्टिविटी में भारी गिरावट तक सीमित हो गई है। बाजार में उपलब्ध फास्ट फूड, डिब्बाबंद मिठाइयाँ और प्रिजर्वेटिव से भरे पेय पदार्थों ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

**अत्यधिक पार्टियों की संस्कृति का बढ़ता प्रभाव :** आजकल सिर्फ धार्मिक या पारंपरिक त्योहार ही नहीं, बल्कि जन्मदिन, वर्षगांठ, किटी पार्टी, बेबी शावर, रिटायरमेंट पार्टी और छोटी-छोटी उपलब्धियों को भी बड़े आयोजन की तरह मनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। पहले के जमाने में जहाँ ये समारोह सादगी से मनाए जाते थे, वहीं आज बड़े हॉल, भारी सजावट, बुफे भोजन और फोटोग्राफी के साथ ये भव्य आयोजनों में बदल चुके हैं। राष्ट्रीय पोषण संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2023 तक शहरी बच्चों में 21% और किशोरों में 28% तक अधिक वजन या मोटापे की समस्या देखी गई है। ये आँकड़े हमें सोचने पर मजबूर करते हैं कि आधुनिक जीवनशैली और उत्सवों की बदलती प्रवृत्ति किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित कर रही है।

**शारीरिक निष्क्रियता और आधुनिक जीवनशैली :** भारत में शहरीकरण के बढ़ते प्रभाव ने जीवनशैली को पूरी तरह बदल दिया है। पहले जहाँ लोग खेतों में कार्य करते थे या पैदल चलते थे, आज अधिकतर लोग पूरे दिन कुर्सी पर बैठकर काम करते हैं। बच्चों का खेलना-कूदना मोबाइल और वीडियो गेम तक सीमित हो गया है। त्योहारों के समय यह निष्क्रियता और भी बढ़ जाती है, जब स्कूलों की छुट्टियाँ, देर रात तक टीवी, मोबाइल और सोने-जागने की दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाती है।

मोटापे के दुष्परिणामः
मोटापा केवल एक शारीरिक स्थिति नहीं, बल्कि कई गंभीर बीमारियों का कारण है – जैसे मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, थायराइड विकार और यहां तक कि मानसिक तनाव व डिप्रेशन। यह केवल बड़े-बुजुर्गों तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों और युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहा है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मोटापे की दर पिछले दशक में दोगुनी हो चुकी है।

**मनोवृत्ति में बदलाव की आवश्यकता :** भारत में उत्सवों को दिखावे और भोज से जोड़कर देखा जाने लगा है। मिठाइयों की प्लेट की जगह अब सोशल मीडिया पर तस्वीरों और रील्स ने ले ली है, जिनमें खानपान का दिखावा प्रमुख होता है। हमें यह समझने की जरूरत है कि असली खुशी संतुलित जीवनशैली और अच्छे स्वास्थ्य में है।

**उत्सवों के बाद डिटॉक्सिफिकेशन : शरीर की सफाई का समय**

त्योहारों के बाद शरीर को फिर से संतुलन में लाने और उसमें जमा अपशिष्ट तत्वों को बाहर निकालने के लिए डिटॉक्सिफिकेशन बहुत जरूरी है। नीचे दिए गए उपायों को अपनाकर हम शरीर को फिर से स्वस्थ और ऊर्जावान बना सकते हैं :-

- **1. गुनगुना पानी और नींबू :** दिन की शुरुआत एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर करने से शरीर डिटॉक्स होता है।
- **2. ग्रीन टी और हर्बल चाय :** यह शरीर में जमा वसा को कम करने में सहायक होते हैं।
- **3. फल और सब्जियाँ :** अधिक से अधिक मौसमी फल और हरी पत्तेदार सब्जियाँ खाएं, जो फाइबर से भरपूर होती हैं। ये पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं।
- **4. योग और प्राणायाम :** कपालभाति, अनुलोम-विलोम जैसे प्राणायाम शरीर को अंदर से शुद्ध करते हैं।
- **5. सादा और हल्का भोजन :** खिचड़ी, दाल-सब्जी जैसे हल्के भोजन से पेट को आराम मिलता है और यह पाचन को सुधारता है।
- **6. पर्याप्त नींद और पानी :** रोज़ाना 7-8 घंटे की नींद और 2-3 लीटर पानी का सेवन शरीर को पुनर्जीवित करता है।


**समाज की भूमिका :** मोटापे से निपटने के लिए सिर्फ व्यक्ति नहीं, समाज को भी जागरूक होना पड़ेगा। स्कूलों में हेल्थ एजुकेशन को बढ़ावा देना, माता-पिता को बच्चों के खानपान पर ध्यान देना, और सामाजिक आयोजनों में संतुलित भोजन को प्रोत्साहन देना आवश्यक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सुना बदलता जा रहा ,वक्त , बड़ा बेचैन।
भ्रम होता है दिन हुआ, या कि हो रही रैन।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# पृथ्वी की धमनियां : नदियों का संरक्षण एवं पुनजर्नन जरूरी

पृथ्वी जीवों की जननी है। हमारी प्राचीन सभ्यता के आरंभ से ही धरती की उपासना मातृ देवी के रूप में की जाती रही है। पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है, जो अन्य चार तत्त्व जल, वायु, अग्नि और नभ के साथ मिलकर पंचतत्त्व का निर्माण करती है। इन तत्वों का संतुलन और सामंजस्य जीवन के लिए आवश्यक है। जल जीवन के लिए अति आवश्यक हैं। पानी की अनुपस्थिति से ग्रहों पर जीवन असंभव है। पृथ्वी का नीला ग्रह कहलाना नदियों, समुद्रों, और जल स्त्रोतों की बदौलत है। भारत में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1951 में 5,177 घन मीटर से घटकर 2025 में लगभग 1,500 घन मीटर हो गई है। विश्व बैंक के अनुसार, 2030 तक भारत में जल की मांग आपूर्ति से दोगुनी हो सकती है।

नदियां पृथ्वी की धमनियां हैं, जो जल, जीवन, और समृद्धि को हर कोने तक पहुंचाती हैं। भारत में नदियां केवल जल स्त्रोत नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता की माताएं हैं। आरंभिक मानव सभ्यता यानि सिंधु सभ्यता से ही नदियां पूजनीय रही है। सभी मानवीय सभ्यता का विकास नदी-घाटियों में ही हुआ, जो प्रत्यक्ष रूप से जीवन के लिए जल का महत्त्व दर्शाता है। वर्तमान में जब पूरा विश्व जल संकट से जूझ रहा है, तब भारत देश भी अछूता नहीं रहा है। आने वाले दिनों में भारत मे भू-जल स्तर घटने की समस्या विकट होने वाली है। साथ ही अन्य जल स्त्रोत की स्थिति भी चिंताजनक है और प्रदूषण, अतिक्रमण, और जलवायु परिवर्तन के कारण नदियों अस्तित्व भी खतरे में है।

भारत मे नदियां जीवन का आधार है, और देश की 70% आबादी पीने का पानी एवं कृषि के लिए नदियों पर निर्भर है। देश की नदियां पीने का पानी, सिंचाई, और उद्योगों के लिए जल प्रदान करती हैं। भारतीय नदियां जैव विविधता में भी धनी हैं, जो कई तरह की दुर्लभ प्रजाति की मछलियों, पक्षियों, और अन्य प्रजातियों का घर हैं। गंगा में डॉल्फिन प्रजाति जैसी दुर्लभ जीव-जंतु पाए जाते हैं। देश की आर्थिक तंत्र में नदियों का महत्वपूर्ण योगदान है। नदियां परिवहन, मछली पालन, और पर्यटन के माध्यम से अर्थव्यवस्था को गति देती हैं।

हमारे देश की नदियां सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का भी केंद्र रही है। लेकिन आज मानवीय लापरवाही के कारण नदियां स्वयं के ही प्राण को संकट में लेकर जी रही हैं। अत्यधिक वनों की कटाई, नदी क्षेत्रों पर मानवीय अतिक्रमण और अत्यधिक खनन नदियों के लिए खतरा बढ़ा रहा है। नदी जल स्त्रोतों में प्रदूषण जैसे- औद्योगिक कचरा, सीवेज, और प्लास्टिक नदियों को जहरीला बना रहे हैं। उदाहरण के लिए, यमुना के दिल्ली खंड में जल इतना दूषित है कि वह जीवन के लिए अनुपयुक्त है। जलवायु परिवर्तन समूचे विश्व में गंभीर चुनौती है। जो ग्लेशियरों का पिघलना और अनियमित मानसून बाढ़ और सूखे जैसी प्रकृति त्रासदी का कारण बन रही है। हमारे देश हिमालय से निकलने वाली नदियां विशेष रूप से बाढ़ जैसी विभीषिका आपदा लाती है। नदी क्षेत्रों में अतिक्रमण एवं अवैध खनन से भी बाढ़ और सूखे की समस्या बन रही है, साथ ही वनस्पतियों और जीव-जंतुओं को नुकसान पहुँच रहा हैं। नदी और भू-जल का अत्यधिक दोहन जल संकट का प्रमुख कारण बन रहा है। नदियों पर बाँधों के निर्माण के कारण नदी के प्रकृति प्रवाह में बदलाव आ रहा है, जिससे जल की कमी की समस्या बढ़ रही है। देश की गोदावरी नदी आज इन्ही संकटों से गुजर रही हैं। देश में जल संकट गहराता जा रहा है। कई शहरों में पीने का पानी कम पड़ रहा है, और गाँवों में सिंचाई की कमी से फसलें सूख रही हैं। नदियों का प्रदूषण और सूखना इस संकट को और गंभीर बना रहा है। ऐसे में नदियों को बचाने और जल संकट से निपटने के लिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती हैं। इसके लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता जरूरी हैं।

**कुछ समाधान और सामुदायिक प्रयास :**
नदियों की सफाई और पुनर्जनन-नदियों की सफाई और पुनजर्नन के लिए स्थानीय लोगों में जागरूकता लाना और लोगों की भागीदारी को बढ़ाना। नदी सफाई और पुनजर्नन कार्यक्रम की नियमित निगरानी करना जरूरी है। जल संरक्षण के लिए छोटी नदियों का पुनजर्नन मॉडल तैयार करना एवं नदी तटों पर वृक्षारोपण करना।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**अम्बिका कुशवाहा 'अम्बी'**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# डार्क सर्कल हो या पिंपल्स, बड़े काम की है मुंह की लार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डॉक्टरों के पास शारीरिक बीमारियों का इलाज मौजूद होता है। लेकिन कुछ बीमारियों के इलाज के लिए घरेलू पद्धतियां भी इस्तेमाल की जाती रही हैं, जिन्हें हम घरेलू इलाज कह सकते हैं। इस तरह के इलाज के लिए हर बार डॉक्टर के यहां जाना भी जरूरी नहीं है और हम अपने आस-पास मिलने वाली लाभदायक चीजों को औषधि के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे ही हमारे मुंह में मिलने वाली लार है, जिसका इस्तेमाल हम कई रोगों में कर सकते हैं। रिसर्च में सामने आया है कि मुंह की लार सेहत का भंडार है। इनसे मिलने वाले अनगिनत फायदों के बारे में आइए जानते हैं यहां। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि शरीर के लिए लार बेहद आवश्यक होती है। ऐसे में यदि लार कम बन रही हो तो इसके लिए हमारी रसोई में ही उपाय मिल जाते हैं। कई चीजें हैं जिनका सेवन करते हुए लार बनाया जा सकता है। इसके लिए मेथी, त्रिफला, आंवला के सेवन के साथ ही दातुन के इस्तेमाल से भी लार में वृद्धि होती है। नीम, करंज, बबूल, महुआ, जामुन, कदम्ब, आम, अमरूद, बेल, पीपल, अपामार्ग और बांस इत्यादि के दातुन फायदेमंद होते हैं। आयुर्वेदाचार्य यह भी बताते हैं कि लार बनने की क्षमता किन-किन वजहों से कमजोर हो जाती है।

### सुबह की लार,गुणकारी माना जाता है

इंसानों की लार में ऐसे कई प्रोटीन भी होते हैं, जिससे घाव ठीक हो जाते हैं। सुबह की लार को केवल कील-मुंहासों को हटाने के लिहाज से ही नहीं, बल्कि और भी कई लिहाज से गुणकारी माना जाता है। रिसर्च में यह भी सामने आया है कि सुबह की बासी लार यदि आंखों पर काजल की तरह लगाई जाए, तो इससे आंखों का शुष्कपन खत्म हो जाता है और कई समस्याएं दूर हो सकती हैं।कहते हैं सुबह की लार पेट के लिए भी बेहद लाभदायक होती है। जब आप पानी पीते हैं, तो रात भर मुंह में जमा लार पानी के साथ आपके पेट के अंदर जाता है।





### चेहरे की देखभाल में चमत्कारी है सुबह की लार

मुंह की लार पाचन को बेहतर करने के साथ सेहत के लिए अन्य तरीकों से भी फायदेमंद है। अनियमित दिनचर्या हो या गलत खानपान, प्रदूषण हो या अन्य वजह, चेहरे पर कील-मुंहासे और रूखापन होना आम बात है। ऐसे में सुबह सोकर उठने के बाद मुंह की लार को चेहरे पर लगाने से इन समस्याओं में राहत मिलती है। इसका कारण लार में मौजूद एंटीसेप्टिक गुण हैं, जिससे कील-मुंहासों की समस्याएं दूर हो सकती हैं। स्टडी के अनुसार सलाइवा में लाइसोजाइम एंजाइम होते हैं, जिससे चेहरे पर मुंहासे ठीक हो जाते हैं। खास बात है कि जिन लोगों की स्किन ऑयली होती है, उनके रोम छिद्र जल्दी बंद हो जाते हैं। ऐसे में लार को चेहरे पर लगाने से रोम छिद्र खुलते हैं और तैलीय त्वचा संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं।

## कांग्रेस को अपना चुनाव चिह्न 'हाथ' की जगह 'लुंगी' कर लेना चाहिए : हिमंत

**एजेंसी। असम**



मुख्यमंत्री ने कहा कि अब माहौल बदल गया है और लोगों को 'ओरुनुदोई' जैसी योजनाओं के तहत सीधे उनके बैंक खातों में लाभ मिल रहा है, जो महिलाओं को सशक्त बनाती हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान केवल 'लुंगी' और 'धोती' का मुफ्त वितरण ही विकास का जरिया रहा। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी को अपना चुनाव चिह्न 'हाथ' की जगह 'लुंगी' कर लेना चाहिए। धेमाजी में पंचायत चुनाव रैली को संबोधित करते हुए शर्मा ने दावा किया कि जब से उन्होंने मुख्यमंत्री का पद संभाला है, चार वर्षों में राज्य में शांति, और प्रगति आई है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के शासन में विकास लुंगी, धोती, सूता और अथुवा (मच्छरदानी) बांटने तक सीमित था। वे केवल यही समझते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब माहौल बदल गया है और लोगों को 'ओरुनुदोई' जैसी योजनाओं के तहत सीधे उनके बैंक खातों में लाभ मिल रहा है, जो महिलाओं को सशक्त बनाती हैं। शर्मा ने कहा, ''कांग्रेस को अपना चुनाव चिह्न 'हाथ' से बदलकर 'लुंगी' कर लेना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से चार वर्षों में राज्य में शांति और प्रगति आई है।

## 'वक्फ' कानून पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने की मुसलमानों से चर्चा

**एजेंसी। मुंबई**



वक्फ कानून को लेकर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मुंबई में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान उन्हें वक्फ कानून के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे यह कानून देश के गरीब मुसलमानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। मुंबई में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, "आज मुंबई में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत आम जन से मुलाकात कर संबोधित किया। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर यहां उपस्थित लोगों का उत्साह अत्यंत सुखद है। यह अधिनियम न्याय, पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करता है। मुस्लिम समुदाय के गरीब परिवारों और महिलाओं के विकास के लिए यह कदम मील का पत्थर साबित होगा।"दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को सुनने के बाद मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। बातचीत के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस कानून पर खुशी जाहिर की और पीएम मोदी का आभार जताया।

हाजी पटेल ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि आज यहां पर एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ कानून के बारे में हम लोगों को विस्तार से बताया है। मैं समझता हूं कि केंद्र की मोदी सरकार ने यह ऐतिहासिक फैसला लेते हुए वक्फ में संशोधन किया है।

## घर से नगदी मामला संज्ञेय अपराध न्यायमूर्ति को भी छूट नहीं : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम 'कर्तव्यम्' में नागरिकों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संवैधानिक पद केवल औपचारिक नहीं हैं, प्रत्येक नागरिक की आवाज सर्वोपरि है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुरुवार को उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा इंटर्न के छठे बैच को संबोधित करते हुए सवाल उठाया था कि घर से नकदी मिलने के मामले में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर अभी तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि एक संज्ञेय अपराध में कानून के तहत एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य हैं और संविधान केवल राष्ट्रपति और राज्यपाल को ही इस तरह के मामलों में छूट प्रदान करता है। एक महीना बीत जाने के बाद भी हमें नहीं पता की मामले में क्या जांच हुई है। उपराष्ट्रपति ने इसके अलावा हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर सवाल उठाए थे जिसमें राष्ट्रपति को राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयकों पर विचार के लिए तीन महीने का समय तय किया गया है। सुप्रीम कोर्ट को संविधान की व्याख्या का अधिकार है लेकिन ऐसी कोई स्थिति नहीं हो सकती जहां राष्ट्रपति को निर्देशित किया जा सके और वे भी किस आधार पर। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणि, दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण दिल्ली परिसर के निदेशक प्रकाश सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।




### संविधान जनता के लिए है, संसद सर्वोच्च सत्ता : धनखड़

डीयू के वाइस रीगल लॉज में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में यह भी स्पष्ट किया कि संविधान में संसद से ऊपर किसी भी सत्ता की कल्पना नहीं की गई है। संसद ही सर्वोच्च है और यह स्थिति हर नागरिक के लिए भी लागू होती है। उन्होंने संविधान के मूल तत्वों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम भारत के लोग, संविधान के तहत अपनी आकांक्षाओं और इच्छाओं को अपने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से व्यक्त करते हैं और चुनावों के माध्यम से प्रतिनिधियों को जवाबदेह ठहराते हैं। उन्होंने 1977 में लगे आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उसके लिए लोगों द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री को जवाबदेह ठहराया गया था। इसलिए इस बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि संविधान लोगों के लिए है और इसकी सुरक्षा का दायित्व चुने हुए प्रतिनिधियों का है।

#### युवाओं से राष्ट्र निर्माण में विचारशील भूमिका निभाने का आह्वान

लोकतंत्र में नागरिकों के कर्तव्य पर विचार करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र केवल सरकार द्वारा शासन करने के लिए नहीं है। यह सहभागी लोकतंत्र है, जिसमें केवल कानून ही नहीं, बल्कि संस्कृति और लोकाचार भी शामिल है। नागरिकता केवल स्थिति नहीं, बल्कि कार्रवाई की मांग करती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें समझना होगा कि लोकतंत्र अभिव्यक्ति और संवाद से ही पनपता है। यदि आप सही समय पर सही व्यक्ति से बात करने में हिचकिचाते हैं, तो आप न केवल खुद को कमजोर करेंगे, बल्कि सकारात्मक शक्तियों को भी गहरी चोट पहुंचाएंगे। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि हमारे युवाओं को पक्षपात से ऊपर उठकर विचारशील विचार-विमर्श करना चाहिए।

## वक्फ कानून को लेकर 'माहौल बिगाड़ने' का लगाया आरोप : केशव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस पर वक्फ कानून में हाल ही में किए गए संशोधनों को लेकर देश में माहौल खराब करने का आरोप लगाया। केशव प्रसाद मौर्य ने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी की ओर से आयोजित 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान-2025' कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक का पारित होना देश के इतिहास में संसद द्वारा किए गए कार्यों में से एक है। यह इस देश के 90 प्रतिशत मुसलमानों की भलाई के लिए है। उन्होंने कहा कि जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते थे, वे भी 'सबका साथ और सबके विकास' की राजनीति करें। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पूरे देश में वक्फ कानून को लेकर "माहौल खराब करना" चाहती है। उत्तर प्रदेश में "कांग्रेस के मुख्य दरबारी" और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव राज्य का माहौल खराब करना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल के अंदर ममता बनर्जी राज्य का माहौल खराब कर रही हैं और उनके प्रवक्ता के रूप में अखिलेश यादव काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव में ये सब गायब हो जाएंगे, यहां फिर कमल खिलेगा। वक्फ कानून को मुसलमानों का समर्थन मिल रहा है।

## अमरेली में निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली में मंगलवार दोपहर प्रशिक्षण विमान क्रैश होने की बड़ी घटना सामने आई है। अमरेली के शास्त्री नगर इलाके में एक निजी कंपनी का विमान क्रैश हो गया है। जानकारी के अनुसार, विमान में कुल दो लोग मौजूद थे। विमान उड़ा रहे पायलट की दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्लेन क्रैश होने पर तेज धमाका हुआ और उसमें आग लग गई। इस दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह दुर्घटना मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे गिरिया रोड के पास शास्त्री नगर इलाके में हुई।

## मल्लिकार्जुन खड़गे को बिहार में कोई नहीं जानता है : गोपाल मंडल

**एजेंसी। पटना**

एनडीए में शामिल जनता दल यूनाइटेड के विधायक गोपाल मंडल ने कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बिहार में कौन जानता है। उनके आने से बिहार में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बक्सर में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की सभा में कुर्सियां खाली रहने पर उन्होंने कहा कि जब उनको कोई जानेगा ही नहीं तो कौन उनको सुनेगा। कुर्सी खाली ही रहेगी। राहुल गांधी और सोनिया गांधी को लोग यहां जानते भी हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि बहुत सारे नेता कह रहे हैं कि इस चुनाव में एनडीए को 225 सीट मिलनी तय है, लेकिन मेरा मानना है कि बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 235 सीटों पर एनडीए की जीत तय है और फिर से सरकार एनडीए की ही बनेगी। नीतीश कुमार का फिर से मुख्यमंत्री बनना तय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दरकिनार करके कोई आ ही नहीं सकता। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बिहार की राजनीति में आने को लेकर जदयू विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि वे अपना दबाव बना रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा सीट मिले। उनके पिताजी भी केंद्र में ही थे। बिहार से उनको चुनाव लड़ना ही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### मेरठ में 'नीला ड्रम' बना डर की वजह...

## पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर जहर देने का आरोप, पुलिस ने लिया एक्शन

**एजेंसी। मेरठ**



नदीम नामक युवक ने अपनी पत्नी पर हत्या की साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है. आरोप है कि पत्नी ने कथित प्रेमी के साथ मिलकर उसे जहर दिया और सौरभ हत्याकांड की तर्ज पर जान से मारकर शव को नीले ड्रम में डालने की धमकी दी। मेरठ में एक बार फिर सौरभ हत्याकांड की तरह 'नीले ड्रम' वाली वारदात की परछाई नजर आई है। लोहियानगर निवासी नदीम नामक युवक ने अपनी पत्नी पर हत्या की साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि पत्नी ने कथित प्रेमी के साथ मिलकर उसे जहर दिया और सौरभ हत्याकांड की तर्ज पर जान से मारकर शव को नीले ड्रम में डालने की धमकी दी। पीड़ित नदीम का कहना है कि उसकी पत्नी का एक युवक से प्रेम संबंध है। तीन दिन पहले उसने दवा में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन दिन तक इलाज चला। कुछ के बाद उसे छुट्टी मिल गई। लेकिन नदीम ने घर लौटने से इनकार कर दिया और सीधे थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। नदीम ने दावा किया कि उसकी पत्नी अक्सर उसे जान से मारने की धमकी देती रही है

## गाजियाबाद : दो गाड़ियों की टक्कर के बाद लगी आग

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के वैशाली क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में दो गाड़ियों की टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें झुलसकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना एबीएस कॉलेज के पास हुई, जहां एक खड़ी कार में पीछे से आ रही दूसरी कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय खड़ी कार का चालक स्टेपनी बदल रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई और स्टेपनी बदल रहा व्यक्ति गाड़ी के नीचे फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही वैशाली फायर स्टेशन से दो दमकल वाहन मौके पर भेजे गए। गाजियाबाद के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पॉल ने बताया कि फायर विभाग को दोपहर 2:26 बजे ट्रैफिक पुलिस की ओर से इस दुर्घटना की जानकारी दी गई थी।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने 91 लाख की विदेशी मुद्रा पकड़ी, दो यात्री गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 96,000 यूरो (लगभग 91,72,800 रुपये) की विदेशी मुद्रा तस्करी के मामले में दो भारतीय पुरुष यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की है। दोनों यात्री 20 अप्रैल 2025 को टर्मिनल 3 से फ्लाइट नंबर एसजी-87 के जरिए बैंकॉक जाने की तैयारी में थे। दोनों के खिलाफ विदेशी मुद्रा की तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। एक विशेष सूचना के आधार पर कस्टम अधिकारियों ने यात्रियों को रोका। उनके सामान और व्यक्तिगत तलाशी के दौरान छिपाई गई विदेशी मुद्रा बरामद की गई। पूछताछ में यात्रियों ने स्वीकार किया कि यह मुद्रा अवैध रूप से विदेश ले जाई जा रही थी। बरामद मुद्रा को सीमा शुल्क अधिनियम के संबंधित धाराओं के तहत जब्त किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 104 के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं। बता दें कि 10 अप्रैल को आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के पास से 3.3 किलो कोकीन जब्त की थी। इस कोकीन की कीमत 46.44 करोड़ रुपये बताई गई थी। कोकीन को एन्टेबे (युगांडा) से शारजाह के रास्ते नई दिल्ली लाया गया था। इसका मकसद राष्ट्रीय राजधानी में नशे का जाल फैलाना बताया गया था। गिरफ्तार आरोपी युवक नागरिक फ्लाइट नंबर जी9-463 से यात्रा कर एन्टेबे (युगांडा) से शारजाह होते हुए नई दिल्ली पहुंचा था। एक्स-रे जांच में उसके बैग में कुछ संदिग्ध दिखा था। इसके बाद युवक को तत्काल प्रिवेंटिव रूम ले जाया गया, जहां दो स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उसके सामान की तलाशी ली गई।

## तेजस्वी ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा

**पटना।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को एक बार फिर घेरा है। उन्होंने बिहार में मोदी-नीतीश का महाजंगलराज बताते हुए हाल की घटनाओं का भी जिक्र किया है। इधर, भाजपा और जदयू ने भी पलटवार करने में देरी नहीं की। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर बिहार में आपराधिक घटनाओं की लिस्ट जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यहां हर मिनट में आपराधिक वारदात हो रही है। बेगूसराय में दो युवकों की हत्या, सुपौल में एक व्यक्ति की हत्या, नालंदा में सुखदेव ठाकुर की गोली मारकर हत्या, मुंगेर में 16 वर्षीय युवक को गोली मारी, पटना में जदयू नेत्री सोनी निषाद को गोली मारी, नालंदा में दो महिलाओं की हत्या, पटना में बस ड्राइवर की गोली मारकर हत्या।

## चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को खारिज किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**




चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया बयानों का कड़ा जवाब दिया है, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर आयोग पर समझौतावादी और सिस्टम में कुछ गड़बड़ी का आरोप लगाया था। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में जितने मतदाता मतदान करने आए, राज्य में उतने वयस्क भी नहीं हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को इस संदर्भ में स्पष्ट किया कि सभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार आयोजित किए जाते हैं और उनकी प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता होती है। भारत में जिस पैमाने और सटीकता के साथ चुनाव होते हैं, उसकी दुनिया भर में व्यापक प्रशंसा होती है। आयोग ने कहा, "किसी भी प्रकार की गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि यह लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल गिराती है।"इसके अलावा चुनाव आयोग ने बताया कि सभी निर्वाचन पंजीकरण प्रक्रिया भारतीय संविधान के अनुसार होती है और महाराष्ट्र चुनावों के दौरान केवल 89 अपीलें दायर की गईं, जो यह दर्शाता है कि चुनाव प्रक्रिया के संबंध में किसी भी राजनीतिक पार्टी का गंभीर आरोप नहीं था। आयोग ने कहा कि 1,00,427 मतदान केंद्रों पर 97,325 बूथ स्तर अधिकारियों के साथ-साथ सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा बूथ स्तर के एजेंट नियुक्त किए गए थे। इनमें से 27,099 बूथ स्तर के एजेंट केवल कांग्रेस द्वारा नियुक्त किए गए थे, जो प्रक्रिया की पारदर्शिता को दर्शाता है। चुनाव आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को कांग्रेस को सभी तथ्यों का उत्तर दिया, जो अब आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### चुनाव में अनियमितताओं के आरोप बेबुनियाद सभी दलों को दी गई निर्वाचक सूची

आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में 6,40,87,588 मतदाताओं ने मतदान किया, जो कि औसतन प्रति घंटे 58 लाख वोट थे। आयोग ने कहा कि अंतिम दो घंटे में 65 लाख वोट डालना औसत प्रवृत्तियों से बहुत कम है और यह साबित करता है कि चुनाव प्रक्रिया में कोई अनियमितता नहीं थी। हर मतदान केंद्र पर मतदान राजनीतिक दलों के आधिकारिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवारों ने चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितताओं का कोई ठोस आरोप नहीं लगाया। निर्वाचन पंजीकरण अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के अनुसार निर्वाचन पंजीकरण प्रक्रिया पूरी की जाती है। सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों को अंतिम निर्वाचक सूची की प्रति प्रदान की जाती है, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है।

## पश्चिम बंगाल में हिन्दू डरे हुए हैं, उनको वोट तक नहीं डालने देते : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। बेगूसराय**



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल भाजपा द्वारा हिंदू मतदाताओं के लिए अलग मतदान केंद्र बनाए जाने की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि इस मांग में दम है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि पश्चिम बंगाल में हिन्दू डरे हुए हैं, हिंदुओं को वोट तक नहीं डालने देते हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस मामले को लेकर कहा, "पश्चिम बंगाल भाजपा ने जो मांग की है, वह बताता है कि पश्चिम बंगाल के ममता बनर्जी के नेतृत्व में हिंदू वोटरों को चुनाव में धमकाया जाता है और उन्हें वोट भी डालने नहीं देते हैं। इसलिए पश्चिम बंगाल भाजपा ने जो यह मांग की है, उनकी मांग में दम है। वहां के हिंदू मतदाता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के व्यवहार से डरे हुए हैं। चुनाव आयोग ने अगर स्पेशल एक्शन नहीं लिया तो वहां के वोटरों को, हिंदुओं को बड़ी कठिनाई होगी। इससे पहले भाजपा के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन की मांग की थी। सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि बंगाल में हिन्दूओं को सताया जा रहा है, उनके पास रहने के लिए घर नहीं है। राज्य में चुनाव से पहले हम राष्ट्रपति शासन की मांग करते हैं। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन के अंदर चुनाव कराना चाहिए। बिना राष्ट्रपति शासन के बंगाल में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव नहीं हो सकता है।

## दक्षिण सूडान की सेना ने नासिर काउंटी पर फिर से कब्जा किया



**जुबा (आईएएनएस)**

दक्षिण सूडान पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (एसएसपीडीएफ) ने अपर नाइल के नासिर काउंटी पर फिर से कब्जा कर लिया है। इस शहर को उसने मार्च में व्हाइट आर्मी मिलिशिया के साथ भीषण लड़ाई के बाद खो दिया था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एसएसपीडीएफ के प्रवक्ता लुल रुआई कोआंग ने रविवार को एक बयान में पुष्टि की कि नासिर के प्रमुख कस्बे पर फिर से कब्जा करना उन सैनिकों के लिए सबसे बड़ा उपहार है, जिन्होंने इसकी रक्षा और पुनः कब्जे के दौरान अपनी जान गंवाई। मार्च में नासिर में दक्षिण सूडान की सेना और व्हाइट आर्मी के बीच भीषण लड़ाई छिड़ गई थी। व्हाइट आर्मी एक मिलिशिया है, जिसके बारे में सरकार का दावा है कि वह विपक्षी सूडान पीपुल्स लिबरेशन मूवमेंट-इन-ओपोजिशन से जुड़ी हुई है।

## भारत में एक अनूठी जीवंतता, यहां अनंत संभावनाओं का है अहसास : जेडी वेंस

**जयपुर(हि.स.)**

संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इन दिनों भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को जयपुर में आयोजित एक बिजनेस समिट में उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों, संभावित व्यापार समझौते और भारत की जीवंत संस्कृति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मैंने कई देशों की यात्रा की है, जहां अक्सर एक नीरसता महसूस होती है। लोग एक जैसे बनने की कोशिश करते हैं। बाकी दुनिया की नकल करते हैं, लेकिन भारत में ऐसा नहीं है। यहां एक अनूठी जीवंतता है। अनंत संभावनाओं का अहसास है। नए घर और इमारतें बन रही हैं। जीवन समृद्ध हो रहा है। भारतीय होने का गर्व और भविष्य के प्रति उत्साह यहां हर कदम पर झलकता है।

उन्होंने कहा कि भारत में मेरी पत्नी मुझसे बड़ी सेलिब्रिटी हैं। यह ऐसी यात्रा है जो उनके लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि उनकी पत्नी के माता-पिता यहीं जन्मे थे। भारत की सांस्कृतिक विविधता और विकासशील दृष्टिकोण की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की वास्तुकला, इतिहास और परंपराएं अद्भुत हैं, लेकिन उससे भी अधिक प्रेरणादायक है, यहां का भविष्य के प्रति दृष्टिकोण। भारत की ऊर्जा उसके गौरवशाली अतीत और प्रगतिशील भविष्य के संतुलन में निहित है। उपराष्ट्रपति वेंस ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने बताया कि फरवरी में ट्रंप और मोदी की मुलाकात में कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई, खासकर ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर। उन्होंने भरोसा जताया कि जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

वेंस ने रक्षा सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि अमेरिका भारत के साथ किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक सैन्य अभ्यास करता है। हम अत्याधुनिक तकनीकों के विकास और महान चीजों के निर्माण में मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत इस वर्ष क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है जो एक स्वतंत्र, समृद्ध और शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए वेंस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बेहद टफ नेगोशिएटर हैं। वे भारतीय उद्योग के लिए मजबूती से खड़े रहते हैं और हर शर्त पर देशहित को प्राथमिकता देते हैं। अमेरिका भारत के साथ टेक्नोलॉजी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, डिफेंस, और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और विस्तार देना चाहता है।



### वेंस ने परिवार के साथ आमेर किले का किया भ्रमण



चार दिवसीय भारत दौरे पर आए संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस मंगलवार की सुबह अपने परिवार के साथ जयपुर के ऐतिहासिक आमेर किले पहुंचे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आमेर किले में वेंस का भव्य स्वागत किया। वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, बेटे विवेक, इवान और बेटी मीराबेल भी मौजूद थे। आमेर किले के जलेब चौक में हथिनियां पुष्पा और चंदा ने पारंपरिक शैली में उनका स्वागत किया। साथ ही, लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी, घूमर और कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत कर मेहमानों का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति वेंस को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सुखद प्रवास की शुभकामनाएं दीं, वहीं उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अमेरिका की सेकेंड लेडी उषा वेंस का स्वागत किया।

## पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को वेटिकन ने की घोषणा



**वेटिकन सिटी (हि.स.)।** पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को होगा। वेटिकन ने कहा कि उनके पार्थिव शरीर को कल सुबह सेंट पीटर बेसिलिका में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, ताकि शनिवार को होने वाले उनके अंतिम संस्कार से पहले श्रद्धालु उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। एनबीसी न्यूज और वेटिकन न्यूज के अनुसार, होली सी प्रेस कार्यालय ने मंगलवार को घोषणा की कि पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे सेंट पीटर स्क्वायर में होगा। अंतिम संस्कार की रस्में कार्डिनल कॉलेज के डीन कार्डिनल जियोवानी बैटिस्टा रे की निगरानी में शुरू होंगी। इस दौरान दुनिया भर के पैट्रिआर्क, कार्डिनल, आर्कबिशप, बिशप और पुजारी मौजूद रहेंगे। यूचरिस्टिक उत्सव का समापन अल्टिमा कमेंडेटियो और वेलेडिक्टियो के साथ होगा। यह उत्सव पोप फ्रांसिस की आत्मा की शांति के लिए नौ दिनों के शोक और सामूहिक प्रार्थना की शुरुआत को चिह्नित करता है। इसके बाद पोप के पार्थिव शरीर को सेंट पीटर बेसिलिका और फिर सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में समाधि स्थल पर ले जाया जाएगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब पहुंचे, रवाना होने से पहले कहा

# भारत-सऊदी संबंधों को मिलेगी मजबूती

**बोले पीएम**

- भारत सऊदी अरब के साथ अपने पुराने रिश्तों को बहुत महत्व देता है
- पिछले दस सालों में हमारे आपसी संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़े हैं

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए रवाना हुए। यह यात्रा सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री, महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर हो रही है। अपनी इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी भारत-सऊदी अरब के ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करने के लिए चर्चा करेंगे। यह यात्रा न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि क्षेत्रीय शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने के बाद से भारत और सऊदी अरब के साथ-साथ खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ संबंधों को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में भारत-सऊदी संबंधों ने रणनीतिक गहराई और गति प्राप्त की है। पीएम मोदी की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा है, जबकि उनसे पहले भारत के सभी प्रधानमंत्री पिछले सात दशकों में कुल मिलाकर तीन बार सऊदी अरब गए थे। यह खाड़ी क्षेत्र के किसी देश की भारतीय प्रधानमंत्री की 15वीं यात्रा भी है।



सऊदी अरब रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा, मैं जेद्दा, सऊदी अरब जा रहा हूं। वहां मेरी कई बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल होने की योजना है। भारत सऊदी अरब के साथ अपने पुराने रिश्तों को बहुत महत्व देता है। पिछले दस सालों में हमारे आपसी संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़े हैं। मुझे रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी बैठक में भाग लेने का इंतजार है। मैं वहां भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिलूंगा।

### दोस्ती की ऊंची उड़ान, सऊदी अरब के लड़ाकू विमानों ने मोदी के प्लेन को किया एस्कॉर्ट

**रियाद (आईएएनएस)।** पीएम मोदी के प्लेन की जेद्दा में लैंडिंग से पहले सऊदी एयर स्पेस में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। पीएम मोदी के प्लेन को रॉयल सऊदी वायु सेना के लड़ाकू वीमानों ने एस्कॉर्ट किया। विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया, दोस्ती की ऊंची उड़ान ! पीएम मोदी की राजकीय यात्रा के एक विशेष संकेत के रूप में, उनके विमान को सऊदी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही रॉयल सऊदी वायु सेना ने एस्कॉर्ट किया।

### जेद्दा में 21 तोपों की सलामी देकर किया स्वागत

**नई दिल्ली(हि.स.)।** पीएम मोदी मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब के जेद्दा पहुंचे। वहां उन्हें 21 तोपों की सलामी देकर औपचारिक स्वागत किया गया। इससे पहले एक विशेष सम्मान के तौर पर पीएम मोदी के विमान को जेद्दा में सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में रॉयल सऊदी एयर फोर्स के एफ-15 जेट विमानों द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। पीएम मोदी के जेद्दा पहुंचने पर मक्का के डिप्टी-गवर्नर प्रिंस सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज अल सऊद ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी को किंग अब्दुलअजीज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 21 तोपों की सलामी देकर औपचारिक स्वागत किया गया। जेद्दा के रिट्ज-कार्लटन होटल में प्रधानमंत्री का भारतीय समुदाय द्वारा मोदी-मोदी के नारों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

वहीं, प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में भी पीएम मोदी ने भारत और सऊदी अरब के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों को रेखांकित किया। पीएम मोदी ने अपने बयान में कहा है कि भारत सऊदी अरब के साथ अपने लंबे और ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देता है, जिसने हाल के वर्षों में रणनीतिक गहराई और गति प्राप्त की है। साथ मिलकर, हमने रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी और ठोस साझेदारी विकसित की है।

## ट्रंप प्रशासन को 133 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की कानूनी स्थिति बहाल करने का अदालती आदेश

**वाशिंगटन (हि.स.)**




संघीय न्यायाधीश विक्टोरिया एम. कैल्वर्ट ने ट्रंप प्रशासन को मंगलवार शाम पांच बजे तक 133 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की कानूनी स्थिति बहाल करने का आदेश दिया है। इस संबंध में वादियों ने 18 अप्रैल को जॉर्जिया में यू.एस. डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में गुहार लगाते हुए अस्थायी निरोधक आदेश जारी करने का अनुरोध किया था। अगली सुनवाई गुरुवार को होगी।

मीडिया के अनुसार इस मुकदमे की सुनवाई कर रहे संघीय न्यायाधीश विक्टोरिया एम. कैल्वर्ट ने विद्यार्थियों के अनुरोध पर टीआरओ (अस्थायी निरोधक आदेश) जारी किया है। वादियों ने दावा किया है कि उनकी वैधानिकता को अवैध रूप से रद्द कर दिया गया है। यह मुकदमा जॉर्जिया के उत्तरी जिले में एसीएलयू और अन्य समूहों ने दायर किया है। इन समूहों का दावा किया कि आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने 'अचानक और अवैध रूप से' छात्र और विनिमय आगंतुक सूचना प्रणाली पर रिकॉर्ड समाप्त कर दिए हैं। यह डेटाबेस रिकॉर्ड है। इसका उपयोग होमलैंड सुरक्षा विभाग गैर-आप्रवासी छात्रों की निगरानी के लिए करता है।

मुकदमे में दावा किया गया कि इन अभिलेखों को समाप्त करके आईसीई (आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) विद्यार्थियों को निर्वासित कर रहा है। यह कदम छात्रों को अपनी पढ़ाई छोड़ने और स्व-निर्वासन करने के लिए मजबूर करने के लिए उठाया गया है। कई वादियों पर यातायात उल्लंघन का मामूली आरोप भी लगाया गया। हालांकि बाद में यह आरोप हटा दिए गए।

इस मुकदमे की सुनवाई के दौरान सरकारी वकीलों ने तर्क दिया कि छात्रों को कोई भी राहत देने से कार्यकारी शाखा का 'आव्रजन पर नियंत्रण' प्रभावित होगा। इस तर्क से असहमत न्यायाधीश ने प्रशासन को आदेश दिया कि वह अनुपालन के बारे में अदालत को सूचित करे। कैल्वर्ट ने सरकार को यह भी आदेश दिया कि वह मुकदमे के अलावा किसी भी कारण से वादी की पहचान का उपयोग न करे।

## इसरो के स्पैडेक्स मिशन ने सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इसरो के स्पैडेक्स मिशन ने सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। उन्होंने आगे बताया, "जैसा पहले बताया गया था, पीएसएलवी-सी60/स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2024 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसके बाद सैटेलाइट को पहली बार 16 जनवरी 2025 की सुबह 06:20 बजे सफलतापूर्वक डॉक किया गया और 13 मार्च 2025 की सुबह 09:20 बजे सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया।" डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले दो हफ्तों में कुछ नए प्रयोग किए जाने की योजना है। इस साल जनवरी में स्पैडेक्स मिशन के सैटेलाइट की सफल डॉकिंग के साथ भारत 'स्पेस डॉकिंग टेक्नोलॉजी' में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। डॉकिंग टेक्नोलॉजी को लेकर भारत का नाम अमेरिका, रूस और चीन के बाद आता है। डॉकिंग टेक्नोलॉजी को स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। इसे 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' नाम दिया गया है। इसमें डॉकिंग मैकेनिज्म के जरिए स्पेसक्राफ्ट को एक-दूसरे से जोड़ा जाता है। इस दौरान दोनों एक-दूसरे से कम्युनिकेशन करते हैं और इसके लिए इंटर सैटेलाइट कम्युनिकेशन लिंक (आईएसएल) का इस्तेमाल किया जाता है।



## बांग्लादेश में भूख हड़ताल पर खुलना विवि के छात्र, कुलपति के इस्तीफे की मांग

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश में खुलना यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (केयूईटी) के 32 से अधिक छात्रों की भूख हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। वह कुलपति मोहम्मद मसूद के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत फरवरी में हुई थी, जब केयूईटी में हिंसक झड़पें हुईं। इनमें 100 से ज़्यादा छात्र घायल हो गए थे। अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं का समर्थन करने वाले छात्र संगठनों के बीच छात्र राजनीति पर प्रतिबंध लगाने के मुद्दे पर हिंसक टकराव हुआ। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की छात्र शाखा जातीयोतावादी छात्र दल (जेसीडी) के नेताओं ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) और इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी की स्टूडेंट विंग बांग्लादेश छात्र शिबिर पर केयूईटी परिसर में हमले की शुरुआत करने का आरोप लगाया। बाद में छात्रों ने कुलपति पर परिसर में हुई हिंसक झड़प के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि उन्हें सुरक्षा देने के बजाय प्रशासन ने 22 छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की अनुमति दी और फिर 37 छात्रों को निलंबित कर दिया। स्डूटेंट्स का दावा है कि निलंबित किए गए अधिकांश छात्र हमले के पीड़ित थे। फरवरी के अंत में, केयूईटी अधिकारियों ने अगली सूचना तक विश्वविद्यालय में सभी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सभी आवासीय हॉलों को बंद करने की घोषणा की।



कहानी फिल्म जगत की



## मोहित सूरी ने रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' का किया ऐलान लॉन्च होंगे दो नए चेहरे

'अवारापन', 'आशिकी-2' और 'हमारी अधूरी कहानी' जैसी इमोशनल और रोमांटिक फिल्मों से दिलों को छू लेने वाले मोहित सूरी एक बार फिर प्यार की एक नई कहानी लेकर लौट रहे हैं। इस बार वह यशराज फिल्म्स के साथ मिलकर फिल्म 'सैयारा' बना रहे हैं। इस फिल्म की खासियत यह है कि इसमें दो नए चेहरों को लॉन्च किया जा रहा है। यानी दर्शकों को एक बिल्कुल फ्रेश जोड़ी देखने को मिलेगी, जो बॉलीवुड में अपने सफर की शुरुआत इस खूबसूरत लव स्टोरी से करेंगे। मोहित सूरी की कहानियों में भावनाएं और म्यूजिक दोनों ही खास होते हैं। ऐसे में 'सैयारा' से भी कुछ ऐसा ही जादू देखने की उम्मीद की जा सकती है। मोहित सूरी और यशराज फिल्म्स की साझेदारी में बनी फिल्म 'सैयारा' अब पूरी तरह से सुर्खियों में है। इस रोमांटिक ड्रामा से अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए चेहरों को बॉलीवुड में लॉन्च किया जा रहा है, और फिल्म 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। यह मोहित सूरी और यशराज फिल्म्स का पहला कोलैबोरेशन है, और इस जोड़ी से दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर अक्षय विधानी हैं, जो पहले भी कई चर्चित प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म 'सैयारा' में मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे अहान पांडे और अनीत पड्डा। यह रोमांटिक ड्रामा दोनों कलाकारों के लिए एक खास मील का पत्थर साबित होने वाला है। अहान पांडे इस फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू कर रहे हैं, जो बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे के भाई चिक्की पांडे के बेटे हैं। फिल्मों में आने से पहले अहान कुछ शॉर्ट फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुके हैं।






**खबर का असर**

### मुख्यमंत्री आवास से मात्र आधा किमी की दूरी पर कांके डैम की हालात बद से बदतर

# पैसे के अभाव में रांची की जनता को पानी की किल्लत नहीं होने देंगे : संजय सेठ

### मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और स्पीकर निवास में जाता है कांके डैम का पानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी की जनता को उनके घरों में ही शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध हो इसके लिए पूरे निगम क्षेत्र में जलापूर्ति पाइप के माध्यम से घरों तक पानी का कनेक्शन जोड़ा गया है। पानी की सप्लाई भी की जा रही है लेकिन पानी इतना गंदा होता है कि वह किसी भी लायक नहीं होता कि प्रयोग में लाई जा सके। इस विषय को राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने कई बार प्रमुखता से उठाया है। खबर का असर हुआ है और इसका संज्ञान लेने के लिए रांची के सांसद सह देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांके डैम की स्थिति का निरीक्षण किया और उसकी चरणबद्ध और समयबद्ध साफ सफाई के लिए नगर निगम के अधिकारियों एवं सीसीएल के अधिकारियों के साथ कांके डैम के फिल्ट्रेशन प्लांट और उसके इर्द गिर्द जायजा लिया।

संजय सेठ ने स्थिति देखकर चिंता जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितना जल्दी हो सके एक वर्क प्लान बनाया जाए। श्री सेठ को डैम की स्थिति की जानकारी देते हुए कांके डैम संरक्षण समिति और रांची शहर नागरिक मंच के अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने बताया कि यह डैम चूंकि जल संसाधन विभाग के अंदर आता है लेकिन पानी की जरूरत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग देखता है वहीं नगर निगम इसकी साफ सफाई की व्यवस्था देखता है। इसलिए जब-तक तीनों के बीच एक समन्वय स्थापित नहीं होगी तब एक दूसरे को आरोप देना और काम की लापरवाही तथा गैरजरूरी मानना जारी रहेगा। इसपर संजय सेठ ने सभी विभागों और स्टेक होल्डर की कमिटी बनाने और संयुक्त योजना बनाकर अगले दो महीने में डैम की सफाई और गाद निकालने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि नगर की जनसंख्या बढ़ रही है पानी की समस्या विकराल हो रही है। यही हालत रहे तो रांची की जनता को 15 दिनों के बाद पीने को पानी नहीं मिलेगा। सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिए सुबह में निगम प्रशासक को कहा है कि योजना बनाइए ,पैसे के अभाव में रांची की जनता को पानी की किल्लत नहीं होने देंगे। पैसे की कमी होगी तो हम खड़े हैं।

वहीं तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आवास से मात्र आधा किमी की दूरी पर कांके डैम है और यहां की स्थिति बद से बदतर हो गई है जो आश्चर्यजनक है। यहां का पानी ही मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और स्पीकर के निवास में पीने के लिए जाता है इतने माननीयों को पीने का पानी प्रदुषित अवस्था में मिलना दुर्भाग्यगपूर्ण है। मुख्यमंत्री पूंजी निवेश के लिए विदेश गए हैं वो आते हैं तो बात करता हूं कि योजना बने जिससे रांची की जनता को शुद्ध पीने का पानी मिले। छठ पूजा के लिए अच्छी व्यवस्था हो और हजारों लोग यहां सुबह-शाम टहल सके। वहीं सैकड़ो पेड़ों की कटाई होने पर भी चिंता व्यक्त किए।

अमृतेश पाठक ने जलकुंभी हटाने की कोशिश को तात्कालिक काम बताते हुए सलाह दी की जब तक कांके रोड और रातू रोड पंडरा तक के वैसे नाले जो सीधे तौर पर कचरा पालीथीन मलमूत्र लेकर डैम में पहुंच जाते है उसपर रोक नहीं लगाई जाएगी और एसटीपी नहीं लगाई जाएगी तब डैम का पानी प्रदूषित ही रहेगा और सारा प्रयास बेकार हो जाएगा। मौके पर नगर निगम के उप प्रशासक समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस संबंध में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को राष्ट्रीय नवील मेल के संवाददाता ने बताया कि पूरे नगर में गंदे पानी सप्लाई होने की खबर आ रही है। वहीं पानी को साफ करने का क्लो रीनेटर खराब है। कांके डैम के गोंदा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पिछले छ महीने से क्लोरीनेटर खराब है, वहीं रूक्का डैम के वाटर ट्रीटमेंट में भी चार में से तीन क्लोरीनेटर खराब है। जिस कारण घरों तक पहुंचने वाली सप्लाई पानी से बदबू आती है पीने की बात तो दूर इस पानी से नहाया भी नहीं जा सकता। इस पर श्री सेठ ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की बैठक में इस बात को उठाया जाएगा।

# कांग्रेस वक्फ बिल के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाए : डॉ इरफान अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को आयोजित कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में मंत्री इरफान अंसारी ने अहमदाबाद की ऐतिहासिक रैली का जिक्र करते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और जोश का संचार हुआ है। इस रैली ने स्पष्ट संदेश दिया है कि देश संविधान के साथ खड़ा है, न कि तानाशाही के साथ।

इरफान अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान बचाओ, देश बचाओ का मंत्र पूरे देश के सामने रखा है। भाजपा सरकार द्वारा लगातार संविधान की अनदेखी और न्यायपालिका पर हमले लोकतंत्र के लिए अत्यंत खतरनाक संकेत हैं।

उन्होंने विशेष रूप से वक़्फ़ कानून में प्रस्तावित संशोधन का विरोध करते हुए कहा कि यह अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर सीधा हमला है। झारखंड सहित पूरे देश में अल्पसंख्यक समुदाय इस संशोधन को लेकर भय और असुरक्षा की भावना से ग्रस्त है।

उन्होंने संसद में कांग्रेस सांसदों द्वारा इस मुद्दे पर की गई मुखर बहस की सराहना करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि कांग्रेस पूरे देश में इस संशोधन के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करे।

उन्होंने आग्रह किया कि पूरी कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर एकजुट हो जाए। यह केवल एक धार्मिक नहीं, बल्कि संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई है। कांग्रेस को सबसे आगे रहकर इसकी रक्षा करनी होगी।

## कांग्रेस ने संविधान बचाओ अभियान चलाने का लिया निर्णय

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक की बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की। बैठक में अहमदाबाद में आयोजित एआईसीसी की बैठक में पारित ऐतिहासिक प्रस्ताव के आलोक में विशेष चर्चा हुई। 19 अप्रैल को अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत और पारित प्रस्ताव के तहत कांग्रेस पार्टी ने संविधान बचाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। बैठक में इस अभियान को झारखंड के कोने-कोने तक पहुंचाने, आम जनता को जागरूक करने



और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट संघर्ष करने का संकल्प लिया गया।

### राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक

# विश्व का दूसरा बड़ा संगठन है राष्ट्रमंडल संसदीय संघ : स्पीकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक मंगलवार को हुई।

बैठक की शुरूआत झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह सभापति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा रबीन्द्रनाथ महतो ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य से शुरू की। सीपीए झारखंड शाखा के पूर्व सदस्य कृष्णानंदन झा एंव बच्चा सिंह के निधन पर दो मिनट मौन धारण भी किया गया ।



अध्यक्ष ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की स्थापना एवं संगठन की भूमिका के संबंध में कहा कि वर्ष 1911 में गठित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ 56 देशों का भव्य संगठन बनकर उभरा है जो संयुक्त राष्ट्र संघ के बाद दूसरा सबसे बड़ा संगठन है। सुशासन लोकतंत्र एवं मानव अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए तथा कानून निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है।

अध्यक्ष ने यह भी कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जैसे बड़े संगठन में हम अपनी उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित न होकर, ऐसे सम्मेलन से राष्ट्र की तरक़्क़ी में हम अपनी भागीदारी किस तरह निभा पाएं इस पर भी हमें सोचना चाहिए। आगामी सम्मेलन के संबंध में उन्होंने बैठक में जानकारी दी कि 06 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक सीपीए का 68 वाँ सम्मेलन सम्मेलन बारबाडोस में आयोजित होगी ।

झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सह सचिव राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा माणिक लाल हेम्ब्रम बैठक में वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किए एवं जानकारी दी कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा के सदस्यों की संख्या वर्तमान में 137 है। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरूवा, विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह ,जनार्दन पासवान, नीरा यादव, निरल पूरती, उमाकांत रजक, रामचंद्र सिंह, पूर्व विधायक दिनेश उरांव, शशांक शेखर भोक्ता, पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह सहित सीपीए झारखंड शाखा से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

# बायो गैस के उपयोग से रसोईघर में धुएं की समस्या से मुक्ति मिलेगी : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/गोला।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में आयोजित जल छाजन विकास समिति के कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बायो गैस के उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। वहीं कहा कि इससे रसोईघर में धुएं की समस्या से मुक्ति मिलेगी तथा स्वच्छ ऊर्जा का व्यापक प्रसार होगा। कार्यक्रम में श्रीमती सिंह ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनता से संवाद करते हुए बताया कि झारखंड सरकार जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध ढंग से पहुंचना चाहिए।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बैठक में उपस्थिति दर्ज कराने वाले पदाधिकारियों का निरीक्षण किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आवास योजनाओं में आ रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए शीघ्र सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

कार्यक्रम के उपरांत, मंत्री ने मां छिन्नमस्तिका देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। इस अवसर पर रामगढ़ के विधायक ममता देवी, हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, कांग्रेस नेता शांतनु मिश्रा एवं विधायक प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## सांसद ने कोल इंडिया के निवेश का किया स्वागत

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने डीवीसी के चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन में अत्याधुनिक विस्तार की दो इकाई पावर प्लांट में कोल इंडिया द्वारा 16 500 करोड रुपए का निवेश करने के समझौते का स्वागत किया है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन, बोकारो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता और उनके सब का साथ सबका विकास के साथ सबका विश्वास का लक्ष्य सार्थक हो सका है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया ने दामोदर घाटी निगम द्वारा संचालित सीटीपीएस, बोकारो में 50-50 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी में 16500 करोड़ का निवेश कराने संबंधित ऐतिहासिक समझौता 21 अप्रैल को किया है।

# नदियों पर डैम बनाने से पर्यावरण पर होता प्रतिकूल असर : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/धनबाद।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक और दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता सरयू राय ने कहा है कि नदियों को बांधा नहीं जाना चाहिए। उन्हें बांधने से, उन पर डैम बनाने से पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अब भारत समेत दुनिया भर में नदियों को बांधने पर जबरदस्त विरोध किया जा रहा है। वह आईआईटी (आईएसएम), धनबाद में विश्व पृथ्वी दिवस पर आईआईटी (आईएसएम), युगांतर भारती, मेल-हब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

सरयू राय ने कहा कि नदियों पर डैम बनाने के दुष्परिणाम धीरे-धीरे अब दुनिया के सामने आने लगे हैं और यही वजह है कि अब इनका विरोध दुनिया भर में हो रहा है।



उन्होंने आईआईटी, आईएसएम जैसे संस्थान को प्रकृति के पैथोलॉजिकल टेस्टिंग सेंटर की तरह बताया जहां पर मानवीय गतिविधियों से पृथ्वी और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों का पता चलता है। श्री राय ने कहा कि आज पर्यावरण को सबसे ज्यादा खतरा मानवीय गतिविधियों से ही हो रहा है। यह इंसान ही है, जिसने प्रकृति का अपने हित के लिए दोहन किया और उसकी हालत खराब की।

इसके पूर्व झारखंड में पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में संयुक्त रूप से प्रयास करने के लिए स्वयंसेवी संस्था युगांतर भारती और आईआईटी-आईएसएम धनबाद के बीच एमओयू हुआ। युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण और आईआईटी-आईएसएम धनबाद की तरफ से प्रोफेसर अंशुमाली ने एमओयू किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**गढ़वा की बेटी छाया ने यूपीएससी...**

दुबे ने बताया कि मेरी कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए मेरे भाई श्रवण दुबे ने छाया की पढ़ाई में काफी मदद की। छाया कुमारी के पिता बस में कंडक्टर का कार्य करते थे। फिलहाल कृषि पर निर्भर हैं। माली हालत खराब होने की वजह से आज भी उनका कच्चा मकान है जिसमें वह परिवार के साथ रहते हैं। सुनील दुबे ने बताया कि आज भी उनके ऊपर 10 लाख रुपए का कर्ज है। उन्होंने अपने गांव के पास पड़ोस के लोगों को बीच-बीच में मदद करने की भी बात कही। छाया दो साल तक दिल्ली में रहकर यूपीएससी की कोचिंग व तैयारी की। आर्थिक तंगी के कारण 1 साल पहले वह दिल्ली छोड़कर अपना गांव अकलवानी लौट आई। गांव में ही रहकर यूपीएससी की तैयारी करती रही। सुनील के अनुसार अपने प्रथम प्रयास में ही छाया मात्र कुछ अंक से यूपीएससी क्वालीफाई करने से वंचित रह गई थी, लेकिन उसने अपना हौसला नहीं हारा। लगातार पढ़ाई करती रही। छाया का परिश्रम सफल हुआ और उसने चौथी बार में बीपीएससी की परीक्षा क्वालीफाई की। वर्तमान में वह बिहार के गया जिला में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। छाया की छोटी बहन कृति कुमारी बैंकिंग की पढ़ाई कर रही है, जबकि छोटा भाई अंकित भी दिल्ली में रहकर यूपीएससी का तैयारी कर रहा हैं। छाया के यूपीएससी क्वालीफाई करने की खबर सुनते ही उनके घर पहुंच कर बधाई देने वालों का तांता लग गया है। बधाई देने वालों में छाया के चाचा जोधी दुबे, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, धनंजय मिश्रा, अशोक मिश्रा, विनोद मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, विजय मिश्रा, ज्ञान रंजन मिश्रा, संदीप दुबे, नारायण मिश्रा, प्रदीप सिंह, भरत चौधरी, मुखिया नर्सिंग पासवान, जयराम राम, गुड्डु राम, शिवानिवृत्त शिक्षक राजनाथ दुबे, शशिकांत मिश्रा, सेवानिवृत शिक्षक अर्जुन दुबे, राहुल रंजन, अजीत पाठक, आशीष मिश्रा सहित के नाम शामिल है।

**दुमका के सौरभ को...**

एक न एक दिन अथक प्रयास से मंजिल जरूर मिलती है। माता विभा सिन्हा साधारण गृहणी महिला है। मंगलवार की दोपहर बेटे ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ से फोन कर यूपीएससी परीक्षा पास होने की बात कही, जिसके बाद खुशी का काई ठिकाना नहीं रहा। सौरभ की प्रारंभिक पढ़ाई-लिखाई दुमका से हुई है। उन्होंने इंटरमीडिएट तक ग्रीन माउंट एकेडमी, दुमका में पढ़ाई की है। उसके बाद आईआईटी खड़गपुर से स्कॉलरशिप लेकर इंजीनियरिंग की।

**प्रयागराज की शक्ति...**

वीआईटी, जेएनयू, दिल्ली विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, चिकित्सा विज्ञान और वास्तुकला में स्नातक से लेकर परास्नातक तक है। पहला स्थान हासिल करने वाली शक्ति दुबे ने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक (बी.एससी.) किया है।

दूसरा स्थान हासिल करने वालीं हर्षिता गोयल ने एमएस यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा से स्नातक (बीकॉम) ने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में रखा था। वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक (बी.टेक.) डिग्री धारक डोंगरे अर्चित पराग ने दर्शनशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में रखते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। शाह मार्गी चिराग, जो गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीई हैं, ने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय में लिया था और उन्होंने चौथा स्थान प्राप्त किया। आकाश गर्ग ने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली से कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। उन्होंने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के तौर पर चुना और पांचवां स्थान प्राप्त किया। अनुशंसित उम्मीदवारों में बेंचमार्क विकलांगता वाले 45 व्यक्ति भी शामिल हैं, जिनमें 12 अस्थि विकलांग, 08 दृष्टिबाधित, 16 श्रवण बाधित और 09 बहु विकलांगता वाले हैं। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 16 जून, 2024 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए थे। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा में उपस्थित होने के लिए योग्य हुए, जो सितंबर, 2024 में आयोजित की गई थी। इनमें से 2,845 उम्मीदवार परीक्षा के व्यक्तित्व परीक्षण के लिए चुने गए। अंततः, कुल 1009 उम्मीदवारों (725 पुरुष और 284 महिलाएं) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

**झारखंड आएं, निवेश के लिए...**

तथा बायोटेक में अनुसंधान जैसे विषय चर्चा में शामिल रहे।

**क्या है गीगा फैक्ट्री :** 'गीगा फैक्ट्री' शब्द का पहली बार प्रयोग इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता टेस्ला ने वर्ष 2013 में किया था। यह कैलिफोर्निया में मूल टेस्ला फ्रेंमोंट फैक्टरी के बाहर कंपनी की पहली बड़ी विनिर्माण सुविधा को के बारे में बताता है। वास्तव में 'गीगा फैक्ट्री' वह जगह है, जहां विद्युतीकरण और कम कार्बन पदचिह्न की ओर बढ़ रहे उद्योगों के लिए उत्पाद और घटक निर्मित किए जाते हैं। अब इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य स्वच्छ तकनीक उत्पादों के निर्माण में शामिल अन्य कंपनियों द्वारा भी 'गीगा फैक्ट्री' शब्द अपनाया जाने लगा है। सामान्य रूप से एक विशाल फैक्ट्री को 'गीगा फैक्ट्री' कह सकते हैं, जहां बड़े पैमाने पर बैटरी सेल बनती है, या जहां बड़ी विनिर्माण सुविधा है।

**झारखंड व बिहार में 16..**

जांच में यह बातें स्पष्ट रूप से सामने आईं कि जमीन माफिया और बीएसएल के कर्मियों द्वारा मिलकर जमीन की हेराफेरी की गई थी। इस गड़बड़ी में बीएसएल द्वारा वन विभाग को सही तरीके से जमीन का हैंडओवर नहीं किया जाना बताया गया था। इसके बाद ईडी ने इस मामले में अपनी तफ्तीश शुरू की थी।

**कश्मीर में आतंकी हमला, कई लोगों के...**

खुफिया एजेंसी एलर्ट मोड में, फिर भी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले हुए। इसको लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह हाल के वर्षों में नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन्हीं वीडियो में से एक वीडियो में एक महिला बताती है, मैं यहां पर थी, भेलपुरी खा रही थी, मेरा पति साइड में था, एक इंसान आया और उसने उसको गोली मार दी। उसने बोला कि शायद ये मुस्लिम नहीं है, उसने उसको गोली मार दी। न्यूज एजेंसी पीटीआई द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, साउथ कश्मीर के पहलगाम में हुए इस हमले में कम से कम 20 लोगों के घायल होने व कई लोगों के मारे जाने की खबर है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियोज में दिखाई दे रहा है कि आतंकी घटना वाली जगह पर कई लोग खून से लथपथ और जमीन पर बेसुध पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि महिला पर्यटक रो रही हैं और अपने प्रियजनों की तलाश कर रही हैं। पहलगाम अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि 12 घायल पर्यटकों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, सभी की हालत स्थिर है। एक महिला ने पीटीआई को फोन पर बताया कि उसके पति के सिर में गोली मारी गई। एक टीवी चैनल से बातचीत में एक पर्यटक ने बताया कि हमले के समय घटना वाली जगह पर कम से कम हजार लोग मौजूद थे।

पीएम नरेंद्र मोदी इस समय सऊदी अरब दौरे पर हैं। उन्होंने इस घटना के बारे में जानकारी ली है। गृहमंत्री अमित शाह ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई और कश्मीर गए। इससे पहले, पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह से टेलीफोन पर बातचीत की थी। भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी ने गृह मंत्री से सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने गृह मंत्री से घटनास्थल का दौरा करने को भी कहा है।

पहलगाम में आतंकी हमले की घटना दिन में करीब 03:00 बजे हुई, जब आतंकवादी बैसरन घाटी में पहाड़ से नीचे उतरे और उन पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जो इस जगह पर अक्सर आते हैं। इस जगह को अक्सर अपने लंबे हरे-भरे घास के मैदानों के कारण मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब वर्षों से आतंकवाद से जूझ रहे कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। साथ ही अमरनाथ तीर्थयात्रा भी 3 जुलाई से शुरू होने वाली है।

आतंकवादी बैसरन के आसपास के घने देवदार के जंगल से निकले थे, जो 1980 के दशक में बॉलीवुड फिल्म निमाताओं के लिए एक प्रसिद्ध स्थान था। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम रिसॉर्ट आज दोपहर तक पर्यटकों से भरा हुआ था, जो हमले के तुरंत बाद सुनसान हो गया और पर्यटक अपनी सुरक्षा के डर से वहां से चले गए। प्रमुख पर्यटन स्थल बैसरन उन ट्रेकर्स के लिए एक कैंपसाइट भी है, जो तुलियन झील तक आगे बढ़ना चाहते हैं। पहलगाम से टट्टुओं के माध्यम से इस क्षेत्र तक पहुंचा जा सकता है और रास्ते में पहलगाम शहर और लिद्दर घाटी का मनोरम दृश्य देखा जा सकता है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मृतकों की संख्या का अभी पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमला हाल के वर्षों में नागरिकों पर किए गए किसी भी हमले से कहीं बड़ा है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा कि मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला एक घृणित कार्य है। इस हमले के अपराधी जानवर, अमानवीय और घृणा के पात्र हैं। निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी सहयोगी और मंत्री सकीना इटू से बात की है और वह घायलों के लिए व्यवस्थाओं की देखरेख करने के लिए अस्पताल पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि मैं तुरंत श्रीनगर वापस आ जाऊंगा। एलजी मनोज सिन्हा ने लोगों को आश्वासन दिया कि इस घृणित हमले के पीछे जो लोग हैं, उन्हें सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीजीपी और सुरक्षा अधिकारियों से बात की है। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें इलाके में पहुंच गई हैं और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों को पहलगाम में भर्ती लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया है। एलजी ने कहा कि एक घायल पर्यटक को जीएमसी अनंतनाग ले जाया गया है। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

# जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को विज्डन के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान



**जसप्रीत बुमराह**

को 2024 मे औसत 14.92 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

**नई दिल्ली।** विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14.92 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय में 747 रन के साथ-साथ टी-20 में 763 रन बनाकर शीर्ष पर रहीं। इसके अलावा मंधाना ने पिछले वर्ष रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अपने पहले महिला प्रीमियर लीग का खिताब जिताया था।

### राफेल नडाल को मिला खेल आइकन सम्मान

टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल को उनके शानदार करियर के लिए खेल आइकन सम्मान से नवाजा गया। नडाल ने पिछले वर्ष नवंबर में 38 वर्ष की उम्र में टेनिस से संन्यास लिया था। मैड्रिड में हुए इस भव्य समारोह ने लॉरियस अवॉर्ड्स की 25वीं वर्षगांठ को बेहद खास बना दिया। दुनिया के दिग्गज खिलाड़ियों को एक मंच पर देखना खेल प्रेमियों के लिए भी अविस्मरणीय अनुभव रहा।

### अन्य पुरस्कार विजेता

साल की सर्वश्रेष्ठ टीम : रियल मैड्रिड
साल का सर्वश्रेष्ठ उभरता खिलाड़ी : लामिन यमाल
साल की शानदार वापसी : रेबेका आंद्राडे
विकलांग वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : जियांग युयेन
सर्वश्रेष्ठ एक्शन खेल खिलाड़ी : टॉम पिडकॉक
खेल के माध्यम से समाज सेवा सम्मान : किक फॉर लाइफ



**स्मृति मंधाना**

महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20 एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

# मारक्रम की फिफ्टी, दिल्ली को मिला 160 रन का लक्ष्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का 40वां मैच लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच खेला जा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। दिल्ली ने मोहित शर्मा को टीम में जगह नहीं दी है। उनकी जगह चमीरा को प्लेइंग 11 में रखा है। दिल्ली इम्पैक्ट प्लेयर का फैसला समय आने पर होगा। वहीं लखनऊ ने टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। बहरहाल, लखनऊ ने पहले खेलते हुए ऐडन मारक्रम के अर्धशतक की बदौलत 6 विकेट पर 159 रन बनाए हैं।

**लखनऊ सुपर जायंट्स : 159-6 (20 ओवर)**

लखनऊ को ऐडन मारक्रम ने मिचेल मार्श के साथ मिलकर शानदार शुरूआत दी। मारक्रम ने



33 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए और 11 ओवर में स्कोर 98 तक पहुंचा दिया। मारक्रम की चमीरा ने विकेट लीं। इसके बाद मार्श के साथ निकोल्स पूरन ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। पूरन लगातार दूसरे मैच में फ्लॉप हो गए। वह 5 गेंदों पर 9 रन बनाकर स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हो गए। अब्दुल समद 2 रन बनाकर आऊट हो गए। मार्श ने 36 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाए जबकि आयूष बदोनी ने क्रीज पर आते ही अच्छे शॉट लगाए और 21 गेंदों पर 6 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। वह मुकेश की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद डेविड मिलर ने स्कोर आगे बढ़ाया। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर पंत भी बोल्ड हो गए। लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 159 का स्कोर बनाया। दिल्ली की ओर से मुकेश कुमार ने 4 विकेट लीं।

**मैच के दौरान इन प्लेयरों में टक्कर**

केएल राहुल बनाम डिग्वेश राठीः राहुल को इस सीजन लेग-स्पिनरों ने दो बार आउट किया। राठी की गुगली उनके लिए खतरा।

शार्दुल ठाकुर बनाम अक्षर पटेलः शार्दुल ने पटेल को 6 पारियों में दो बार आउट किया, डीसी के कप्तान पर दबाव डाल सकते हैं।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** एडेन मार्कराम, मिशेल मार्श, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), अब्दुल समद, डेविड मिलर, शार्दुल ठाकुर, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, अवेश खान, प्रिंस यादव

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार

## खराब फॉर्म से जूझ रही सनराइजर्स का सामना जीत की राह पर लौटी मुंबई इंडियंस से

एजेंसी

**हैदराबाद ।** खराब फॉर्म से जूझ रही सनराइजर्स हैदराबाद अपने घरेलू मैदान पर बुधवार को आईपीएल के मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा जबकि खोई लय हासिल करने की राह पर अग्रसर मुंबई जीत का सिलसिला कायम रखना चाहेगी। सात मैचों में दो जीत के बाद सनराइजर्स की स्थिति अच्छी नहीं है । उसके स्टार बल्लेबाजों ने उसे निराश किया जबकि गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर सके हैं। सनराइजर्स को धीमी और टर्निंग पिचों पर दिक्कतें आई है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम दो घरेलू मैच भी हार चुकी है। वानखेड़े स्टेडियम की पेचीदा पिच पर मुंबई ने उसे चार विकेट से हराया और इसी मैच में चुनौतीपूर्ण हालात के सामने उसकी कमजोरियों की कलई खुल गई। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने सपाट विकेटों पर अच्छा प्रदर्शन किया है । मुंबई इंडियंस के खिलाफ अनुकूल पिच पर खेलने से उनके सामने खोई लय हासिल करने का सुनहरा मौका है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी का दारोमदार उसकी सलामी जोड़ी अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड पर होगा। पावरप्ले में उनका कामयाब रहना टीम के लिये बहुत जरूरी है। अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ यहां पिछले मैच में 55 गेंद में 141 रन बनाए थे जो इस आईपीएल में किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। हेड के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव चिंता का सबब है। सनराइजर्स को अपने इस आस्ट्रेलियाई स्टार से बेहतर प्रदर्शन

## प्रसिद्ध कृष्णा को एक खिलाड़ी के रूप में बढ़ते देखना शानदार है : मोर्गन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को आईपीएल 2025 सीजन में अब तक सबसे ज्यादा विकेट लेने के लिए पर्पल कैप हासिल करते देख खुश हैं। 198 रनों का बचाव करते हुए, कृष्णा ने अपने चार ओवरों में 2-25 के आंकड़े दिए, जबकि राशिद खान ने भी इसी तरह के आंकड़े दिए और कोलकाता नाइट राइडर्स को 20 ओवरों में 159/8 पर रोक दिया, जिससे जीटी को ईडन गार्डन्स में 39 रनों से जीत मिली। इस जीत ने उन्हें आठ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर भी पहुंचा दिया। आठ मैचों में 16 विकेट के साथ, 29 वर्षीय खिलाड़ी टूनामेंट में अग्रणी विकेटटेकर है और दूसरे स्थान पर मौजूद कुलदीप यादव के साथ अच्छा अंतर रखते हैं , जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए सात मैचों में 12 विकेट लिए हैं। वह इस समय पर्पल कैप होल्डर है, और उसकी लय लगातार बेहतर होती जा रही है। हम जानते हैं कि उसके पास काम करने के लिए अतिरिक्त गति है, लेकिन आपको खेल के मध्य चरण के दौरान उसके द्वारा लाई गई ताकत की प्रशंसा करनी होगी।



### ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले अजमीना ने पिता को किया याद, बोलीं-

## पापा के लिए खेल रही हूं

एजेंसी

**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा मिडफील्डर अजमीना कुजुर जल्द ही सीनियर टीम में डेब्यू करने जा रही हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। 23 वर्षीय अजमीना ने इस मौके पर अपने पिता को याद करते हुए कहा कि वह अब अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए खेल रही हैं और यही उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह पांच मैचों की सीरीज 26 अप्रैल से पर्थ हॉकी स्टेडियम में शुरू होगी। इसमें भारत दो मुकाबले ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ और तीन मुकाबले ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ खेलेगा। इस दौरे के लिए अजमीना को सीनियर टीम में मौका मिला है और वे इस मौके को पूरी तरह भुनाने के



लिए तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद अजमीना ने एक बयान में कहा, मैं आभारी हूं कि मुझे अब टीम में शामिल किया गया है। दो साल पहले कैंप में थी लेकिन टीम में नहीं आ पाई थी। अब जब मौका मिला है तो अपना 100 प्रतिशत दूंगी।

हालांकि, अजमीना पहली बार भारतीय सीनियर टीम के लिए फील्ड हॉकी खेलने जा रही हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच का अनुभव उनके पास पहले से है।

## एक नजर

### माइकल स्लेटर को 4 साल की जेल की सजा सुनाई गई

**मारूचिडोर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज माइकल स्लेटर को घरेलू हिंसा के कई अपराधों में दोषी पाए जाने के बाद चार साल की जेल-आंशिक रूप से निलंबित- की सजा मिली है। सजा के बावजूद, 55 वर्षीय स्लेटर को रिहा कर दिया जाएगा, क्योंकि 2024 में जमानत खारिज होने के बाद वह पहले ही एक साल से अधिक समय हिरासत में बिता चुका है। 1993 से 2001 के बीच 74 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने वाले स्लेटर को एक महिला का गला घोंटने के दो मामलों सहित सात आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद मंगलवार को मारूचिडोर जिला न्यायालय में सजा सुनाई गई।

### हॉकी इंडिया ने ज्ञान विनिमय सत्र के लिए ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों की मेजबानी की



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सोनीपत स्थित ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों के एक समूह का नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में एक संवाद सत्र के लिए स्वागत किया। जीतेंद्रनाथ मिश्रा (पीएच.डी., भारतीय विदेश सेवा, सेवानिवृत्त)और डिप्लोमैटिक प्रैक्टिस के प्रोफेसर के नेतृत्व में इस दौरे का उद्देश्य शासन और कूटनीति में खेलों की भूमिका के बारे में समझ को गहरा करना था। सत्र के दौरान हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने छात्रों से संवाद किया और कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इनमें संघ का आंतरिक शासन, भारत की वैश्विक हॉकी में उपस्थिति, अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के साथ संबंध, लिंग समानता के लिए समर्थन, गरीब खिलाड़ियों के लिए सहायता और भारतीय हॉकी में जमीनी स्तर पर विकास शामिल थे। इस प्रकार की पहलों के माध्यम से हॉकी इंडिया शैक्षिक कार्यक्रमों का समर्थन करता है जो समाज में खेलों की भूमिका पर चर्चा और सीखने को बढ़ावा देते हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### फ्लिपकार्ट आईपीओ से पहले अपना मुख्यालय सिंगापुर से भारत में करेगा स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट भारत में घर वापसी की तैयारी कर रही है। देश की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों में से एक फ्लिपकार्ट कई सालों तक सिंगापुर में परिचालन करने के बाद अब अपना मुख्यालय सिंगापुर से वापस भारत ला रही है। क्योंकि वह अगले साल भारतीय शेयर बाजार में आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि वह अपना मुख्यालय सिंगापुर से भारत में स्थापित करेगी। इस कदम को देश में संभावित सार्वजनिक सूचीबद्धता की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा सकता है। इसकी मूल कंपनी वॉलमार्ट 17 साल पुरानी कंपनी को सार्वजनिक करने का लक्ष्य बना रही है। वर्तमान में फ्लिपकार्ट का मुख्यालय सिंगापुर में स्थित है।

### लखटकिया हुआ सोना, देश-दुनिया में सोना ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी चिंता के कारण देश और दुनिया में सोने की कीमत में तेजी का दौर लगातार जारी है। भारत के मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना आज अपने सर्वोच्च स्तर 1,00,116 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना आज पुराने सभी रिकॉर्ड्स को ध्वस्त करते हुए 3,500 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गया। आज दिनभर के कारोबार के दौरान सोना पहली बार तीन प्रतिशत जीएसटी जोड़ने के बाद 1 लाख रुपये के स्तर को पार करके 1,00,116 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। वहीं, वायदा बाजार में एमसीएक्स पर सोना 1.76 प्रतिशत उछल कर 98,991 रुपए के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। सोने की तरह वायदा बाजार में एमसीएक्स पर चांदी 0.62 प्रतिशत की छलांग लगा कर 95,840 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। वहीं, जीएसटी समेत चांदी की कीमत 98,715 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही।

## प्रदूषण और सड़क हादसे कम करने में बच्चे निभाएं सामाजिक जिम्मेदारी : नितिन गडकरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सड़कों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने कई पहल शुरू की हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स और केंद्रीय विद्यालय संगठन ने मिलकर 'एसआईएम-केवीएस रोड सेफ्टी ऑनलाइन एजुकेशन प्रोग्राम' आयोजित किया।

राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली कैंट स्थित केंद्रीय विद्यालय 2 में मंगलवार को आयोजित हुए इस विशेष प्रोग्राम के तहत रोड सेफ्टी लर्निंग मॉड्यूल 'सुरक्षित सफर' को लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम का हिस्सा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी रहे।

यहां बच्चों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, आने वाला समय हाइड्रोजन का है। हमें ऊर्जा को आयात करने वाला नहीं, निर्यात करने वाला देश बनना है। देश की राजधानी में प्रदूषण और सड़क हादसों को कम करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। इन दोनों ही मुद्दों से निपटने के लिए आप जैसे बच्चों द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता दिखाए जाने की जरूरत है।

कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि देश में सड़क सुरक्षा एक जरूरी मुद्दा है, जिसे देखते हुए एनसीईआरटी देश में एक नया करिकुलम और टेक्स्ट बुक बना रही है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए अपनी



जिम्मेदारी और भूमिका बढ़ा रहे हैं। आने वाले समय में पहली से 12वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा को लेकर पाठ्य सामग्री को तैयार किया जाएगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आगे कहा, "जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि सड़क सुरक्षा बेहद जरूरी है और इसे जन-आंदोलन में परिवर्तित करना होगा। हम उन्हीं के विजन के अनुरूप काम कर रहे हैं।"

इस कार्यक्रम में सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के कार्यकारी निदेशक प्रशांत के. बनर्जी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश के विकास में सड़क सुरक्षा एक बड़ी परेशानी बनी हुई है और इस परेशानी को खत्म करने के लिए जनरेशनल चेंज की जरूरत होगी।

### जेफरीज ने हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो के टारगेट प्राइस में की कटौती

**नई दिल्ली।** वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने आगामी वर्षों में दोपहिया वाहन इंडस्ट्री के कमजोर आउटलुक का हवाला देते हुए मंगलवार को हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो की रेटिंग घटा दी। जेफरीज की ओर से हीरो मोटोकॉर्प को अंडरपरफॉर्म की रेटिंग दी गई है, जबकि बजाज ऑटो को होल्ड की रेटिंग दी गई है। जेफरीज ने हीरो और बजाज ऑटो के टारगेट प्राइस में भी बड़ी कटौती की है। हीरो मोटोकॉर्प के लिए टारगेट प्राइस को 37 प्रतिशत घटाकर 3,200 रुपये कर दिया गया है, जो पहले 5,075 रुपये था। बजाज ऑटो के लिए टारगेट प्राइस को 28 प्रतिशत घटाकर 10,550 रुपये से 7,500 रुपये कर दिया गया है। जेफरीज का मानना है कि वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के लिए दोपहिया वाहन इंडस्ट्री में कुल वॉल्यूम वृद्धि अपेक्षा से धीमी रहेगी, जिससे कंपनियों के ग्रोथ अनुमान को कम किया जा रहा है हालांकि, वैश्विक ब्रोकरेज फर्म ने वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2028 के बीच दोपहिया वाहन इंडस्ट्री के लिए 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर का अनुमान जारी किया है। जेफरीज ने हीरो और बजाज ऑटो के आय अनुमान में क्रमशः 11 प्रतिशत और 5 प्रतिशत की कटौती की है।

वर्तमान में, बजाज ऑटो पर नजर रखने वाले 44 विश्लेषकों में से 30 ने इसे खरीदने की रेटिंग दी है, जबकि सात-सात ने इसे होल्ड या बेचने की रेटिंग दी है।

हीरो मोटोकॉर्प पर 42 में से 25 विश्लेषकों ने इसे खरीदने की रेटिंग दी है, 10 ने इसे होल्ड करने की सलाह दी है और सात ने इसे बेचने की रेटिंग दी है। मंगलवार को बजाज ऑटो के शेयर 1.36 प्रतिशत गिरकर 8,135 रुपये पर बंद हुआ, जो इसके 2024 के उच्चतम स्तर 12,774 रुपये से 36 प्रतिशत कम है।

## आरबीआई ने बैंकों के लिए नई एलसीआर गाइडलाइंस जारी की

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नई लिक्विडिटी कवरेज रेशियो (एलसीआर) गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसके तहत बैंकों को 1 अप्रैल, 2026 से इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग-इनेबल्ड रिटेल और स्मॉल बिजनेस कस्टमर डिपॉजिट पर 2.5 प्रतिशत का अतिरिक्त रन-ऑफ रेट आवंटित करना होगा। बैंकों को लिक्विडिटी एडजस्टमेंट फैसिलिटी (एलएएफ) और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) के तहत मार्जिन आवश्यकताओं के अनुरूप सरकारी प्रतिभूतियों (स्तर 1 एचक्यूएलए) के बाजार मूल्य को भी एडजस्ट करना होगा।

इसके अलावा, नई गाइडलाइंस में अन्य कानूनी संस्थाओं से होलसेल फंडिंग की संरचना को भी तर्कसंगत बनाया गया है। नतीजतन, ट्रस्ट (शैक्षणिक, धर्मार्थ और धार्मिक), पार्टनरशिप, एलएलपी आदि जैसी गैर-वित्तीय संस्थाओं से फंडिंग पर वर्तमान में 100 प्रतिशत की तुलना में 40 प्रतिशत की कम रन-ऑफ रेट लागू होगी। आरबीआई ने बयान में कहा, संशोधित गाइडलाइंस 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगी। इससे बैंकों को एलसीआर कैलकुलेशन के लिए अपने सिस्टम को नए मानकों में परिवर्तित करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

रिजर्व बैंक ने 31 दिसंबर, 2024 तक बैंकों द्वारा दिए गए आंकड़ों के आधार पर उपरोक्त उपायों का प्रभावी विश्लेषण किया है। यह अनुमान लगाया गया है कि इन उपायों के प्रभाव से उस तिथि तक बैंकों के एलसीआर में समग्र स्तर पर लगभग 6 प्रतिशत अंकों का सुधार होगा।

इसके अलावा, सभी बैंक न्यूनतम एलसीआर आवश्यकताओं को आराम से पूरा करना जारी रखेंगे। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, उम्मीद है कि ये उपाय भारत में बैंकों की तरलता बढ़ाएंगे।

आरबीआई के बयान में कहा गया है कि बैंकों की ओर से दिए गए फीडबैक की सावधानीपूर्वक जांच करने के बाद अंतिम एलसीआर गाइडलाइंस जारी की गई हैं। लिक्विडिटी कवरेज अनुपात बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति द्वारा विकसित एक रेगुलेटरी स्टैंडर्ड है। इसके लिए बैंकों को उच्च गुणवत्ता वाली लिक्विड संपत्तियों का एक बफर रखने की आवश्यकता होती है, जो 30 दिन के तनाव परिदृश्य में शुद्ध कैश आउटफ्लो को कवर कर सके।